RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 160
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 18 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

मोदी लहर है
मोदी लहर
रहेगी
राष्ट्रीय-10

पांच सदी बाद हुआ रामलला का सूर्यतिलक

बिस्वजीत बनर्जी। अयोध्या

एक अभूतपूर्व घटना में बुधवार सुबह ठीक 11.58 बजे दिव्य सूर्य की रोशनी राम लला के माथे पर पड़ी, जो सूर्य अभिषेक अनुष्ठान की शुरुआत की प्रतीक थी। पवित्र शहर अयोध्या में हर्षोल्लास के बीच चार मिनटों तक यह मनमोहक और दिव्य दृश्य चला। अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक दर्पण और लेंस से युक्त एक विस्तृत तंत्र के माध्यम से किया गया। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित सत्येन्द्र दास ने कहा, यह भगवान राम के सभी भक्तों के लिए एक असाधारण क्षण है। सूर्य अभिषेक सदियों की लालसा के बाद भगवान राम की जन्मभूमि पर बरसाए गए दिव्य आशीर्वाद का प्रतीक है। सूर्य तिलक, राम लला के माथे पर सुशोभित एक दीप्तिमान चिह्न, भगवान राम के जन्म और गहन आध्यात्मिक आकांक्षा की प्राप्ति के एक मनमोहक प्रतीक के रूप में कार्य करता है।

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), रूड़की के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक के अनुसार, तिलक का नियोजित आकार 58 मिमी था। उन्होंने बताया कि माथे के केंद्र पर तिलक की सटीक अवधि लगभग तीन से साढ़े तीन मिनट थी, जिसमें दो मिनट की पूर्ण रोशनी थी। अत्याधुनिक वैज्ञानिक विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए, रामलला के माथे पर 5.8 सेंटीमीटर प्रकाश की किरण निर्देशित की गई। इस उल्लेखनीय घटना को क्रियान्वित करने के लिए एक विशेष उपकरण सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था। राम मंदिर में तैनात दस प्रतिष्ठित भारतीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने सावधानीपूर्वक राम नवमी पर इस शुभ आयोजन की सफलता सुनिश्चित की। लगभग 3 से 3.5 मिनट तक दोपहर 12 बजे से ठीक पहले दर्पण और लेंस के संयोजन का उपयोग करके सूरज की रोशनी को मूर्ति के माथे पर सटीक रूप से केंद्रित किया गया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर ने कहा, राम नवमी पर अयोध्या में राम लला की मूर्ति के माथे को सूर्य तिलक से सजाने की यह परंपरा अब एक वार्षिक अनुष्ठान बन जाएगी। हालांकि, मंदिर के चल रहे निर्माण के कारण, सूर्य तिलक बनाने के लिए जिम्मेदार ऑप्टिकल तंत्र के डिजाइन में समायोजन की आवश्यकता होगी।

इस घटना से पूरे देश में हर्षोल्लास फैल गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में साझा किया, मेरी नलबाड़ी रैली के बाद मैंने राम लला पर सूर्य तिलक देखा। लाखों भारतीयों की तरह, यह मेरे लिए एक गहरा भावनात्मक क्षण है। अयोध्या में भव्य राम नवमी उत्सव ऐतिहासिक है। यह सूर्य तिलक हमारे जीवन को ऊर्जा से भर दे और हमारे राष्ट्र को गौरव की (शेष पेज 9)

पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार समाप्त

राजेश कुमार। नई दिल्ली

21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की 102 संसदीय सीटों पर पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान, जहां 19 अप्रैल को मतदान होगा, बुधवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। अंतिम दिन चुनाव प्रचार में तेजी रही और पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए अंतिम क्षण में भी प्रयास किया। लू की स्थिति और गरज और बिजली के साथ असमय बारिश ने इस चरण में चुनाव प्रचार को प्रभावित किया था। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया, रैलियों को संबोधित किया और रोड शो किए तथा इस बात पर जोर दिया कि वह 2014 में आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी के साथ लोगों के पास गए। कई बार उन्होंने कहा पूरे देश में मोदी की गारंटी है और मैं इन सभी गारंटी को पूरा करने की गारंटी दे रहा हूं। मोदी ने असम के नलबाड़ी और त्रिपुरा के अगरतला में दो चुनावी रैलियां कीं और पूर्वोत्तर राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी ने पूर्व को लूटो नीति अपनाई है जबकि भाजपा ने (शेष पेज 9)

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश	लोकसभा क्षेत्र
अंडमान निकोबार द्वीप	अंडमान निकोबार द्वीप
अरुणाचल प्रदेश	अरुणाचल प्रदेश ईस्ट, अरुणाचल प्रदेश वेस्ट
असम	डिब्रूगढ़, जोरहाट, काजीरंगा, लखीमपुर, सोनितपुर
बिहार	औरंगाबाद, गया, जमुई, नवादा
छत्तीसगढ़	बस्तर
जम्मू और कश्मीर	उधमपुर
मध्य प्रदेश	छिंदवाड़ा, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, सीधी, शहडोल
महाराष्ट्र	नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा–गोंदिया, गढ़चिरौली–चिमूर, रामटेक
मणिपुर	भीतरी मणिपुर, बाहरी मणिपुर
मेघालय	शिलांग, तुरा
मिजोरम	मिजोरम
नगालैंड	नगालैंड
पुडुचेरी	पुडुचेरी
राजस्थान	गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर
सिक्किम	सिक्किम
तमिलनाडु	तिरुवल्लुर, चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, श्रीपेरुम्बुदूर, कांचीपुरम, अराक्कोनम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, धर्मपुरी, तिरुवन्नमलाई, अरणी, विलुप्पुरम, कल्लाकुरिची, सलेम, नामक्कल, इरोड, तिरुप्पुर, नीलगिरी, कोयंबटूर, पोलाची, डिंडीगुल, करूर, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलुर, कुड्डालोर, चिदम्बरम, मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, तंजावुर, शिवगंगा, मदुरै, थेनी, विरुधुनगर , रामनाथपुरम, थूथुकुडी, तेनकासी, तिरुनेलवेली, कन्नियाकुमारी
त्रिपुरा	त्रिपुरा पश्चिम
उत्तराखंड	टेहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोडा, नैनीताल–उधमसिंह नगर, हरिद्वार
उत्तर प्रदेश	पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनोर, नगीना, मोरादाबाद, रामपुर
पश्चिम बंगाल	कूचबिहार, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी

भारी बारिश से दुबई में सब ठप

दुबई में भारी बारिश के बाद अधिकांश मुख्य सड़कें बाढ़ के पानी में डूब गईं। बहुत से लोगों को अपने वाहनों को छोड़ना पड़ा।

एपी/पीटीआई। दुबई

रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को भारी जलभराव का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में बाढ़ जैसे हालात बनने से बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं।

सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक, मंगलवार को हुई बारिश एक ऐतिहासिक मौसमी घटना है, जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि, पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। माना जा रहा है कि क्लाउड सीडिंग भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। कई रिपोर्ट में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानियों के हवाले से कहा गया है कि बारिश से पहले छह या सात क्लाउड सीडिंग उड़ानें भरी गई थीं। यूएई अपने घटते, सीमित भूजल को बढ़ाने के लिए क्लाउड सीडिंग का सहारा लेता है। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, बारिश सोमवार देर रात से शुरू हुई जिसके बाद लगभग 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों पर जलभराव हो गया। इसके बाद मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे के आसपास तेज आंधी आई और फिर ए पूरे दिन जारी रही। इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मंगलवार के अंत तक, 24 घंटों में 142 मिलीमीटर से अधिक बारिश ने दुबई में बाढ़ जैसे हालात बना दिए।

एक दंपति ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बुधवार को बताया कि हवाई अड्डे पर स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा, आपको टैक्सी नहीं मिल सकती। मेट्रो स्टेशन पर लोग सो रहे हैं। हवाई अड्डे पर लोग सो रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी से टकराव की ओर ममता बनर्जी

–टीएमसी का घोषणापत्र–

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

छिटक रहे अल्पसंख्यक मतदाताओं को अपने पाले में फिर खींचने की मंशा से बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र के माध्यम से वादा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आता है तो संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को खत्म कर दिया जाएगा। टीएमसी के चुनाव घोषणापत्र को जारी करते हुए वरिष्ठ नेता और बंगाल के पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा ने दीदी के शपथ (वादों) का हवाला देते हुए कहा, अगर टीएमसी इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में सत्ता में आती है तो वह सीएए को रद्द कर देगी, एनआरसी को खत्म कर देगी।

सिलचर, असम में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के चार उम्मीदवारों के समर्थन में यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटते हैं तो देश में लोकतंत्र नहीं बचेगा और चुनाव नहीं होंगे। बनर्जी ने दावा किया कि जब वह एनआरसी को लेकर दोनों राज्यों (असम-पश्चिम बंगाल) के बंगाली लोगों के समर्थन में पश्चिम बंगाल में आंदोलन कर रही थीं तो असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पुलिस में कई मामले दर्ज कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी सभी धर्मों से प्यार करती है और नहीं चाहती कि धार्मिक आधार पर लोगों के बीच भेदभाव हो।

कोलकाता में बुधवार को पार्टी के घोषणापत्र को जारी करते टीएमसी नेता अमित मित्रा. डेरेक ओ ब्रायन और चंद्रिमा भट्टाचार्य।

बनर्जी ने रैली में कहा, अगर इंडिया गठबंधन जीतता है, तो एनआरसी, सीएए और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू नहीं होगी। हम सभी भेदभावपूर्ण कानूनों को रद्द कर देंगे। रैली में बनर्जी ने कहा, अगर मोदी दोबारा जीते, तो लोकतंत्र नहीं रहेगा और कोई चुनाव नहीं होगा। पूरा देश बेच दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से लोकसभा चुनाव में असम में टीएमसी के सभी चार उम्मीदवारों के लिए वोट करने की अपील की और घोषणा की कि उनकी पार्टी 2026 के राज्य विधानसभा चुनाव में सभी 126 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बनर्जी ने कहा, यह सिर्फ एक ट्रेलर है...फाइनल अभी बाकी है। मैं फिर आऊंगी। सिलचर निर्वाचन क्षेत्र में राधाश्याम विश्वास के अलावा, टीएमसी ने कोकराझार, बारपेटा और लखीमपुर से क्रमशः गौरी शंकर सरनिया, अबुल कलाम आजाद और घाना कांता चुटिया को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने नवरात्र के दौरान मांसाहारी व्यंजन खाने वालों को निशाना बनाने के लिए भी भाजपा की आलोचना की और कहा कि किसी व्यक्ति का निर्णय है कि वह क्या पसंद करता है।

टीएमसी सुप्रीमो ने मणिपुर में जातीय हिंसा का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी अकेले ही भाजपा से लड़ रही है। बनर्जी ने कहा, कांग्रेस और माकपा बंगाल में भाजपा का समर्थन कर रही हैं। लेकिन हम देश के बाकी हिस्सों में इंडिया गठबंधन के साथ हैं... वे (भाजपा) हमें डराने की कोशिश करेंगे, पैसे का लालच देंगे। भाजपा के 400 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य का उपहास उड़ाते हुए बनर्जी ने कहा, पहले आप 200 सीटें जीतने का प्रयास करें...मुझे लगता है कि वे बुरी तरह हारेंगे।

तृणमूल ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, "हम दलबदल विरोधी कानून के प्रावधानों को अधिक स्पष्ट और तत्काल लागू करने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन करेंगे। घोषणापत्र में यह भी जिक्र किया गया है कि भारत में 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है और अगले दौर की जनगणना कराई जाएगी। घोषणापत्र में यह सुनिश्चित करने का वादा किया गया है कि देश की न्यायपालिका राजनीतिक दबावों या प्रलोभनों से मुक्त रहे। पार्टी ने रेल बजट को केंद्रीय बजट से अलग करने और देश की कुल जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का पांच प्रतिशत शिक्षा के लिए आवंटित करने का वादा किया। पार्टी ने गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों के लिए घर पर राशन और 10 मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का भी वादा किया।

बिहार में एनडीए व इंडिया गुट ही नहीं नीतीश के लिए भी परीक्षा है लोस चुनाव

दीपक कुमार झा। पटना

सभी चुनावों की तरह 2024 का लोकसभा चुनाव अतीत की तुलना में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, लेकिन इस बार बिहार की 40 संसदीय सीटों के लिए सात चरण का मतदान न केवल एनडीए या इंडिया गठबंधन का फैसला करेगा, बल्कि गठबंधनों से इतर सबसे लंबे समय से बिहार की सत्ता में शीर्ष पर चल रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भविष्य की राजनीति को भी तय करेगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और राजद के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है, नीतीश बिहार के लोगों के रडार पर हैं तो क्या वह अपने प्रमुख गठबंधन सहयोगी भाजपा के लिए कड़ी परीक्षा का समय है जो राज्य में लंबे समय से खुद को स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रही है। कई राजनेताओं और पार्टियों के अनुमान के अनुसार और चुनावी पकड़ के बीच यह समझ में आता है कि भाजपा और राजद एकदूसरे को कड़ी टक्कर देंगे, जबकि 4 जून के चुनाव परिणाम जदयू के साथ गठबंधन करने में भाजपा की राजनीतिक गलती, यदि कोई हो को उजागर कर सकते हैं। क्योंकि उसके सबसे बड़े नेता का पतन हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के नाम पर ही नीतीश अपनी खाल कुछ हद तक बचा पाएंगे।

पूर्व प्रोफेसर और प्रतिष्ठित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) के अध्यक्ष, पटना केंद्र और अब बिहार के समाज और राजनीति के एक शोधकर्ता के रूप में पूर्णकालिक काम कर रहे पुष्पेंद्र कुमार ने बिहार में बिहार में आम चुनावों के इर्द-गिर्द घूमती स्थिति के बारे में पायनियर को

चुनावों के दौरान आमतौर पर गहमागहमी वाले पटना स्थित जनता दल (यू) के मुख्य कार्यालय के बाहर बुधवार को ऐसा नजारा था।

जानकारी दी। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि न केवल नीतीश कुमार बल्कि उनकी पार्टी जेडीयू भी, ललन सिंह युग से पहले और बाद में गंभीर आंतरिक गुटबाजी के कारण प्रभावित हुई है। भारतीय राजनीति के इतिहास में किसी मौजूदा मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार पलटी मारने की एकमात्र घटना के कारण कैडर को बिहार के मतदाताओं को समझाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिहारियों को पलटू के रूप में टैग किया जाना पसंद नहीं है, जो पुराने आया राम, गया राम से अधिक अपमानजनक शब्द है। लेकिन मुझे फीडबैक मिला है कि उनके बार-बार पाला बदलने से दुनिया भर के लोगों को समझाने में दिक्कत हो रही है। नीतीश कुमार लालू राज पर सवार हुए और लोगों ने जाति और धर्म से परे जाकर उन्हें भारी वोट दिया, लेकिन अब चीजें अलग हैं।

ऐसा लगता है कि पिछले दो कार्यकालों के लिए उनके पास अच्छे विचार खत्म हो गए हैं। तेजस्वी यादव की राजद के साथ उनके आखिरी गठबंधन ने रोजगार के मोर्चे पर कुछ उम्मीद जगाई। लेकिन ऐसा लगता है कि इस तरह के जन-उन्मुख विकास को पीछे छोड़ दिया गया है, जबकि जाति- और धर्म आधारित राजनीति वापस आ गई है। (शेष पेज 9)

अमेठी सीट पर फैसला पार्टी करेगी : राहुल गांधी

गाजियाबाद में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की संयुक्त प्रेसवार्ता को अखिलेश यादव ने भी किया संबोधित

लोकसभा चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को अमेठी सीट से चुनाव लड़ने पर कहा कि इस पर पार्टी फैसला करेगी। राहुल गांधी ने यह बात गाजियाबाद में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की संयुक्त प्रेसवार्ता में एक सवाल के जवाब में कही। प्रेसवार्ता को राहुल गांधी के साथ समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन की गाजियाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा, बागपत से सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा समेत गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील दोनों नेताओं ने की।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉण्ड योजना को दुनिया की सबसे बड़ी वसूली योजना करार देते हुए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के 150 सीट तक सिमटने का दावा किया। राहुल गांधी ने कहा, यह विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस-भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) उसको बचाने में लगा है। उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, भागीदारी जैसे कुछ प्रमुख मुद्दे हैं, लेकिन भाजपा 24 घंटे लोगों को गुमराह करने में लगी रहती है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग मुद्दों के बारे में बात नहीं करते हैं। उन्होंने सैकड़ों करोड़ रुपए के चंदा देने वालों के नाम और तारीखों के छिपाने पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गठबंधन पर कहा, उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि भाजपा 150 सीट तक सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी स्थिति मजबूत हो रही है और भाजपा के खिलाफ अदृश्य लहर (अंडर करंट) है। अखिलेश यादव ने कहा कि बदलाव की हवा चल रही है और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। राहुल गांधी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हराएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि मतों का विभाजन न होने दें और अपने बूथ की चौकीदारी करें ताकि भाजपा का सफाया सुनिश्चित हो सके। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की कोई भी बात पूरी नहीं हुई, न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। विकास के वादे भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉण्ड ने इनकी पोल खोल दी है।

भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। उन्होंने कहा, गठबंधन एक नई उम्मीद है। जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और उनकी आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होने लगेगी।

इंडिया गठबंधन की प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव व गाजियाबाद की प्रत्याशी डॉली शर्मा व अन्य।

सरकार ने किसानों-मजदूरों का भला किया: डॉली शर्मा

गाजियाबाद । इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों को लेकर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम लोगों के हक की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। लोगों की भावनाओं को भड़काकर सत्ता हासिल की। गठबंधन प्रत्याशी ने कहा कि सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लए कमर कस लें। चुनाव प्रचार के दौरान डॉली शर्मा ने आम लोगों को कांग्रेस पार्टी की विभिन्न गारंटियों के बारे में जानकारी दी।

संक्षिप्त समाचार

25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट' में वांछित 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को बुधवार को गिरफ्तार किया और उसके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने सुबह एक सूचना के आधार पर 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश जावेद को गिरफ्तार किया जो %गैंगस्टर एक्ट' में वांछित है। उन्होंने बताया कि जावेद के पास से पुलिस ने आठ देसी तमंचे, एक बंदूक, आधा दर्जन से ज्यादा अर्धनिर्मित तमंचे तथा उसे बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। उन्होंने बताया कि जावेद के खिलाफ पहले से 25 मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

गाजियाबाद। दिल्ली व यूपी समेत कई राज्यों में 100 से अधिक लूट जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात बदमाश विवेक उर्फ राजू उर्फ काके निवासी जगतपुरी दिल्ली के साथ इंदिरापुरम थाने के एसएचओ जितेंद्र सिंह दिखित की टीम के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने पर विवेक उर्फ राजू उर्फ काके घायल हो गया। घायल बदमाश के पास से लूट का मंगलसूत्र, लूटे गये जेवरात से बचे पांच हजार रुपये व तमंचा कातूस बरामद हुए।

शिक्षिका को ब्लैकमेल करने वाले दो पकड़े

गाजियाबाद। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम की अगुवाई में एसओ नरेंद्र कुमार सिंह की टीम ने ब्लैकमेलर्स गैंग के दो ऐसे हाईटेक अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने नवंबर माह में शालीमार गार्डन में रहने वाली शिक्षिका के फ्लैट में उनका लैपटॉप एवं अन्य सामान चुरा लिया था। 20 मार्च के आसपास शिक्षिका को कॉल करके ब्लैकमेलर्स ने धमकी दी कि अगर उसने उन्हें 20 लाख रुपये नहीं दिये तो वे उसकी अश्लील पिक्स एवं वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। उक्त सनसनीखेज मामले का पता चलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ब्लैकमेलर्स की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये थे। अब एसीपी शालीमार गार्डन की अगुवाई में आजाद सिंह एवं अंकित सिंह निवासी साहिबाबाद क्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

बसपा सुप्रीमो की रैली देगी प्रत्याशी नन्दकिशोर पुण्डीर के चुनाव को धार

- 21 को गाजियाबाद आएंगी मायावती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

21 अप्रैल को बहुजन समाज पार्टी की मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती गाजियाबाद व बागपत लोकसभा से चुनाव लड़ रहे बसपा प्रत्याशियों के चुनाव को धार देंगी।

सुप्रीमो की चुनावी रैली को सफल बनाने के लिये जहां बसपा प्रत्याशी नन्दकिशोर पुण्डीर पूरी निष्ठा के साथ अपने लोकसभा क्षेत्र में लगे दिखाई दे रहे हैं वहीं बसपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उनकी जनसभा को सफल बनाने के लिए जीतोड़ कोशिश कर रहे हैं। 21 अप्रैल को गाजियाबाद में आयोजित होने वाली बसपा सुप्रीमों की रैली के लिये कविनगर रामलीला मैदान को चुना गया है। बसपा सुप्रीमों मायावती की रैली के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं को पूरी तरह से चॉक चौबंद करने के लिये बसपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिन रात जुटे हुए हैं। बसपा के जिलाध्यक्ष दयाराम सैन ने बताया कि लोगों से मिल रहे समर्थन को देखकर वह कह सकते हैं कि जहां उनकी पार्टी की मुखिया मायावती की रैली इतिहास रचने का काम करेंगी।

सैन ने बताया कि उनकी पार्टी की सुप्रीमों मायावती गाजियाबाद व बागपत लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में सर्वसमाज के लोगों को अधिक से अधिक ममदान करने की अपील भी करेंगी।

चुनाव संहिता लागू होने के बाद नोएडा में एक करोड़ रुपये की नकदी जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद से गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस, निगरानी दलों और उड़न दस्ते ने मंगलवार को जिले में तीन अलग-अलग मामलों में 20 लाख रुपये से अधिक नकदी जब्त की। एक स्थानीय निर्वाचन अधिकारी ने बताया, अब तक लगभग 30 घटनाएं सामने आई हैं जिनमें विभिन्न लोगों के पास अनुमति से अधिक मात्रा में बेहिसाब नकदी पाई गई है।

इन बेहिसाब नकदियों के लिए तत्काल कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। अब तक कुल 108,81,350 रुपए जब्त किए जा चुके है। अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई धनराशि में से 31,44,700 रुपए (31.44 लाख रुपए) उचित प्रक्रिया के बाद लौटा दिए गए हैं क्योंकि उनके असली मालिकों ने निर्धारित समय अवधि के अंदर संतोषजनक जवाब दे दिया था। अधिकारी के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर में एक घटना में अब तक सबसे अधिक 11,58,400 रुपए (11.58 लाख रुपए) जब्त किए गए।

8 स्कूलों को नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले के नामी स्कूल शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) के तहत दाखिला देने में आनाकानी कर रहे हैं। इस संबंध में जिले के आठ निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले के प्रभारी डायट प्राचार्य/बीएसए राज सिंह यादव ने बताया कि आरटीई के तहत प्रवेश के लिए दूसरे चरण की लॉटरी निकाली जा चुकी है और इसके तहत निजी स्कूलों में छात्रों का प्रवेश शुरू हो गया है। लेकिन कुछ निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं और चयनित छात्रों को प्रवेश नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने मंगलवार को 8 स्कूलों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं। जिसके तहत पहले चरण में 2,530 और दूसरे चरण में 1,561 उम्मीदवारों को सीटें आवंटित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों को नोटिस दिया गया है।

लोस चुनाव के लिए सामाजिक संगठन भी चला रहे हैं जागरूकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लोकसभा चुनाव के दौरान हर कोई सक्रिय है। इसी प्रकार की सक्रियता नोएडा शहर के सामाजिक संगठनों में नजर आ रही है।

नोएडा क्षेत्र में सक्रिय अनेक प्रमुख सामाजिक संगठन चुनाव में सक्रिय हो गए हैं। नोएडा में काम करने वाले सामाजिक संगठन वोटर्स में जागरूकता फैलाने का अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान करने के लिए नोएडा के नागरिकों को तैयार किया जा रहा है। अलग-अलग मुददों को लेकर समाज में काम करने वाले नोएडा के सामाजिक संगठन एकजुट हो गए हैं। इन संगठनों ने मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया है। नोएडा के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी पूरे नोएडा शहर में घूम-घूमकर प्रचार कर रहे हैं कि चुनाव में वोट डालना हर भारतीय का नैतिक कर्त्तव्य है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नोएडा में सोशल मीडिया पर भी कैंपेन चलाया जा रहा है। नोएडा के वोटर्स को जागरूक करने के मकसद से मंगलवार को नोएडा शहर के सेक्टर-31 में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोएडा में स्थित आईएमए के भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब नोएडा, आईएमए, भारत विकास परिषद तथा नोएडा की प्रसिद्ध संस्था फोनरवा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नोएडा शहर के गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए। नोएडा में हुए इस अनोखे कार्यक्रम में अधिक से अधिक मतदान करने तथा कराने की प्रतिज्ञा ली गई। इस कार्यक्रम में नोएडा क्षेत्र के सांसद डा. महेश शर्मा, फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, नोएडा के समाजसेवी त्रिलोक शर्मा, इस आयोजन के आयोजक डा. वी.पी. सिंह, डा. एस.पी. शर्मा, डा. सुनील अवाना, अनिल अग्रवाल, नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ देवदत्त शर्मा, आशुतोष सिंघल, डा. एन.के. शर्मा तथा संजय चौहान आदि नोएडा के सामाजिक कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

हर गांव-गली तथा मोहल्ले में वोट मांग रहे हैं बसपा प्रत्याशी

नोएडा। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। सोलंकी अपनी पार्टी के नेताओं को साथ लेकर नोएडा से खुर्जा तक हर गांव, गली तथा मोहल्ले में जाकर वोट मांग रहे हैं। इस दौरान बसपा प्रत्याशी क्षेत्र के संपूर्ण विकास का वायदा करके वोट मांगते हुए नजर आ रहे हैं। नोएडा सीट से बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बुधवार को खुर्जा क्षेत्र के विभिन्न गांव का भ्रमण करके वोट मांगे। इस दौरान श्री सोलंकी खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के गांव चाचरी, सिरियाल, नार मोहम्मदपुर, भुनंना, जाटान, नेकपुर, जवां, माचड, कलाखुरी, उदयपुर, छपना, डासौली, इब्राहिमपुर तथा गोठनी आदि गांव में वोट मांगते हुए नजर आए। इससे पहले मंगलवार को बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने दादरी विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया था।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती विनीता देवी** जो प्लॉट एरिया परिमाप 119 वर्ग गज, खसरा नंबर 439, में स्थित द्वारिका धाम, सिहानी रोड ग्राम, ग्राम सदीक नगर, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद (यूपी) के राजस्व क्षेत्र में स्थित एक आवासीय भूखंड **श्री नरेंद्र त्यागी** पुत्र श्री मूल चंद से खरीद रही हैं। राजस्व के रिकॉर्ड के अनुसार फसली वर्ष 1427-1432 से शुरु होने वाली खतौनी के तहत खसरा संख्या 439 से निकाली गई 0.2780 हेक्टेयर भूमि के सह-मालिकों में से एक हैं, और इसे **उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के पास वित्तीय सहायता के बदले गिरवी रखा हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।

लुसेम लीगल एलएलपी
प्लॉट नंबर 136, (बेसमेंट) उदय पार्क,
नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री जगत सिंह**, सपत्ति संख्या 55, एरिया परिमाप 70 वर्ग गज यानी 58.52 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 502/348 का हिस्सा, ग्राम पीतमपुरा, दिल्ली-110034 के मालिक/पीओए धारक हैं। नोटरीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, बेचने का समझौता और वसीयत दिनांक 05.06.2001 के माध्यम से श्री गुलाब सिंह से इसे प्राप्त किया है और अब अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता को पंजीकृत उपहार विलेख के माध्यम से उपरोक्त संपत्ति उपहार देने का इरादा रखता है, और इसे **फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड** के पास वित्तीय सहायता के बदले गिरवी रखा हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।

लुसेम लीगल एलएलपी
प्लॉट नंबर 136, (बेसमेंट) उदय पार्क,
नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

Case Details	Asset Details
ICICI BANK LTD. Vs. JAI BHAGWAN, Ex No. 86/22	Vehicle No. DL1LV8587, Make and Model- Ashok Leyland DOST, Manu Year- 2015

Auction Date: May 04, 2024 From 11:00 AM to 02:00 PM.
Auction Type: Online Auction
Auction Portal Name & URL Link: Bid Karo and https://bidkaro.net
Contact Person- Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rohit Shrivastava (8657476284)

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
Successful bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal Tower Plot no. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following case:

ICICI Bank Vs Sandeep Kumar, RC NO. 90/2019, IN OA/ 43/2017	Vehicle No.- UP16BE5195, Make and Model- RENAULT FLUENCE, Manf. Year- 2015

Auction Date: May 4, 2024 From 11:00 am to 2:00 pm.
Auction Type: Online Auction
Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho and https://auctions.cardekho.com/#/
Contact Person- Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rohit Shrivastava (8657476284)

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself/ themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
Successful bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal Tower Plot No. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

निर्माणाधीन भवन से गिरने पर मजदूर की मौत

नोएडा। नॉलेज पार्क थानाक्षेत्र के सेक्टर 150 में एक निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे एक मजदूर की ऊंचाई से गिर जाने पर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बीती रात काम करते समय यह मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर गया जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया एवं वहां उसकी मौत हो गई। कुमार ने बताया कि जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान राजस्थान के गंगापुर के धनराज मीणा (40) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। उन्होंने बताया कि अगर मृतक के परिजन इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी।

एक अन्य घटना में सेक्टर-58 थानाक्षेत्र के सुदेश कुमार (38) की ट्रेन से संदिग्ध अवस्था में नीचे गिरने से की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई और वह मामले की जांच कर रही है।

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड

कार्पो. ऑफः यूनिट नं. 809-815, 8वीं मंजिल, टॉवर-ए एम्मार डिजिटल ग्रीन्स, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 61, गुरुग्राम-122102-हरियाणा
सीआईएनः U65922HR2016PTC057984

सार्वजनिक सूचना

यह सूचना आम जनता को उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की जनकपुरी, दिल्ली शाखा के स्थानांतरण के बारे में सूचित करने के लिए है दिनांक 16-07-2024 से प्रभावी

से	उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड पहली मंजिल, डब्ल्यूजेड-250 मेट्रो पिलर नंबर 663 के सामने, उत्तम नगर, नई दिल्ली- 110059
को	उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड नं. बी/4, पहली मंजिल, नजफगढ़ रोड, द्वारका मोड के पास, ब्लॉक सी, उत्तम नगर, नई दिल्ली - 110058

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड टोल फ्री : 1800-212-6127

फिर बढ़ेगी एल्विश यादव की मुश्किलें मोबाइल फोन का डाटा खोलेगा राज

- पुलिस ने आरोपी के फोन को जांच के लिए फोरेंसिंक लैब भेजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई मामले में प्रसिद्ध यूट्यूबर एल्विश यादव और उनके साथियों के खिलाफ नए सबूत सामने आने की उम्मीद है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के मोबाइल फोन को फोरेंसिक लैब भेजा है और डाटा रिकवरी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

नोएडा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल फोन में सांपों की तस्करी और रेव पार्टी से जुड़े कई फोटो, वीडियो और चैट संदेश मौजूद हो सकते हैं। इस रिपोर्ट से इस मामले में कई नए खुलासे हो सकते हैं और आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

आपको बता दें कि इस मामले में नवंबर में पीपुल्स फॉर एनीमल संस्था की शिकायत पर एल्विश यादव समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बाद में पांच सपेरों को गिरफ्तार किया था और एल्विश को 135 दिन बाद हिरासत में लिया गया था। दो अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए गए थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि एल्विश सांपों के जहर की पार्टी के लिए चीन स्थित एक वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल करता था। पुलिस इस नंबर की जांच भी कर रही है। हालांकि, एल्विश को अभी जमानत मिल गई है। लेकिन पुलिस ने उनके और अन्य आरोपियों के खिलाफ 1200 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। मोबाइल डाटा रिकवरी रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में और कार्रवाई की उम्मीद है।

48 साल का हुआ नोएडा शहर

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

प्रदेश का सबसे प्रसिद्ध शहर 17 अप्रैल 2023 को पूरे 48 साल का हो गया है। बुधवार यानि 17 अप्रैल 2024 को नोएडा का 49वां स्थापना दिवस है। नोएडा शहर के नागरिक तथा नोएडा प्राधिकरण हर साल नोएडा शहर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते रहे हैं।

इस साल लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। इस कारण नोएडा का स्थापना दिवस भी नहीं मनाया गया है। नोएडा शहर को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी कहा जाता है। इतना ही नहीं नोएडा शहर को उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रवेश द्वार भी माना जाता है। नोएडा शहर की स्थापना 17 अप्रैल 1976 को हुई थी। इस हिसाब से नोएडा शहर 17 अप्रैल 2024 को पूरे 48 साल का हो गया है। इस साल चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू रहने के कारण नोएडा का स्थापना दिवस नहीं मनाया जा रहा है। पिछले वर्ष यानि वर्ष 2023 में नोएडा शहर का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया था। वर्ष-2023 में 17 अप्रैल को नोएडा स्टेडियम में नोएडा का 48वां स्थापना दिवस मनाया गया था। गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, नोएडा के विधायक पंकज सिंह तथा दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के बाद विधिवत केक काटकर स्थापना दिवस की शुरूआत की थी।

एनटीपीसी रैंप से सेक्टर-60 तक बंद होगा एलिवेटेड रोड

- दूसरे चरण का काम होगा शुरु

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में एलिवेटेड रोड की मरम्मत का काम तेजी से हो रहा है। नोएडा के एलिवेटेड रोड पर पहले चरण का काम सेक्टर-18 से एलिवेटेड रोड के सेक्टर-24 एनटीपीसी एंट्री पॉइंट तक बुधवार शाम तक पूरा होने की उम्मीद है। अब बुधवार से इस हिस्से में ट्रैफिक रोक दिया गया।

जिस हिस्से का काम पूरा हो गया है उस पर सेक्टर-31-25 रैंप तक ट्रैफिक निकालने की शुरुआत भी बुधवार शाम या गुरुवार सुबह से करने की तैयारी है। यह ट्रायल के तौर पर किया जाएगा। अगर एग्जिट पॉइंट से ट्रैफिक उतारने पर जाम लगता है तो पूरी एलिवेटेड रोड बंद कर दी जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने एलिवेटेड रोड के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नई एडवाइजरी भी जारी कर दी है। आपको बता दें कि एलिवेटेड रोड की मरम्मत का पहले चरण का काम 7 अप्रैल को शाम चार बजे शुरू किया गया था।

डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव का कहना है कि दूसरे चरण में नोएडा सेक्टर 24 से सेक्टर 61 की ओर काम होने पर इस हिस्से में वाहनों के चलने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से जारी की गई एडवाइजरी के मुताबिक सेक्टर-18 की तरफ से लोग एलिवेटेड रोड पर चढ़ सकेंगे।

नोएडा की वरदा विदेश सेवा के लिए चयनित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कॉरपोरेट क्षेत्र की नौकरी छोड़कर सिविल सेवाओं की तैयारी करने वालीं वरदा खान ने यूपीएससी परीक्षा 2023 में 18वां स्थान हासिल किया है और उन्होंने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) चुनी है क्योंकि उनकी पहली प्राथमिकता वैश्विक मंचों पर भारत की छवि को और बेहतर बनाना है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किए। खान (24) ने कहा कि वह वैश्विक मंचों पर देश को गौरवान्वित करना चाहती हैं, इसलिए उन्होंने आईएफएस को चुना।

खान ने बताया, हर दूसरे अभ्यर्थी की तरह, जब हम अपनी यात्रा शुरू करते हैं, तो हम परिणाम सूची में अपना नाम पाने का सपना देखते हैं। लेकिन शीर्ष 20 में आना अकल्पनीय था, मैंने शीर्ष 20 में आने की कल्पना भी नहीं की थी। अभी यह एक स्वप्निल एहसास है। मेरे परिवार में हर कोई बहुत खुश है और गर्व से फूला नहीं समा रहा है। उन्होंने कहा, मैंने अपनी पहली प्राथमिकता के रूप में भारतीय विदेश सेवा को चुना है, क्योंकि मैं वैश्विक मंचों और बहुपक्षीय संस्थानों में भारत की छवि को और बेहतर बनाना तथा विदेश में हमारे भारतीय प्रवासियों की मदद करना चाहती हूं। नोएडा के सेक्टर 82 में विवेक विहार की निवासी खान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा कॉलेज से वाणिज्य (ऑनर्स) में स्नातक की पढ़ाई की। अपने माता-पिता की इकलौती संतान खान मां के साथ रहती हैं।

- यूपीएससी परीक्षा परिणाम में हासिल किया 18वां स्थान

उनके पिता का नौ साल पहले निधन हो गया था। कुल 1016 अभ्यर्थियों 664 पुरुष और 352 महिलाएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं और यूपीएससी ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनकी अनुशंसा की है। भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी आदित्य श्रीवास्तव ने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में पहला स्थान हासिल किया है।

लोकसभा चुनावः आप लाई 'आपका राम राज्य' वेबसाइट

आम आदमी पार्टी राम राज्य की अवधारणा को जनता तक पहुंचाने का करेगी प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने राम राज्य को लेकर अपनी अवधारणा जाहिर करने के उद्देश्य से बुधवार को एक वेबसाइट आप का राम राज्य जारी की और कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में भगवान राम के आदर्शों को साकार करने की कोशिश की है।

लोकसभा चुनाव से पहले और रामनवमी के दिन आप ने आपका रामराज्य.कॉम वेबसाइट शुरू की। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह वेबसाइट आप की राम राज्य की अवधारणा को प्रदर्शित करने के साथ-साथ केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए कामकाज की भी जानकारी देगी।

संजय सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने राम राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए पिछले दस साल में दिल्ली में अच्छे स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त पानी और बिजली तथा महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी है।

उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार है कि रामनवमी के मौके पर केजरीवाल अपने लोगों के बीच में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री को झूठे गवाहों के बयानों के आधार पर निराधार मामले में जेल भेजा गया है। सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल की राम राज्य की अवधारणा में कोई बड़ा या छोटा नहीं है और इसमें सभी के हित में काम किया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए रामनवमी पर लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के अभियान के तहत इस वेबसाइट की शुरुआत की गई है। उन्होंने दावा किया कि दुनिया अरविंद केजरीवाल और आप सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों से सीख रही है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता ने फरवरी 2020 में पूर्व अमेरिकी प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प के दिल्ली सरकार के एक स्कूल के दौरे का जिक्र करते हुए कहा, पहले लोग कहते थे अमेरिका से सीखो लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी भारत आती हैं और कहती हैं कि वह अरविंद केजरीवाल द्वारा बनाए गए स्कूल देखना चाहती हैं। अब अमेरिकी केजरीवाल के काम से सीखते हैं।

संवाददाता सम्मेलन में आप नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह भी मौजूद थे। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा, हम दिल्ली और पंजाब में राम राज्य की अवधारणा पर काम कर रहे हैं।

हम इस वेबसाइट के माध्यम से आम आदमी पार्टी द्वारा किए जा रहे जन कल्याण कार्यों को देश और दुनिया में फैलाना चाहते हैं। हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस की एक चौपाई का उल्लेख करते हुए आतिशी ने कहा, जिस तरह भगवान राम ने कठिनाइयों के बीच अपने सभी वादे पूरे किए उसी तरह केजरीवाल सभी कठिनाइयों से लड़ते हुए लोगों के लिए काम कर रहे हैं और अपने वादे पूरे कर रहे हैं। आप नेता कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरिवंद केजरीवाल भी दिल्ली और पंजाब में उसी रामराज्य को साकार करने का काम कर रहे हैं। उस रामराज्य की गावाह वेबसाइट के सैकड़ों वीडियो हैं, जिसकी परिकल्पना की गई थी। जस्मीन शाह ने कहा, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का केवल एक ही गुनाह है कि हम केवल काम की राजनीति पर अड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुद विधानसभा के अंदर और बाहर बताया है कि कैसे रामराज्य के आदर्श से हमने प्रेरणा ली है।

आपका रामराज्य.कॉम वेबसाइट को लांच करते राज्यसभा सांसद संजय सिंह, मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी व साथ में जस्मीन शाह।

रामराज्य पूरा करने के 10 सिद्धांत

रामनवमी पर लांच वेबसाइट में रामराज्य के सपने को पूरा करने के लिए अरविंद केजरीवाल के 10 सिद्धांत हैं। वेबसाइट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, महिला सशक्तिकरण आदि के बारे में जानकारी दी गई है। सभी सेक्टरों के बारे में अलग-अलग जानकारी दी गई है। मसलन, शिक्षा सेक्टर में छात्रों को क्या लाभ मिला, उसके बारे में अभिभावकों और छात्रों की वीडियो है।

केजरीवाल के पीएस को सरकारी आवास खाली करने का आदेश

- विभव कुमार से भी आबकारी नीति मामले में हुई थी पूछताछ

सौम्या शुक्ला। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास खाली करने को कहा गया है। इस संबंध में सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाईवीवीजे राजशेखर ने 10 अप्रैल को उनकी सेवा समाप्ति के आदेश के बाद यह आदेश जारी किया है। विभव कुमार से आबकारी नीति मामले में भी पूछताछ हुई है।

लोक निर्माण विभाग के आवंटन निदेशक आशीष कुमार ने इस संबंध में मंगलवार को लिखे एक पत्र में, कहा कि सेवा समाप्ति से एक माह में सरकारी आवास को खाली करना होता है। इसके अलावा पत्र में कहा गया कि वह बर्खास्तगी आदेश के एक महीने बाद 10 मई तक सरकार द्वारा आवंटित आवास को रखने के लिए पात्र है। संदेश में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) का भी उल्लेख किया गया है, जिसने बिभव कुमार की बर्खास्तगी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा, आवेदक के वकील अंतरिम राहत देने के लिए दबाव डाल रहे हैं। हम इस स्तर पर इस तरह की राहत देने के इच्छुक नहीं हैं। इससे पहले, दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग ने कुमार को उनकी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया था। इस संबंध में उनके खिलाफ बाधा डालने के लंबित एक मामले के संबंध में कार्रवाई की गई है। सतर्कता विभाग के आदेश में विभव कुमार के खिलाफ 2007 के लंबित एक मामले का हवाला दिया गया है, जिसमें उन पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाया गया था।

आदेश में कहा गया प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से बिभव कुमार की नियुक्ति को समाप्त करता है। निर्देश में आगे कहा गया है कि एक सरकारी कर्मचारी, महेश पाल ने आरोप लगाया था कि विभव कुमार ने उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोका और मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया। आदेश में बताया गया कि विभव कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

आप सरकार का घोटालों से पुराना रिश्ताः सचदेवा

- बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की मालिक सीमा बंसल और तिरूपति मेडिलाइन पी. लिमिटेड पर मांगे जबाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

`प्रेस वार्ता को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल खुद का और उनकी सरकार का घोटालों से पुराना रिश्ता है। संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और कहा कि केजरीवाल सरकार एक भारत के इतिहास में सबसे कम समय मे भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड बनाने वाली सरकार है। मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल एवं प्रदेश प्रवक्ता शुभेंदू शेखर अवस्थी भी पत्रकार वार्ता मे उपस्थित थे।

2015-2021 के बीच नकली कम्पनियों के माध्यम से हुए तत्कालीन मंत्री सत्येन्द्र जैन के हवाला एवं जमीन घोटालों ने केजरीवाल सरकार की पहली पोल 2020 में खोली थी। वहीं 2018 में अरविंद केजरीवाल के साढू सुरेन्द्र बंसल की कम्पनी पी.डब्लू.डी. में फर्जी बिल घोटाले में लिप्त पाई गई थी। सचदेवा ने कहा की अभी दिल्ली वाले उन घोटालों को भूले भी नही ये की अब सामने आये हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल हमारे इन दो सवालों के आज तुरंत जवाब दे या फिर हमारे कार्यकर्ता शीघ्र जवाब लेने दिल्ली सचिवालय आएंगे।दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूरी ने आम आदमी पार्टी नेताओं द्वारा रामनवमी पर भगवान श्रीराम के नाम को भुनाने की कोशिश की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि यह तो मुंह में राम बगल में छुरी वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। आप के नेता खुलेआम राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करते रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा रामनवमी पर आपका रामराज्य वेबसाइट लॉन्च करने पर बिधूड़ी ने कहा है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की परिकल्पना साकार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व को यह दिखा दिया है कि भाजपा जो वादा करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। आम आदमी पार्टी के सभी नेता जिनमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम सबसे पहले आता है, श्रीराम के मंदिर निर्माण की आलोचना करते रहे हैं।

कैब चालक की हत्या में महिला समेत 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को लाल किले के पास छत्ता रेल रेड लाइट इलाके में 34 वर्षीय कैब ड्राइवर की हत्या के मामले में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक राहगीर पर भी गोली चलाई थी, जिसने पूरी घटना देखी थी।

आरोपियों की पहचान 28 साल की अनीता उर्फ रुक्सार, 19 साल के साजिद और 24 साल के सलमान के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि सोमवार को 1.50 बजे एलएनजेपी अस्पताल से सूचना मिली कि जाकिर नगर निवासी मोहम्मद शाकिब को गोली लगने के बाद पलवल के 15 साल के लवकुश के साथ भर्ती कराया गया है। इस गिरफ्तारी के साथ पुलिस स्टेशन कोतवाली और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने 14-15 अप्रैल की मध्यरात्रि को एक मामूली दुर्घटना के दौरान पीड़ित की मदद करते समय एक उबर कैब चालक की हत्या और मारपीट के मामले को सुलझा लिया है। डीसीपी नॉर्थ एमके मीना. जांच के दौरान पता चला कि रात करीब 12 बजे छत्ता रेल रेड लाइट पर एक मारुति वैगन-आर की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई थी।

पत्नी और साले की पेचकस से गोदकर हत्या

- शकरपुर इलाके में पारिवारिक विवाद में हत्याकांड को दिया अंजाम, पति गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में एक व्यक्ति ने पेचकस से हमला कर अपनी पत्नी और उसके भाई की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह डबल मर्डर केस की पीसीआर कॉल मिली थी। डीसीपी पूर्वी अपूर्व गुप्ता ने बताया, बुधवार सुबह 10:11 बजे शकरपुर पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जो शकरपुर के गली नंबर 3 के डब्ल्यूबी-97ए, झगड़ा होने और घायल होने की सूचना मृतक महिला के ससुर रामबीर सिंह ने कर दी, जो उसी इमारत के भूतल पर रहते हैं और सुबह जगाने के लिए दूसरी मंजिल पर गए जहां उन्होंने दोनों को लहूलुहान देखा। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी दिल्ली) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गाजियाबाद के एक स्कूल में शिक्षिका कमलेश होल्कर (29) और राम प्रताप सिंह (18) बुधवार की सुबह शकरपुर की एक आवासीय इमारत की दूसरी मंजिल पर खून से लथपथ पाए गए।

उन्होंने बताया कि दंपति, जिनकी शादी को लगभग तीन साल हो चुके थे और उनका दो साल का बच्चा भी था, लंबे समय से उनके रिश्ते अच्छे नहीं थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह संदेह है कि होल्कर और उनके पति श्रेयांश कुमार पाल के बीच मंगलवार रात बहस हुई जिसके बाद उन्होंने उन्हें और सिंह को चाकू मार दिया।मृत महिला के पति की पहचान श्रेयांश कुमार पाल के रूप में हुई है, जो एक शिक्षक के रूप में काम करते थे, एक इंजीनियर हैं लेकिन वर्तमान में बेरोजगार हैं। अधिकारी ने कहा, दंपति का बेटा भी फ्लैट पर मौजूद था और वह ठीक है।

मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को पता चला कि कमलेश होल्कर उम्र 30 साल और उनके भाई राम प्रताप सिंह उम्र 17 साल की दोहरी हत्या की गई है। दोनों मृतक उत्तर प्रदेश के मथुरा के रहने वाले थे। वे बुधवार सुबह शकरपुर में एक आवासीय इमारत की दूसरी मंजिल पर खून से लथपथ पाए गए। डीसीपी ने कहा, कमलेश गाजियाबाद के साहिबाबाद में एक स्कूल शिक्षका थी और उसका भाई राम प्रताप सिंह, जो 12वीं कक्षा में पढ़ता था, 14 अप्रैल को अपने दो साल के भतीजे का जन्मदिन मनाने के लिए अपनी बहन के घर आया था। मृतक के परिवार को सूचित कर दिया गया है.

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि विवाहित जोड़े के बीच झगड़ा हुआ था और पति घर से गायब मिला। हालांकि, कथित श्रीयांश कुमार पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करके जांच में शामिल हो गया, पुलिस ने कहा। आशंका है कि वारदात को अंजाम देने के लिए जिस हथियार का इस्तेमाल किया गया है, वह पेचकस है, आगे की जांच चल रही है।

आरोपी के पिता भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त हैं और उसकी मां दिल्ली के बिजली विभाग में काम करती हैं। पाल का छोटा भाई अपनी पत्नी और बच्चों के साथ उसी इमारत की पहली मंजिल पर रहता है।साथ ही पुलिस ने बताया कि परिवार वालों ने जो बयान दिया है उसमें काफी विरोधाभास है और आशंका है कि क्राइम सीन से भी छेड़छाड़ की गई होगी। परिवार के सभी सदस्यों की भूमिका की जांच की जा रही है।

कांग्रेस को धार्मिक होने का प्रमाणपत्र नहीं चाहिएः जेपी

- चांदनी चौक से लोकसभा उम्मीदवार ने कहा, लोग भाजपा से खुश नहीं हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जेपी अग्रवाल

अरविंदर सिंह लवली

चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जे.पी. अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि पार्टी को धार्मिक होने के लिए किसी से भी प्रमाणपत्र नहीं चाहिए। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से खुश नहीं हैं।

रामनवमी के मौके पर अग्रवाल अपने निर्वाचन क्षेत्र स्थित एक मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। राम मंदिर पर कांग्रेस के विरोध को लेकर भाजपा के आरोपों पर अग्रवाल ने कहा, मंदिर का ताला किसने खुलवाया था...वे सबकुछ भूल गए। उन्होंने कहा, वक्त बड़ा बलवान है। वो उन्हें सबकुछ याद दिलाएगा। हमें धार्मिक होने के लिए किसी से प्रमाणपत्र नहीं चाहिए। पूर्व सांसद अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में रामनवमी के मौके पर पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे थे।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के 400 पार नारे पर प्रतिक्रिया देते हुए अग्रवाल ने बेरोजगारी, महंगाई और नौकरियों की कमी जैसे मुद्दे उठाए और आरोप लगाया कि जनता भाजपा से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को वोट मिलेंगे क्योंकि उसे जनता की परेशानियों की चिंता है और वह उनके लिए काम करना चाहता है।

बूथ स्तर पर मतदाताओं से संपर्क करेंगी पार्टीः लवली

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार को गति देने हेतू चर्चा और नई रुपरेखा तैयार करने के लिए वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। ज्ञातव्य है कि इंडिया गठबंधन के समझौते के तहत कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी दिल्ली पर चुनाव लड़ रही है। बैठक में तीनों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक श्री अनिल भारद्वाज, निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर और वरिष्ठ नेता चत्तर सिंह मौजूद थे। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जहां लोग तानाशाही के माहौल से परेशान है वहीं लोग रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई से अधिक परेशान है।

दिल्ली पुलिस अधिकारियों के बच्चों ने यूपीएससी में परचम लहराया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस में तैनात कुछ अधिकारियों के बच्चों ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के नतीजों में परचम लहराया है। दिल्ली पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक की बेटी प्रतिभा (26) ने अपने दूसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

एक अन्य सहायक उप-निरीक्षक संजीव डबास की बेटी सृष्टि डबास ने छठी रैंक हासिल की है। तिलक मार्ग थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के एएसआई जसबीर सिंह राणा की बेटी रूपल राणा ने यूपीएएसी में 26वीं रैंक हासिल की है। वह अपने परिवार के साथ लाजपत नगर पुलिस कॉलोनी में रहती हैं। परिवार के सदस्यों ने कहा कि परीक्षा में सफल होने के लिए वह रोजाना लगभग 12 घंटे पढ़ाई करती थीं। एएसआई जसबीर राणा ने कहा कि यह रूपल का तीसरा प्रयास था और वह इस साल बहुत आशान्वित थीं। उन्होंने कहा कि रूपल जानती थी कि वह परीक्षा में सफलता हासिल करेगी लेकिन उसने कभी इतनी अच्छी रैंक की उम्मीद नहीं की थी। यूपीएससी परीक्षा के दौरान रूपल के लिए यह वास्तव में कठिन समय था क्योंकि अंतिम साक्षात्कार से ठीक दो महीने पहले उनकी मां का निधन हो गया था। अपराध शाखा में तैनात दिल्ली पुलिस के उप-निरीक्षक पवन कादियान के बेटे उदित कादियान ने 375वीं रैंक हासिल की है।

संक्षिप्त समाचार

पतंजलि विवि में शिवाजी कथा समापन पर गोविंद देव गिरी व अन्य।

छत्रपति शिवाजी महाराज कथा का समापन

नई दिल्ली/हरिद्वार। रामनवमी के अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में चल रहे छत्रपति शिवाजी महाराज कथा का समापन हुआ। गोविन्ददेव गिरि महाराज ने हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रामायण और महाभारत के सभी गुणों से शिवाजी परिपूर्ण हैं। छत्रपति शिवाजी ने भारत के स्वाभिमान को जगाया, अखिल भारत का विचार किया। उनके द्वारा स्थापित हिन्दवी साम्राज्य के 350 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। कथा के पश्चात शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक किया गया। पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शिवाजी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या छात्र, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में 28 बाइक जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में बाइक सवारों के एक समूह को पकड़ा। बुधवार तड़के संसद मार्ग और कर्तव्य पथ थानों के कर्मचारियों ने नई दिल्ली इलाके में लापरवाही से गाड़ी चला रहे बाइक सवारों के एक समूह को पकड़ा। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने कहा, तड़के 3.30 बजे गश्ती दल ने बाइक सवारों के एक समूह को तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए देखा। उन्होंने रात्रि गश्त के दौरान अन्य कर्मचारियों को सचेत किया और 28 दोपहिया वाहनों को जब्त किया गया है और उनपर सवार लोगों को पकड़ लिया गया।

हरि नगर में इमारत में लगी आग

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर इलाके में बुधवार को एक तीन मंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई। अग्निशमन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत में कुछ छात्राएं पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रही थीं। दिल्ली अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि अपराह्न दो बजे इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया।

महासंग्रामः भाजपा की नजर हैट्रिक पर, आप को सहानुभूति से उम्मीद

- राजधानी में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस तीन और आप चार सीटों पर लड़ रही चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बासुंरी स्वराज

सोमनाथ भारती

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजर अपना वोट प्रतिशत बढ़ाकर लगातार तीसरी बार दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट जीतने पर है, जबकि कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी (आप) को उम्मीद है कि गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रति सहानुभूति की लहर का लाभ उठाकर वह भगवा दल की जीत के सिलसिले को तोड़ने में कामयाब रहेगी।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) केघटक दल कांग्रेस और आप दिल्ली लोकसभा का चुनाव मिलकर लड़ रहे हैं इसिलए उनके भाजपा से सीधे मुकाबले का रास्ता साफ हो गया है। आप ने चार सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा और आप-कांग्रेस गठबंधन, दोनों ने तेजतर्रार उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जिससे चुनावी जीत हासिल करने के लिहाज से कड़े मुकाबले का माहौल तैयार हो गया है।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि इस बार पार्टी के लिए चुनौती जीत का अंतर बढ़ाना है। पूर्वांचल से जुड़े लोगों और मुसलमानों के प्रभुत्व वाली पूर्वोत्तर दिल्ली सीट पर बिहार के दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा।

भाजपा ने इस सीट पर मनोज तिवारी को मैदान में उतारा है जो लोकसभा में तीसरी बार पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि कन्हैया कुमार कांग्रेस की तरफ से पहली बार चुनावी मैदान में होंगे। कांग्रेस 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले की इस अहम लड़ाई में अपनी छाप छोड़ने के लिए कुमार की लोकप्रियता और उनके वक्तृत्व कौशल और वाकपटुता का फायदा उठाना चाह रही है। पूर्वी दिल्ली में आप ने अपने दलित विधायक कुलदीप कुमार को सामान्य सीट से मैदान में उतारा है जिसका विभिन्न लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले 12 आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों के समुदाय के मतदाताओं पर असर पड़ सकता है। पूर्वी दिल्ली सीट पर वर्ष 2019 में गौतम गंभीर ने कांग्रेस के अरविंदर सिंह लवली को 3.39 लाख वोट से हराकर जीत हासिल की थी, जबकि आप नेता आतिशी तीसरे स्थान पर रही थीं। इस बार कांग्रेस और आप, दोनों मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन भाजपा को भरोसा है कि वह सभी सात सीट पर चुनाव जीतने में सफल रहेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में, दिल्ली में भाजपा को कुल पड़े वोट में से 56.5 फीसदी वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 22 फीसदी और आप को 18.1 फीसदी से संतोष करना पड़ा था। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने में जातीय समीकरणों को भी साधने का प्रयास किया है। भाजपा ने पूर्वी दिल्ली से पंजाबी नेता हर्ष मल्होत्रा, चांदनी चौक से बनिया नेता प्रवीण खंडेलवाल, दक्षिणी दिल्ली से विधायक और गुर्जर नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली से जाट नेता कमलजीत सहरावत और उत्तर-पश्चिम दिल्ली (आरक्षित सीट) से दलित नेता योगेन्द्र चंदोलिया को मैदान में उतारा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि इसने दो महिला उम्मीदवारों -सहरावत और बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है और इससे अधिक महिला वोट हासिल करने में मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप सहानुभूति के माध्यम से चुनावी लाभ उठाना चाह रही है। आप का चुनावी अभियान भी केजरीवाल की गिरफ्तारी के इर्द-गिर्द घूम रहा है।

गुरुग्राम की एक-दो नहीं बल्कि चार बेटियों ने यूपीएससी में लहराया परचम

सभी के परिवारों में आसपास के लोगों व रिश्तेदारों ने पहुंचकर दी बधाई

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

रुहानी।

सुमन यादव।

दिव्या अपने पिता के साथ।

प्रख्या अपने माता-पिता के साथ।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में गुरुग्राम एक या दो नहीं बल्कि चार बेटियों ने सफलता हासिल करके नाम रोशन किया है। सभी को बधाई देने वालों को तांता लगा रहा। परिवारों में भी खुशी व जश्न का माहौल है।

सबसे पहले हम बात करते हैं रुहानी की। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रुहानी ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 5वां स्थान हासिल किया है। रुहानी ने शहर में ही प्राइवेट स्कूल 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की। वर्ष-2017 में दिल्ली के सेंट स्टीफंस विश्वविद्यालय से अर्थ शास्त्र में रुहानी ने स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 2019 में इग्नू से अर्थ शास्त्र में मास्टर डिग्री पूरी की और वह भारतीय अर्थ शास्त्र सेवा में शामिल हो गई। तीन साल तक वहां पूरी मेहनत से कार्य किया। रुहानी दो साल तक नीति आयोग में भी कार्यरत रहीं। बाद में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हो गईं। नवंबर-2023 से हैदराबाद में वे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यूपीएससी की परीक्षा में रुहानी ने अपनी प्रतिभा दिखाई और 5वां श्रेष्ठ रैंक हासिल कर लिया। उनके पिता सुरेश और माता नीलम दोनों ही सरकारी स्कूल में अध्यापक के पद नियुक्त हैं। एक छोटा भाई निजी कंपनी में नौकरी करता है।

सुमन यादव ने हासिल किया 170वां रैंक : शहर के सराय अलावर्दी की रहने वाली सुमन यादव ने यूपीएससी की परीक्षा में 170वां रैंक हासिल किया है। मंगलवार को यूपीएससी की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन का जब परिणाम आया और सुमन यादव का नाम देखकर परिजनों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। सुमन ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। पिछले वर्ष भी सुमन यादव ने परीक्षा दी थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। पिछले तीन वर्षों से सुमन यादव यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सुमन के मुताबिक उन्होंने पहली से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई गुरुग्राम के सुचेता मेमोरियल पब्लिक स्कूल से की है। इसके बाद 11वीं और 12वीं कक्षा की पढ़ाई जमालपुर गांव में सूरज पब्लिक स्कूल से की। स्कूल शिक्षा पूरी होने के बाद उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की। बीएससी के बाद ही उसने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की। सुमन यादव के पिता बलवान सिंह यादव का कहना है कि बेटी की इस कामयाबी ने जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है।

प्रख्या ने 584वीं रैंक हासिल करके पाई सफलता : गुरुग्राम के पालम विहार अपराध शाखा में तैनात सहायक उप-निरीक्षक रामबीर की बेटी प्रख्या ने भी यूपीएससी में सफलता हासिल की है। प्रख्या ने 584वीं रैंक हासिल की है। प्रख्या ने दिल्ली के ढासा स्थित एक प्राइवेट स्कूल से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की। नेकीराम कॉलेज रोहतक से बीएससी व बीएड की। प्रख्या ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके पिता रामबीर ने बताया कि उनकी बेटी की शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रही है। अच्छे अंकों से परीक्षाएं पास की है। प्रख्या की मां गृहिणी हैं। रामबीर के मुताबिक उनकी एक बेटी कॉलेज में, एक बेटी 12वीं कक्षा में और बेटा 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है।

दिव्या ने 665वीं रैंक हासिल करके परिवार का नाम चमकाया : गुरुग्राम पुलिस में ही इंस्पेक्टर के पद पर तैनात बलराज यादव की बेटी दिव्या ने यूपीएससी की परीक्षा में 665वीं रैंक हासिल की है। पहली से नौवीं कक्षा तक मुंबई के एक निजी स्कूल में पढ़ाई करने वाली दिव्या ने करनाल के दयाल पब्लिक स्कूल से 10वीं व 12वीं कक्षा पास की है। दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बी.कॉम पास की। अब वह दिल्ली के ही एक कॉलेज से एम.कॉम की पढ़ाई कर रही हैं। दिव्या की दो बहनें भी हैं, जो कि अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं। मां गृहिणी हैं। पुलिस सेवा में तैनात पिता बलराज यादव ने बताया कि दिव्या ने पहली बार में ही यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली है।

6 लाख 13 हजार से अधिक पाठ होना ईश्वरीय कृपा का परिणाम : बोधराज सीकरी

हनुमान चालीसा कार्यक्रम में भाग लेते बोधराज सीकरी व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मां वैष्णो देवी दरबार गढ़ी-हरसरू में बोधराज सीकरी द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ पूनम माता संयोजिका मंदिर और डॉक्टर अलका शर्मा सह संयोजिका की अगुवाई में भक्तजनों ने गजेंद्र गोसाई जी द्वारा गायकी और संगीतमय तरीके से हनुमान चालीसा पाठ का 21-21 बार भरपूर आनंद लिया।

मंत्र की ध्वनि, शंखनाद की ध्वनि और जय श्री राम और जय हनुमान के जय घोष के वातावरण में भक्ति रस में डूबे गोसाई की जिह्वा से खूब अमृत वर्षा का लगभग 200 से अधिक साधकों ने रसपान किया। 21-21 बार पाठ के उपरांत बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में शबरी के चरित्र की चर्चा की। बोध राज सीकरी ने स्पष्ट किया कि राम चरितमानस में कहीं नहीं लिखा की भीलनी ने उन्हें झूठे बेर खिलाए। बोध राज सीकरी ने संत की परिभाषा अपने अनूठे ढंग से बतायी।

बोधराज सीकरी ने सुंदर भंडारे की व्यवस्था के लिए मंदिर मैनेजमेंट की प्रसंशा की। पिछले सप्ताह तक 259 स्थानों पर 43,800 साधकों द्वारा 608,177 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं। अब के पाठ में लगभग 200 भक्तों ने भाग लिया। ज्योत्सना बजाज के ऑनलाइन हनुमान चालीसा के पाठ के आयोजन में 15 लोगों ने 11-11 बार पाठ किया। विजय टन्डन और रणधीर टन्डन की फैक्ट्री के 64 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। जनता रिहैबिलिटेशन सेंटर में 40 विद्यार्थियों ने 21-21 बार पाठ किया। इसके अतिरिक्त जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 31 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया। इस प्रकार अब तक 264 स्थानों पर 44,150 साधकों द्वारा 613,665 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं।

श्री माधव सेवा केंद्र में गोयल बंधुओं ने किया मंत्री राव इंद्रजीत का अभिनंदन

अपने स्वागत एवं अभिनंदन से गदगद दिखे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

श्री माधव सेवा केंद्र सेक्टर-17 में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का अभिनन्दन करते कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं एनजीओ प्रकोष्ठ हरियाणा के सह-संयोजक डा. डीपी गोयल, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल व साथी सदस्य।

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह बुधवार को श्री माधव सेवा केंद्र सेक्टर-17 गुरुग्राम में पहुंचे। यहां रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के संयोजक नवीन गोयल ने साथियों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम की बड़ी हस्तियों को एक छत के नीचे लाने के लिए गोयल बंधुओं का धन्यवाद किया।

गुरुग्राम लोकसभा से प्रत्याशी राव इंद्रजीत ड्क्षसह ने उपस्थिजनों को मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही विश्व शक्ति के रुप में उभरते हुए भारत की सामर्थ्य, शक्ति और इनोवेशन पर अपने विचार रखे। उन्होंने आगामी 25 मई को गुरुग्राम वासियों से कमल के निशान का बटन दबाकर प्रचंड जनादेश देने का आग्रह और आह्वान किया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 2047 मिशन के साथ हमारा देश विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं। इस विकास रथ का नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में गुरुग्राम भी लगातार विकसित गुरुग्राम की तरफ आगे बढ़ा है और बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव, मंगतराम बागड़ी, परमिंदर कटारिया, गिरिराज ढींगरा, बोधराज सीकरी, सुमेर सिंह तंवर, सुल्तान वाल्मीकि, कुलदीप वाल्मीकि, जुगेश कुमार सारवान, गजेन्द्र गुप्ता बॉबी, राव भोपाल सिंह, कन्हैया लाल आर्य, दिनेश यादव पूर्व पार्षद, नरेश गोयल, रोशन लाल, नरेश जैन, डा. रामकुमार गर्ग, सीमा पाहुजा, कुलदीप बोहरा, धर्मेंद्र बजाज, प्रमोद सलूजा, एचएस चावला, सुरेंद्र कुंडू, हरकेश प्रधान, नरेश चावला, अत्तर सिंह संधू, रवि मनोचा, अनिल कुमार, सीबी मनचंदा, आरपी चौहान, रामकुमार गर्ग, रोहिल्ला, अशोक सैनी समेत सदस्य मौजूद रहे।

गुरुग्राम सदर बाजार में रेवाड़ी स्वीट्स ने लगाया भंडारा

गुरुग्राम के सदर बाजार स्थित रेवाड़ी स्वीट्स प्रतिष्ठान की ओर से लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

गुरुग्राम। सदर बाजार स्थित रेवाड़ी स्वीट्स प्रतिष्ठान की ओर से नवरात्रों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में सेंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी तरफ घरों में भी लोगों ने व्रतों का समापन करके कंजिकाओं को भोजन कराया।

रेवाड़ी स्वीट्स की ओर से सदर बाजार में लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए लंबी लाइनें लगी रहीं। प्रतिष्ठान के संचालक सोनू सैनी स्वयं लोगों को प्लेटें वितरित करने में लगे रहे। उनके साथ कर्मचारियों ने भी पूरी श्रद्धा के साथ लोगों को प्रसाद का वितरण किया। सोनू सैनी ने मां दुर्गा से सभी के सुख, चैन की कामना करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति की खूबसूरती है कि हम मिलकर अपने तीज-त्योहार मनाते हैं। हर त्योहार सभी के लिए खुशियां लेकर आए, यही कामना करते हैं। शहर मं मां दुर्गा के नवरात्रों का मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर व्रतों का समापन किया गया।

बांगुर सीमेंट ने नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था।

कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, ''बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।'' यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है।

डा. डी.पी. गोयल बनाए गए भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक

मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डाक्टर पवन सैनी, प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

डा. डीपी गोयल।

भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर पवन सैनी से विचार-विमर्श करके प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी ने की। इसमें गुरुग्राम से डा. डी.पी. को प्रदेश-सह-संयोजक के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार दादरी से राजेश शर्मा, पानीपत से तरुण गांधी, कुरुक्षेत्र से रीता गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है।

बता दें कि डा. डी.पी. गोयल कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से गुरुग्राम में स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि कई क्षेत्रों में जन सेवा में लगे हुए हैं। लंबे समय से उनकी ओर से कैनविन फाउंडेशन एनजीओ के माध्यम से दी जा रही सेवाओं से गुरुग्रामवासी लाभान्वित हो रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से डा. डी.पी. गोयल ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अपनी नियुक्ति पर डा. डीपी गोयल ने भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डाक्टर पवन सैनी, प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी का आभार जताते हुए कहा कि पहले भी वे संगठन के कई विभागों में पदाधिकारी रहे हैं। अपने पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए संगठन की ओर से जो भी जिम्मेदारी मिली, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया। एनजीओ प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक के पद पर रहते हुए संगठन हित में कार्य करेंगे।

आईएमटी मानेसर में डबल सर्किट लाइन की बढ़ेगी ऊंचाई

गुरुग्राम। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम द्वारा आईएमटी मानेसर में डबल सर्किट लाइन की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम मानेसर डिवीजन के कार्यकारी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि एचवीपीएन द्वारा 220 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-1, आईएमटी मानेसर से 66 केवी सेक्टर-4 आईएमटी लाइन तक 66 केवी डबल सर्किट लाइन की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य किया जाना है। यह कार्य शनिवार 20 अप्रैल को सुबह 5 बजे से रविवार 21 अप्रैल को सायं 6 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य को करने के लिए एचवीपीएन द्वारा शटडाउन लिया जाएगा। जिसके कारण 66 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 और सेक्टर-8 और आईएमटी मानेसर से निकलने वाले 11 केवी फीडरों पर बारी-बारी से रोटेशनल कट लगाया जाएगा।

एल्जी ने ऑइल-ल्युब्रिकेटेड स्क्रू एयर कंप्रेसर्स की ईजी सुपर प्रीमियम रेंज लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दुनिया के प्रमुख एयर कंप्रेसर निर्माताओं में से एक, एल्जी इक्विपमेंट्स (बी एस ई. : 522074 एन एस ई : एल्जी इक्विपमेंट्स) ने ऑइल-ल्युब्रिकेटेडब स्क्रू एयर कम्प्रेसर्स के मशहूर ईजी सीरीज पोर्टफोलियो में नये उत्पाद ईजी एसपी (सुपर प्रीमियम) की पेशकश की है। ये नई मशीनें कंप्रेस्ड एयर टेक्नोलॉजी में उल्लेखनीय प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है और उपभोक्ताओं को अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन वॉरंटी एवं परफॉर्मेंस देती है, जिससे बिजली की खपत में 15 फीसदी की कमी आती है, और साथ ही 90-110 किलोवाट की कंप्रेसर रेंज में इसके जीवन भर इस्तेमाल करने की लागत भी कम आती है।

नए अपग्रेडेड एल्जी ईजी एसपी यूनिट्स में नए तरीके से संयोजित किए गए दो चरणों के एयरएंड्स शामिल हैं। इसमें प्रमाणित n-V प्रोफाइल भी है, जो पूरी कंप्रेशन प्रक्रिया को आदर्श बनाता है। इससे बिजली की खपत में 15 फीसदी की बचत होती है। कम रफ्तार के एयरएंड्स और हर स्टेज पर कम वजन वाले ईजी एसपी (सुपर प्रीमियम) की रेंज कंपोनेंट के जीवन में बढ़ोतरी सुनिश्चित करती है। इसके अलावा आईई-4 सुपर प्रीमियम मोटर्स में आधुनिक डिजाइन और नई टेक्नोलॉजी दोनों शामिल हैं। इससे बिजली की कम खपत होती है। ईजी की सुपर प्रीमियम मशीन न्यूरॉन 4 इंडस्ट्रियल कंट्रोलर्स से लैस है, जो आदर्श परफॉर्मेंस की गारंटी देती है। ईजी सुपर प्रीमियम में अनोखा ऑइल फिल्टर भी है, जो 4000 घंटों की लंबी अवधि तक चलता है। यह फिल्टर कंप्रेसर के ल्युब्रिकेशन सिस्टम से प्रदूषित कणों को हटाता है। इसमें अविश्वसनीय टिकाऊपन और सब मिलाकर लंबे समय तक चलने की क्षमता को ध्यान में रखा जाता है। इसके अलावा ईजी सुपर प्रीमियम यूनिट्स एयर9अलर्ट के काफी अनुकूल है। यह एल्जी का नया अतिरिक्त आईओटी सॉल्यूशन है। जब यह न्यूरॉन 4 कंट्रोलर से मिलता है, तो यह इसके संचालन के समय के साथ बिजली की कम खपत को बढ़ाता है और सातों दिन 24 घंटे ग्लोबल रिमोट मॉनिटरिंग की सुविधा देकर कंप्रेसर का प्रबंधन करने की प्रणाली में बदलाव लाता है। एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड में भावेश कारिया, अध्यक्ष, आईएसएएएमइ (भारत, दक्षिण एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व) और एसइए (दक्षिण पूर्व एशिया) ने कहा,''एल्जी में हम अपने उपभोक्ताओं के लाभ और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए तकनीकी प्रगति और ऊर्जा दक्षता के संयोजन को लेकर अटूट रूप से प्रतिबद्ध है।

ब्रिजस्टोन इंडिया ने प्रीमियम यात्री वाहनों के लिए TURANZA 6i नया प्रीमियम टायर पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

ब्रिजस्टोन इंडिया ने आज यात्री वाहन के लिए ब्रिजस्टोन TURANZA 6i टायर लॉन्च किया। TURANZA 6i पैसेंजर रेडियल व्यवसाय में पहले घोषित विस्तार का परिणाम है। यह टायर विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है, जो बेहतर ईंधन दक्षता और टिकाऊपन के साथ प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है, जो इसे ब्रिजस्टोन की ओर से एक संपूर्ण प्रीमियम पेशकश बनाता है। ब्रिजस्टोन TURANZA 6i 14 इंच से 20 इंच तक के 36 SKU (स्टॉक कीपिंग यूनिट) में उपलब्ध है। यह एसयूवी, सेडान, हैचबैक और सीयूवी को कवर करने वाले प्रीमियम वाहनों के लिए है। प्रीमियम वाहनों के लिए इस नए प्रीमियम टायर का लॉन्च सरकार की ''मेक इन इंडिया'' पहल के प्रति ब्रिजस्टोन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस लॉन्च के साथ, ब्रिजस्टोन भारत में अपनी वैश्विक स्वामित्व वाली ENLITEN तकनीक लेकर आया है, जो बाजार की बढ़ती नई जरूरतों के अनुसार एक अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव प्रदान करके भारतीय उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक आधार प्रदर्शन मापदंडों को भी बढ़ाती है। TURANZA 6i, ENLITEN तकनीक के साथ, ईंधन दक्षता और पहनने के जीवन को बढ़ाते हुए, एक सहज और काफी आरामदायक सवारी के माध्यम से प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है। यह TURANZA 6i को समझदार उपयोगकर्ताओं के लिए ''सड़क पर सबसे आरामदायक सीट'' बनाता है। TURANZA 6i कम शोर, बेहतर ईंधन दक्षता और बेहतर घिसावट जीवन के माध्यम से सामान्य प्रदर्शन मांगों और इलेक्ट्रिक वाहनों की विशिष्ट आवश्यकताओं दोनों को पूरा करता है। ''TURANZA 6i तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के लिए सर्वोत्तम तकनीक की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह भारतीय गतिशीलता क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी टायर प्रौद्योगिकियों को लाने की हमारी योजनाबद्ध निवेश रणनीति की सफलता है, ''ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री हिरोशी योशिजेन ने कहा। उन्होंने आगे कहा, ''उत्पाद डिजाइन में शामिल ब्रिजस्टोन की ENLITEN तकनीक हमें बाजार की बढ़ती नई जरूरतों के अनुसार 'प्रीमियम राइडिंग कम्फर्ट' का एक अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने में सक्षम बनाती है, साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा वांछित बुनियादी प्रदर्शन को भी बढ़ाती है। लंबे समय तक चलने वाला टायर जीवन और बेहतर ईंधन दक्षता। हमें अपने उपभोक्ताओं के लिए नया TURANZA 6i पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है।''

संक्षिप्त समाचार

जेबीएल मशीन समेत लाखों का सामान चोरी

सोहना। खंड के गांव अभयपुर में खेत में लगी कंपनी में जेबीएल मशीन समेत बिजली से चलने वाली मोटर, लोहे की गिरिल, मोबाइल फोन, सीसीटीवी केमरे और डीवीआर चोरी हो गया। सदर थाना सोहना पुलिस ने फार्म हाउस मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद चोरी करने वालों की खोज में जुट गई है। गांव अभयपुर निवासी मनीष ने पुलिस को बताया कि उनका खेत गांव गढ़ीबाजीदपुर जाने वाले मार्ग के साथ लगते है। उसने एक खेत में फार्म हाउस बनाया हुआ है। कुछ जमीन उसने स्केल अवे इंडिया कंपनी को कारोबार करने के लिए किराए पर दी हुई है। शनिवार की रात को वह फार्म हाउस से अपने गांव अभयपुर चला गया था। उसने रविवार की सुबह आकर देखा तो कपनी में चोरी होना पाया गया। जिसमें जेबीएल मशीन समेत बिजली से चलने वाली मोटर, लोहे की गिरिल, मोबाइल फोन, सीसीटीवी केमरे और डीवीआर चोरी हो गए। जिसकी शिकायत उसने सदर थाना पुलिस को दे दी है।

राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल

राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया के लिए पहुंचे खिलाड़ी।

गुरुग्राम। हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आगामी होने वाली हीरो सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गुरुग्राम महानगर प्राधिकरण के ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में फुटबॉल खेल के ट्रायल का आयोजन किया गया। इसकी हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने की। ट्रायल में पूरे हरियाणा से लगभग 150 महिला फुटबॉल खिलाडियों ने भाग लिया। अपना दम-खम दिखाया। आगामी होने वाली हीरो राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता कोलकाता पश्चिम बंगाल में 1 मई से 15 मई तक हरियाणा की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी। चयन समिति के सभी पदाधिकारियों ने बहुत महतावपूर्ण भूमिका निभाई। इस ट्रायल में लगभाग 50 खिलाडियों का चयन करके 18 अप्रैल से 30 अप्रैल तक इनका कैंप मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में लगाया जाएगा। बुधवार 17 अप्रैल को 20 आयु वर्ग में पुरुष फुटबॉल खिलाडियों का ट्रायल भी ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स गुरुग्राम में आयोजित किये गए। इस ट्रायल में हरियाणा के 20 जिलों से लगभाग 250 पुरुष फुटबॉल खिलाडियों ने भाग लिया। अंडर 20 पुरुष फुटबॉल खिलाडियों का कैम्प 18 से 30 अप्रैल तक ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स गुरुग्राम में लगाया जाएगा। पुरुष अंडर 20 फुटबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 8 मई तक छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित होगी।

प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के कनाडा चेप्टर की हुई शुरुआत

गुरुग्राम। भारत और कनाडा के बीच व्यापारिक और औद्योगिक संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पी.एफ.टी.आई) ने कनाडा में अपने नवीनतम अध्याय की शुरुआत की है। यह बैठक क्लब कैपरी, सेंट्रल पार्क रिसॉर्ट्स गुरुग्राम में हुई। कनाडा से संयोजक और टीम इस बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए। पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी ने बताया कि इस पहल के माध्यम से, हम विश्व व्यापी मंच पर अपने सदस्यों को उच्चतम गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं, जिसमें व्यापारिक सलाह, मार्केट रिसर्च, नेटवर्किंग इवेंट्स, और पेशेवर विकास कार्यक्रम शामिल हैं। चेयरमैन दीपक मैनी ने बताया कि पीएफटीआई का लक्ष्य है कि उनके सदस्य वैश्विक बाजार में अग्रणी बनें। उन्होंने बताया कि इस शानदार अवसर पर, हमने जसविंदर गोगिया और लवी गिडवानी को कनाडा चेप्टर के कन्वीनर के रूप में नियुक्त किया है। उनकी अग्रणी सोच और प्रतिबद्धता के साथ, हम नए व्यापारिक अवसरों और साझेदारियों की खोज में एक नई दिशा में अग्रसर होंगे। दीपक मैनी ने आगे कहा की कनाडा में पी.एफ.टी.आई के आगमन का क्षण हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव है। यह हमारे संगठन की वृद्धि और परिपक्वता को दर्शाता है। पीएफटीआई के वाईस चेयरमैन डॉ. एस.पी. अग्रवाल ने कहा कि पीएफटीआई के विस्तार से हमारे संगठन और भारतीय व्यापार समुदाय के लिए नई उम्मीदें और संभावनाएं जन्म ले रही हैं। कनाडा में हमारे नए सदस्यों के साथ सहयोग करने की अपार संभावनाओं के साथ, हम वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य में एक नई पहचान बनाने के लिए उत्सुक हैं।

फरीदाबाद की बेटी सृष्टि ने चमकाया नाम

यूपीएससी की परीक्षा में प्राप्त की 95वीं रैंक, पिता ब्राजील में भारतीय अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर-88 अमोलिक सोसाइटी में अपनी मौसी के पास रहकर तैयारी करने वाली सृष्टि मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में 95वी रैंक हासिल कर अपने परिवार और फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। सृष्टि मिश्रा ने बताया कि उनकी अधिकतर पढ़ाई देश के बाहर कंबोडिया में हुई है और जब भारत पहुंची तो उन्होंने 2022 में पहली बार यूपीएससी की परीक्षा में भाग लिया, परंतु उन्हें सफलता नहीं मिल पाई।

इसके बाद वह फिर लगातार यूपीएससी की तैयारी करती रही और आखिरकार उन्होंने इस बार यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसके लिए वह

अपने पूरे परिवार का धन्यवाद करती हैं और खास तौर पर वह अपनी मौसी का धन्यवाद करती है।

आपको बता दें कि सृष्टि मिश्रा मूल रुप से यूपी के जौनपुर की रहने वाली है और उनकी अधिकांश पढ़ाई कंबोडिया में हुई है। उनके पिता आदर्श कुमार मिश्रा है और माता का नाम बबीता मिश्रा है। पिता विदेश मंत्रालय में अधिकारी हैं और वर्तमान में ब्राजील में तैनात हैं, माता गृहणी हैं। सृष्टि मिश्रा ने बताया कि वह अपनी मौसा उमेश पांडे और मौसी सुनीता पांडे के पास फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित अमोलिक सोसाइटी में रहती है। यहीं पर रहते हुए उसने यूपीएससी की तैयारी की। उसने बताया कि, उसकी इस सफलता में मौसा-मौसी का पूरा योगदान है। वहीं, इस मौके पर बेटी सृष्टि की सफलता के बाद मौसी सुनीता की खुशी का ठिकाना नहीं है। सृष्टि की मौसी सुनीता ने कहा कि उसने कभी सृष्टि को अपनी बहन की बेटी नहीं बल्कि अपनी खुद की बेटी मानकर उसका सहयोग किया है।

उसे पढ़ाई में दिक्कत न हो इसके लिए उन्होंने मौलिक सोसाइटी में अपने फ्लैट से अलग एक और फ्लैट लिया था जिसमें सृष्टि अकेले रहकर यूपीएससी की पढ़ाई कर सके ताकि उसे उसकी पढ़ाई में कोई दिक्कत न हो।

आज सृष्टि ने जो सफलता हासिल की है, इसके बाद मौसी ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि अब सृष्टि लोगों के लिए काम करें और पूरा सहयोग करें। सृष्टि की छोटी बहन बारहवीं क्लास में पढ़ रही है, छोटा भाई पांच साल का है।

कन्या पूजन के साथ धूमधाम से मनाई राम नवमी

महारानी वैष्णादेवी मंदिर में रामनवमी पर उमड़ा सैलाब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

चैत्र नवरात्र के अंति दिन बुधवार को मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों में सुबह से शाम तक हवन-पूजन किया गया। मां दुर्गा के नवम स्वरूप की पूजा भक्तों ने कंजक पूजन के साथ की। घर-घर में कंजक पूजन किया गया। खासकर नवमी के साथ नवरात्र संपन्न करने वाले भक्तों ने कंजक पूजन के साथ व्रत भी संपन्न किया। वहीं, कुछ लोगों ने मंगलवार को कंजक पूजन के साथ व्रत खोला था। नवरात्र के आखिरी दिन मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, दूसरी ओर घरों में कन्या पूजन के दौरान कन्याओं को दिए जाने वाले उपहार को लेकर बाजारों में भीड़ देखने को मिली।

जिले के मंदिरों में नवरात्रों को लेकर भीड़ देखी गईं। पिछले नौ दिनों

से मंदिर में पूजन और भजन-कीर्तन चले। बुधवार को मंदिरों में नवमी की पूजा की गई। एनआईटी एक स्थित महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश ने बताया कि नवरात्र के आखिरी दिन मंदिर में काफी भीड़ होती है। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही, जिसके चलते भक्तों की सुरक्षा के लिए खास इंतजाम किए गए। वहीं, नौ दिन के उपवास और तप का आखिरी दिन होने की वजह से सुबह साढ़े आठ बजे कन्या पूजन करके नवरात्र का समापन किया गया। उसके बाद 10 बजे महाकाली यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के बाद मंदिर परिसर में भंडारा आयोजित हुआ। एनआईटी एक स्थित महारानी वैष्णो देवी मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि नौ दिनों में सुबह आरती तथा सांध्य आरती की गई। सांध्य आरती के दौरान मंडली के द्वारा रात्रि जागरण भी किया गया।

नवमी के दिन सुबह कन्या पूजा करने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, सेक्टर-16 स्थित कालीबाड़ी में महिलाओं द्वारा नवमी पूजा की गई। नवमी पूजन के बाद शाम को नृत्य प्रतियोगिता हुई।

महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में रामनवमी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ा, भगवान श्री राम और माता सिद्धिदात्री के दर्शनों के लिए सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया इस अवसर पर लोगों ने भगवान श्री राम और माता की पूजा अर्चना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रामनवमी के अवसर पर मंदिर में मां सिद्धिदात्री की भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में कंजकों को भी पूजा गया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने सभी श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। इस शुभ अवसर पर मंदिर में हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध उद्योगपति आरके बत्रा, सोनिया बत्रा, सुषमा कुमारी, करण राहुल, नेतराम, विमल और चंद्र ने हवन में अपनी आहुति डाली।

इस अवसर पर श्री भाटिया ने श्रद्धालुओं को मां सिद्धिदात्री की कथा सुनाई और उनकी महिमा से अवगत करवाया।

श्री भाटिया ने बताया कि मां दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्रि-पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है।

मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व- ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है।

अध्यापक संघ ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की अवहेलना करने और मॉडल संस्कृति स्कूलों में हिंदी माध्यम से शिक्षा नहीं देने के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के बैनर तले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान ओम प्रकाश जाखड़ ने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूलों में केवल अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है। जबकि बड़े-बड़े शिक्षाविदों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्थानीय भाषा या मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में पहली कक्षा में अनिवार्य रूप से हिंदी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जाए, क्योंकि उसे

क्षेत्र/गांव में हिंदी माध्यम का दूसरा विद्यालय भी नहीं है। राज्य सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि मॉडल स्कूलों में ढांचागत सुविधाओं के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है, अर्थात कमरा कम हैं, शिक्षक कम हैं तो प्रवेश भी थोड़े छात्रों को दिया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि छात्रों को प्रवेश अनुसार ढांचागत सुविधा उपलब्ध कराई जाए और प्रवेश में आरक्षण प्रणाली खत्म की जाए। जिला सचिव थान सिंह शर्मा ने कहा कि आजादी के 64 वर्षों के बाद देश को शिक्षा अधिकार अधिनियम निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार मिला। जिसके अनुसार आठवीं कक्षा तक के छात्रों को निशुल्क शिक्षा मिलेगी। प्रदेश सरकार मॉडल संस्कृति स्कूलों के नाम पर कानून का उल्लंघन करके छात्रों से दाखिला फीस और मासिक ट्यूशन फीस वसूल रही है। उन्होंने मांग की कि कानून का पालन हो और शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिए जाएं। निशुल्क शिक्षा दी जाए। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहली सरकार है, जो छात्रों को चिराग योजना के नाम पर निजी विद्यालयों में भेज रही है।

मामा का पैर फिसला, दीवार से टकराकर भांजी की मौत

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित भारत कॉलोनी में करीब चार माह की बच्ची की दीवार से टकराकर मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बच्ची को उसका मामा उसे गोद में खिला रहा था। इस दौरान युवक का पैर फिसल गया। बच्ची हाथ से छूटकर सीधे दीवार में जा लगी। सिर में चोट के कारण बच्ची की मौत हो गई। खेड़ीपुल थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। भारत कॉलोनी में लखन अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी पत्नी ने करीब चार माह पहले बेटी को जन्म दिया था। बेटी गुन्नू सोमवार को अपने मामा हरीलाल की गोद में खेल रही थी। अचानक से उसका पैर फिसल गया और वह गुन्नू सहित दीवार से जा टकाराया। आननफानन में बच्ची को बादशाह खान अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फरीदाबाद विकसित करने में पंजाबी समुदाय का अहम योगदान : कृष्णपाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि फरीदाबाद को विकसित करने में पंजाबी समुदाय का अहम योगदान रहा है। इस समुदाय के लोग मेहनतकश होते हैं और उनकी मेहनत की बदौलत ही आज फरीदाबाद का डंका देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी बज रहा है। श्री गुर्जर रात्रि सेक्टर-37 स्थित पंजाबी समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मुख्य रूप से उनके साथ शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, भाजयुमो के उपाध्यक्ष करन गोयल आदि मौजूद थे। इस दौरान पंजाबी समाज के गणमान्य लोगों ने श्री गुर्जर का भव्य स्वागत कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर भेजने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जनता अच्छे से जानती है कि भाजपा और मोदी ही देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला कर सकते हैं। इसलिए देश की जनता ने मोदी को मत देने का पक्का मन बना लिया है। हर ओर मोदी की लहर है और जनता के आशीर्वाद के दम पर 400 सीटों पर कमल खिलाएंगे तथा तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी को गरीब की चिंता है, आज गरीब के चेहरे पर मुस्कान प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण आई है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद के विकास पुरुष हैं और पिछले 10 वर्षों में फरीदाबाद का विकास करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। फरीदाबाद की जनता भी कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

इस मौके पर भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद को विकास के मामले में अव्वल बना दिया है। जो नहरपार क्षेत्र पिछली सरकारों में पिछड़ गया था, आज नए रुप में विकसित हो रहा है और इसका श्रेय केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की दूरगामी सोच को जाता है। इस अवसर पर गौतम खन्ना, हेमंत गोगिया, जगन्नाथ खेडा, राजकुमार खन्ना, दीपक गांधी, राजेश अरोड़ा आदि मौजूद थे।

एसडी कॉलेज में दो दिवसीय शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

स्थानीय गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार के दिशा निर्देशन में यूजीसी एवं एकडेमिक प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय शोध पत्र लेखन विषय पर कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. एसएस सैनी ने जानकारी दी कि कार्यशाला के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों को शोध पत्र लेखन के गुर सिखाये गये। कार्यशाला के पहले दिन

आयोजन सचिव डॉ. वनीता सपरा ने अनुसंधान का सार विषय पर जानकारी देकर कार्यक्रम का आरंभ किया। सत्र की विशिष्ट अतिथि सह प्रोफेसर वनस्पति विभाग से डॉ. कांता रानी ने प्रतिभागियों को शोध पत्र लिखने के कौशल से अवगत करवाया। सत्र का समापन सत्र अध्यक्ष डॉ. एसएस सैनी की समापन टिप्पणी से हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन के पहले सत्र को जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी वाईएमसीए फरीदाबाद से डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलप्मेंट, प्रोफेसर डॉ. मनीषा गर्ग विशिष्ट अतिथि से सुशोभित किया। उन्होंने नैतिक अनुसंधान एवं साहित्यिक चोरी के विषय का ज्ञान प्रतिभागियों से सांझा किया। उन्होंने प्रतिभागियों को नैतिक अनुसंधान की ओर अग्रसर रहने को प्रेरित किया।

नशे के 11 इंजेक्शन सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अलीम है, जो मेवात का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने मोटरसाइकिल सवार आरोपी को अवैध नशे सहित धोज थाना एरिया से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से नशे के 11 इंजेक्शन बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मेवात से नशे के इंजेक्शन लाकर फरीदाबाद में बेचने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने काबू कर लिया। उसे अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा।

सभी प्राइवेट स्कूल संचालक सर्वोच्च न्यायालय के एसओपी की करें पालना

स्कूल बसों में जरूरी हैं महिला अटेंडेंट : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला के सभी प्राइवेट स्कूल संचालक सर्वोच्च न्यायालय के एसओपी की पालना सुनिश्चित करें। जिलाधीश विक्रम सिंह लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में प्राइवेट स्कूल संचालकों, शिक्षा, आरटीए तथा ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा स्कूल बसों के ड्राइवरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं अन्य शिकायत व सुझाव के लिए आरटीए हेल्पलाइन नंबर 7087299606 पर मैसेज करें। स्कूल बसों में महिला अटेंडेंट एसओपी की गाइड लाइन की हिदायतों के अनुसार बहुत जरूरी है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों के स्कूल में लाने और घर छोड़कर आने तक स्कूल संचालकों की जिम्मेदारी माता-पिता से भी बढ़कर होती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को सभी स्कूल संचालक गंभीरता से फॉलोअप करें। स्कूलों में बच्चों को लाने और घर छोड़कर आने के लिए इको वैन, ऑटो तथा बसों सहित अन्य स्कूल वाहन बेहतर तरीके से सर्वोच्च न्यायालय के नियमों की पालना पूर्णत: लागू होनी चाहिए। स्कूल में बच्चों को यातायात संबंधी कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। कोताही कतई बर्दाश्त नहीं

की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 3358 स्कूल बसें हैं।

ऑटो और इको वैन तथा अन्य यातायात के वाहन अलग से जुड़े हुए हैं। सभी को यातायात संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करनी है। बता दें कि ईद की छुट्टी के दिन प्रदेश महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए निजी बस स्कूल हादसे को देखते हुए जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है, जिसके चलते जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी की गई है। इस नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी कोई सूचना दी जा सकती है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सरकारी छुट्टी के दिन कोई निजी स्कूल अगर खुला तो उसकी मान्यता रद्द की जाएगी। प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन बसों इत्यादि के लिए नियमों के तहत प्रत्येक बस संचालन में जो 14 नियम हैं, उसकी पूरी पालना हो। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर और आरटीए मुनेश सहगल ने यातायात संबंधी नियमों की पालना के लिए किए गए प्रबंधों की बारीकी से जानकारी दी।

बैठक में डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर, आरटीए मुनेश सहगल, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा स्कूल संचालक मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवम उर्फ एलियन तथा शशिकांत का नाम शामिल है। दोनों आरोपी सेहतपुर के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी शिवम को अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ पल्ला थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने बताया कि यह देसी कट्टा वह शशिकांत से लेकर आया था। आरोपी शिवम की निशानी पर आरोपी शशिकांत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शिवम को जेल भेज दिया गया है और आरोपी शशिकांत को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शिवम के खिलाफ लड़ाई झगड़े के दो मुकदमे दर्ज हैं और शशिकांत के खिलाफ हत्या तथा लड़ाई झगड़े के करीब आठ मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें आरोपी जेल भी जा चुका है। आरोपी शशिकांत ने बताया कि यह देसी कट्टा वह दो साल पहले पावटा के रहने वाले बल्लू नाम के व्यक्ति से 4000 रुपये में लेकर आया था, जिसकी मृत्यु हो चुकी है। आरोपी शिवम का किसी के साथ लड़ाई झगड़ा हो गया था, इसलिए उसने अपने साथी आरोपी शशिकांत से यह देसी कट्टा 6000 में खरीदा था। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने अपने कई अन्य साथियों के साथ मिलकर अपनी गैंग बना रखी है, जो किसी के साथ भी लड़ाई झगड़ा करके उसके साथ मारपीट करते हैं। पुलिस रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपी शशिकांत को जेल भेजा जाएगा और लड़ाई झगड़े के मामलों शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते चार गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच डीएलएफ और बदरपुर बार्डर की टीम ने आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक मॉल के भीतर और सड़क किनारे कार खड़ी कर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से सात मोबाइल, एलईडी टीवी व एक कार बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम बंगाल शूटिंग क्षेत्र के पास गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी स्थित मॉल के एक शोरूम में दिल्ली कालका जी निवासी मोहित चौहान अपने दोस्तों के साथ आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगा रहा है। टीम ने मौके पर जाकर देखा दुकान में तीन युवक बैठे हुए थे। सामने एलईडी स्क्रीन पर सनराइज हैदराबाद और रायल चैलेंजर बंगलुरू के बीच क्रिकेट मुकाबले का लाइव प्रसारण चल रहा था। तीनों के सामने करीब सात मोबाइल फोन और टैब रखे हुए थे। सभी आरोपी फोन पर ऑनलाइन सट्टा लगाकर मैच में पैसा लगाने का भाव पूछ रहे थे। आरोपियों की पहचान दिल्ली के कालका जी निवासी मोहित चौहान, पल्ला की शिव कॉलोनी निवासी अंकुर छाबड़ा व बल्लभगढ़ चावला कॉलोनी निवासी दिनेश भारद्वाज के रूप में हुई है। दूसरे मामले में बदरपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने सेक्टर-16 में सड़क किनारे खड़ी कार से एक युवक को काबू किया है। टीम ने गश्त के दौरान देखा युवक मोबाइल में कुछ देख रहा है और पैसों की बोली लगा रहा है। टीम ने देखा आरोपी के मोबाइल पर चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियन के बीच लाइव क्रिकेट मुकाबले का प्रसारण देख रहा था। आरोपी की पहचान ओल्ड फरीदाबाद संत नगर निवासी प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से कार, मोबाइल और करीब 13 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं।

मंडियों में उठान नहीं होने से किसानों का भुगतान रुका

फरीदाबाद। शहर की मंडियों में खरीदारी तेजी से चल रही है। वहीं, गेहूं का उठान काफी धीमी गति से चल रहा है। एजेंसी की ओर से उठान नहीं होने की वजह से किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की दो बड़ी अनाज मंडियों से अभी तक एक लाख कट्टे का ही उठान हुआ है। अभी करीब सात लाख कट्टे मंडियों में पड़े हुए हैं। अगर आने वाले दिनों में बरसात हो जाती है तो मंडियों में पड़े गेहूं भीगने के बाद खराब हो जाएंगे। जिले की छह मंडियों में सरकारी गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू हो गई है। हर रोज मंडियों में करीब 20 किसान अपनी फसल लेकर आ रहे हैं। मोहना मंडी मार्केट चेयरमैन सतीश ने बताया कि उनकी मंडी में करीब साढ़े चार लाख कट्टे गेहूं की आवक हुई है। इसमें से 10 दिनों के अंदर सिर्फ 70 हजार कट्टों का ही उठान हुआ है। वहीं, अभी साढ़े तीन लाख कट्टे मंडी में पड़े हुए हैं। इसके अलावा बल्लभगढ़ अनाज मंडी में साढ़े तीन लाख कट्टे गेहूं की खरीद हुई है, जिसमें से 30 हजार कट्टे का ही उठान हुआ है। अभी भी मंडी में करीब तीन लाख 20 हजार कट्टे पड़े हुए हैं। वहीं फतेहपुर बिल्लोच में अभी तक 60 हजार क्विंटल की आवक हुई है, जिसमें से 400 क्विंटल का उठान हुआ है।

सेंट कोलंबस में नारी शक्ति एवं संविधान बौद्ध महोत्सव मनाया

फरीदाबाद। सेंट कोलंबस स्कूल, दयाल बाग, फरीदाबाद में आदिशक्ति की आराधना करते हुए नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। शक्ति का अर्थ है ऊर्जा या बल। भारतीय परंपरा में आदिशक्ति / पराशक्ति को ऊर्जा का मूल स्त्रोत माना जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में माता (स्त्री) जो कि प्रकृति का प्रतिनिधित्व करती है, उनके विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इन पावन दिनों का महत्व विद्यार्थियों को समझाने हेतु विद्यालय में नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सृजन, विनाश एवम विघटन की शक्तियों व भारत की वृहद संस्कृति से परिचित करवाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया, तदुपरांत स्वागत भाषण हिंदी और अंग्रेजी में क्रमश: आराध्या यादव (तीसरी ए) व सृष्टि ठाकुर (आठवीं एफ) ने चैत्र नवरात्र का महत्व एवं इसकी महिमा का विस्तृत वर्णन किया। इस अवसर पर विद्यालय की छोटी-छोटी छात्राओं ने नवरात्रि में पूजनीय नवदुर्गा का साक्षात जीवंत रूप मंच पर अभिनीत कर श्रद्धा एवं शक्ति का सामंजस्य विद्यार्थियों को प्रेषित किया। नौ देवियों को मंच पर अपने अभिनय से जीवंत करने वाली छात्राएं इस प्रकार रहीं। शैलपुत्री (काव्या), ब्रह्मचारिणी (आराध्या सिंह), चंद्रघंटा (आराध्या झा), कुष्मांडा (राजश्री), स्कंदमाता (रुहिका), कात्यायनी (शानवी), कालरात्रि (तनिसी झा), महागौरी (काव्या बिष्ट), सिद्धिदात्री (कोविद) तथा अन्वेषा जगत जननी महादुर्गा के रूप में नजर आई।

विद्यार्थियों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से माता वैष्णो देवी के उद्भव का हृदयांगम मंचन किया। महिषासुर नामक राक्षस को मारकर महिषासुर मर्दनी नाम से प्रसिद्ध मां दुर्गा के नौ अवतारों को अपने समक्ष साक्षात स्वरूप में देखकर विद्यार्थी भाव विभोर हो गए। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भक्ति गीतों पर थिरककर वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थी भी स्वयं को रोक नहीं पाए, उन्होंने ताली बजाकर अपनी श्रद्धा-भक्ति का परिचय दिया। वर्तमान समय में नारी सशक्तिकरण को दर्शाती कोलंबियन छात्राएं मां दुर्गा के नौ रूपों में सजी दिखाई दीं। साथ ही साथ वे शिक्षा एवम अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ती डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, साइंटिस्ट, म्यूजिशियन आदि के दायित्वों को निभाती महिलाओं की भूमिका में भी नजर आईं। सच्चे अर्थों में यही नारी सशक्तिकरण का वर्तमान स्वरूप है, जिसकी विकसित होते भारत को अत्यंत आवश्यकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि नारी प्रकृति है और प्रकृति संसार की धुरी है। प्रकृति और नारी के बिना मानवता की कल्पना नहीं की जा सकती। अतएव प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वो अपने परिवार की प्रत्येक स्त्री एवम संपूर्ण नारी जाति का सम्मान करे, तभी सच्चे अर्थों में नवरात्र को मनाने का उद्देश्य सफल हो पाएगा। हिंदू नववर्ष के शुभारंभ की अनंत शुभकामनाएं प्रदान करते हुए, उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ते रहने के साथ ही अपनी जड़ों से भी जुड़े रहने का संदेश प्रदान किया।

सुखद पूर्वानुमान

अधिक बरसात

भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी ने दशक में पहली बार पूरे देश में सामान्य से अधिक बरसात का पूर्वानुमान लगाया है। आईएमडी ने अपने दीर्घकालीन पूर्वानुमान से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। एक दशक में पहली बार उसने पूरे देश में औसत से अधिक बरसात का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान विभिन्न क्षेत्रों के लिए कई प्रकार से महत्वपूर्ण है जिनमें कृषि व जल संसाधन प्रबंधन के साथ अन्य क्षेत्र भी शामिल हैं। नीति निर्माता और किसान इस खबर का स्वागत करेंगे, हालांकि आम लोगों को भी हमेशा की तुलना में ज्यादा मानसून से तालमेल बनाना होगा। यह सभी किसानों के लिए वास्तव में राहत की सांस होगी। कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है और वह समय पर व समुचित बरसात पर अत्यधिक निर्भर है। समुचित बरसात फसलें उगाने तथा अन्य कृषि गतिविधियां जारी रखने के लिए जरूरी है। बरसात में अधिकता के पूर्वानुमान के साथ ही किसान मिट्टी में ज्यादा नमी की उम्मीद कर सकते हैं जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी। इसके साथ ही यह पूर्वानुमान उनको फसल चक्र की बेहतर योजना बनाने तथा कृषि उत्पादन अधिकतम करने का अवसर भी देता है। भारत के जल संसाधन गहन रूप से मानसून पैटर्न से जुड़े हैं। इसे देखते हुए सामान्य से अधिक बरसात जल भंडारों, झीलों तथा भूमिगत जल भंडारों को भरने के लिए अच्छी होगी। इससे जल का स्तर बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इसकी खासकर जल संकट का सामना कर रहे क्षेत्रों में बहुत आवश्यकता है। उपयुक्त बरसात से जल संसाधनों पर पड़ने वाला दबाव घटेगा तथा घरेलू, औद्योगिक व कृषि क्षेत्र के लिए सप्लाई में सुधार आएगा। अच्छे मानसून से पनबिजली उत्पादन में भी वृद्धि होगी। इस प्रकार ऊर्जा क्षेत्र भी लाभान्वित होगा।

लेकिन अभी सामान्य या सामान्य से अधिक मानसून का उत्सव मनाना उचित नहीं होगा। मौसम के पूर्वानुमान अपनी प्रकृति से ही अनुमानों पर आधारित होते हैं। देश भर में अच्छा मानसून एक विरल चीज रहा है। जहां सामान्य से अधिक बरसात से अनेक लाभ होते हैं, वहीं इससे कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं। ज्यादा बरसात के कारण खासकर निचले तथा जल भराव वाले क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है। बाढ़ से न केवल संपत्ति व ढांचागत संरचनाओं को नुकसान होता है, बल्कि इससे मानव जीवन भी खतरे में पड़ता है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को ढांचागत संरचनायें मजबूत करने, जल निकासी व्यवस्थाओं में सुधार करने तथा प्रभावी बाढ़ प्रबंधन रणनीतियां बनाने की दिशा में पूर्वानुमान के आधार पर कदम उठाने चाहिए। भारी बरसात से मृदा क्षरण तथा भूस्खलन का खतरा खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ जाता है। इसलिए संकटग्रस्त परिस्थितिकी तंत्रों को बचाने तथा संकट कम करने के लिए उपयुक्त मृदा संरक्षण उपाय व पुनर्वनीकरण जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। संबंधित अधिकारियों को उपयुक्त जल प्रबंधन व्यवहार अपना कर पानी की बरबादी रोकने तथा जल संसाधनों को अधिकतम करने के प्रयास करने चाहिए। भारतीय मौसम विभाग- आईएमडी की भविष्यवाणी किसानों के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाने की बेहतर संभावनायें लाई है। वह अधिकारियों के लिए पानी की कमी से निपटने में सहायक हो सकती है। तैयारी, संरक्षण तथा टिकाऊ व्यवहारों के समग्र दृष्टिकोण के आधार पर भारत को प्रचुर बरसात का लाभ उठाने की तैयारी करनी चाहिए। इससे वह अधिक बरसात के कारण होने वाले संभावित जोखिमों से बच सकता है। इससे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण का मार्ग खुलेगा।

ईरानी हमले से स्थायित्व को खतरा

इज़राइल पर ईरानी हमला अपनी प्रकृति से प्रतीकात्मक है, पर इससे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत मिलता है। हालांकि, अमेरिका ने शक्ति संतुलन बनाए रखने का वादा किया है।

नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

ईरानी हमला अपनी प्रकृति से प्रतीकात्मक है, पर इससे क्षेत्र में तनाव का संकेत मिलता है। हालांकि, अमेरिका ने शक्ति संतुलन बनाए रखने का वादा किया है। हालांकि, इज़राइल ने विश्व नेताओं के अनुरोध पर संयम बरता है, पर उसने ईरान के खिलाफ बदला लेने की असाधारण कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता भी प्रकट की है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ईरान अपने मुहरों-हमास, हिजबुल्ला व हूती के माध्यम से न केवल इज़राइल पर हमले करता है, बल्कि वह इस पूरे क्षेत्र पर अपना वर्चस्व भी कायम करना चाहता है। ऐसे समय जब दक्षिण एशिया तथा पूर्वी एशिया में अनेक देश परंपरागत नव वर्ष मना रहे थे, पश्चिम एशिया के दूसरे सबसे बड़े देश ईरान ने अपने कट्टर दुश्मन इज़राइल पर अनेक मिसाइलों से निशाना लगाया। जार्डन और सऊदी अरब ने इज़राइल का समर्थन करते हुए ईरान द्वारा दागी अधिकांश मिसाइलों को गिरा दिया। यह हमला प्रतीकात्मक लगता है क्योंकि इसका उद्देश्य फिलिस्तीन में हमास, यमन में हौती तथा ईराक और लेबेनान में ईरान-समर्थक हिजबुल्ला का हौसला बढ़ाने के लिए है। इन सबने पश्चिम एशिया में इज़राइल के खिलाफ युद्ध का समर्थन किया है।

इस हमले ने उनका उत्साह बढ़ाने का काम किया। हमले के फौरन बाद हमास ने 'कैरो समझौता' अस्वीकार कर दिया जो शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों-सीआईए व मोसाद के बीच वार्ताओं के माध्यम से हुआ था। मिस्र ने इसमें सहायता की थी और इसका उद्देश्य इज़राइली बंधकों को रिहा कराना था। हालांकि, अनेक देशों ने इज़राइल को त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रोत्साहित किया, पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि यदि ईरान के खिलाफ हमले किए गए तो वे उनका समर्थन नहीं करेंगे। सच्चाई यह है कि अमेरिकी प्रशासन इस समय एक और युद्ध के लिए इज़राइल की सहायता नहीं कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की छवि बहुत खराब है और बाइडेन की राजनीतिक शक्ति बहुत कमजोर हो गई है। ऐसे में यदि अमेरिका कोई मूर्खतापूर्ण निर्णय करता है ता उसे जल्द ही अभूतपूर्व नतीजों का सामना करना पड़ेगा। इलोन मस्क ने हाल में कहा है कि अमेरिका को एक और '11 सितंबर' जैसे हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे टकरावों का असर न केवल वाशिंगटन या न्यूयार्क पर होगा, बल्कि इससे दुनिया भर में अमेरिकी सैनिक ठिकानों पर संकट पैदा हो सकता है। इतिहास ने सिद्ध किया है कि महाशक्तियां अंततः ध्वस्त हो जाती हैं। अपने जीवनकाल को देखते हुए मानव सभ्यता के दृष्टिकोण से अमेरिका महान साम्राज्यों के पतन की तुलना में युवा महाशक्ति है।

इतिहास पर गौर करें तो शक्तिशाली साम्राज्यों का उत्थान और पतन हुआ है। इनमें रोमन साम्राज्य, आटोमन साम्राज्य, मंगोल साम्राज्य तथा ब्रिटिश साम्राज्य शामिल हैं। 16वीं से 20वीं शताब्दी तक अस्तित्व में रहे ब्रिटिश साम्राज्य को आर्थिक दबावों तथा राष्ट्रवादी आंदोलनों का सामना करना पड़ा और अंततः यह आंतरिक कमजोरियों तथा बाहरी दबावों के सामने ध्वस्त हो गया। राजनीतिक, सैनिक तथा सामाजिक-आर्थिक तत्वों के कारण इन साम्राज्यों के ध्वस्त होने से दुनिया को नया स्वरूप मिला। इससे सत्ता का परिवर्तनशील चरित्र तथा आधुनिक भू-राजनीति व सभ्यता पर इतिहास का स्थाई प्रभाव स्पष्ट होता है। लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका के 'डीप स्टेट' ने निश्चित रूप से अनेक अन्य देशों की तुलना में विश्व इतिहास को बेहतर ढंग से समझा है। इसी कारण अमेरिका की मूल रणनीति शांति की बात करते हुए नये युद्धों का सृजन करना है और अनिश्चितताओं पर नियंत्रण के लिए इन युद्धों को दीर्घकालीन त्रासदियों में बदलना है। इस रणनीति से वह अपने विरोधियों को कमजोर करते हुए अपनी सत्ता लगातार बनाए रखने में सफल रहता है। अनेक टकरावों को उनके राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में देखने पर इन टकरावों के बारे में बेहतर समझदारी पैदा होती है।

इज़राइल द्वारा ईरान के खिलाफ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार प्रचारित विचारधारा एक राय या इज़राइल की प्रतिद्वंद्विता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक दीर्घकालीन रणनीति है जिसमें तथ्यों व लक्ष्यों को अमेरिका के साथ मिल कर सावधानी से तय किया जाता है। दूसरी ओर वह इन देशों पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगवा कर वहां आंतरिक संकट पैदा करता है। यह रणनीति पश्चिम का स्थाई व्यवहार बन गई है। यह तथ्य भुलाया नहीं जाना चाहिए कि ईरान का हमला बदले की कार्रवाई है। यह सीरिया में ईरानी कौंसुलेट पर इज़राइल के उकसावे भरे हमले की प्रतिक्रिया है। उसकी कार्रवाई वियेना सम्मेलन का घोर उल्लंघन थी जिसमें ईरानी क्रांतिकारी गार्ड कार्पर्स की मौतें हुई थीं। कुछ विश्लेषकों के अनुसार, ईरान ने सोचा था कि यदि वह प्रतिक्रिया नहीं करेगा तो इज़राइल उसे और पीछे धकेलने तथा क्षेत्र में प्रतिरोध को कमजोर करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुमान लगाना उचित नहीं होगा कि इज़राइल ने सीरिया में ईरानी राजनयिक ठिकाने पर अपने हमले के परिणामों का अनुमान नहीं लगाया होगा।

इज़राइल की खुफिया एजेंसी ने सीरिया में हिजबुल्ला व आईआरजीसी में अच्छी घुसपैठ की है और इन नेटवर्कों को इज़राइली हमलों के लिए आसान बना दिया है। ईरान को अपने सहयोगियों में अपना सम्मान बनाए रखना है तथा आंतरिक राजनीतिक संकट से प्रभावी ढंग से निपटना है। इसलिए अपने मुहरों के माध्यम से वह हमलों को प्राथमिकता देता है, भले ही कभी-कभी दोनों पक्षों के बीच सीधे टकराव हो जाता हो। इसके साथ ही ईरान सरकार की घरेलू नीतियों के कारण तनाव बना हुआ है।

ईरान में कुछ राजनेता और अधिकारी खुलेआम ईरान की अंतर्निहित कमजोरियों का उल्लेख करते हैं। वे ईरान सरकार के समक्ष मौजूद अनेक संकटों को उजागर कर चेतावनी दे रहे हैं कि वह महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किए बिना इज़राइल से सीधे टकराव न मोल ले क्योंकि इससे स्थिति और खराब हो सकती है। उन्होंने व्यावहारिक प्रशासन तथा प्रभावी संकट प्रबंधन पर जोर दिया है तथा वे व्यवस्था को ध्वस्त होने से बचाने के लिए वर्तमान संकट का समाधान खोजने पर जोर दे रहे हैं। समाज में आर्थिक चुनौतियां तथा मनोवैज्ञानिक अस्थिरता ऐसे तात्कालिक मुद्दे हैं जिनको तत्काल संबोधित किया जाना चाहिए। ऐसा न होने पर वे दुश्मनों को फलने-फूलने का उपजाऊ मैदान देते हैं। ईरान के अनेक राजनेताओं ने तनाव घटाने के लिए सुलह-समझौते वाली नीतियां अपनाने तथा ईरानी समाज में सद्भावना व संवेदनशीलता बढ़ाने का अनुरोध किया है। सरकार की दमनकारी घरेलू नीतियां, खासकर अनिवार्य 'हिजाब अभियान' ने समाज में व्यापक निराशा और गुस्सा पैदा किया है जिससे सरकार की वैधता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। हालिया इज़राइल-विरोधी कार्रवाइयों, जैसे एक मालवाहक जहाज पर कब्जे ने ईरानी बाजारों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। ईरानी राष्ट्रीय मुद्रा में ऐसी कार्रवाइयों के कारण रिकार्ड गिरावट आई है। बड़ी संख्या में ईरानियों द्वारा आर्थिक संकट का सामना करने के कारण राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी की कटु आलोचना हुई है और उन्होंने इनसे निपटने के लिए कैबिनेट में परिवर्तन का निर्णय किया है।

पिछले वर्षों में इज़राइल ने ईरानी नाभिकीय वैज्ञानिकों और उसकी नाभिकीय ढांचागत संरचना पर हमला करने की अपनी क्षमता का लगातार प्रदर्शन किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका तथा इज़राइल द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 'स्टक्सनेट साइबर हमले' ने ईरान की नाभिकीय महत्वाकांक्षाओं को गहरा झटका दिया है। इससे सिद्ध होता है कि घरेलू राजनीतिक मुद्दों के कारण राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं किया जाता है। ईरानी नाभिकीय क्षमताओं पर 'स्टक्सनेट' हमला एक महत्वपूर्ण कदम था। इससे साइबर-युद्ध का नया युग शुरू हो गया है जिसका एकमात्र उद्देश्य भू-राजनीतिक परिदृश्य को पुनः बदलने के लिए सत्ता प्राप्त करना और उसे बनाए रखना है। 'स्टक्सनेट' का प्रभाव सारी दुनिया में दिखाई पड़ा क्योंकि इससे युद्धों की बदलती प्रकृति तथा आधुनिक युद्धों में तकनीक का महत्व उजागर होता है। ऐसी स्थिति में ईरान लगातार मौन नहीं रह सकता है। इसलिए ईरान का हालिया हमला इज़राइल के खिलाफ युद्ध की घोषणा न होकर अपनी इज्जत बचाने का एक कदम है।

उत्तराखंड में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका

शीतल आर्या
(लेखिका, शोधकर्ता हैं)

उत्तराखंड में महिलाएं अपनी असाधारण लचीलेपन और कड़ी मेहनत के लिए प्रसिद्ध हैं, ये विशेषताएं उनकी हिमालयी विरासत में गहराई से निहित हैं। इस बीहड़ इलाके में जीवन की चुनौतियों से जूझने के बावजूद, उत्तराखंड की महिलाएं लगातार सामाजिक और पर्यावरणीय आंदोलनों में सबसे आगे रही हैं, जो चिपको आंदोलन की गौरा देवी और शराब विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाली टिंचरी माई (दीपा नौटियाल) जैसी शख्सियतों का प्रतीक हैं। आंदोलन। इन महिलाओं ने उत्तराखंड की भावना को मूर्त रूप देते हुए निडर होकर अन्याय का सामना किया है। यह लेख उत्तराखंड में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को रेखांकित करने और लोकतंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालने का प्रयास करता है।

उत्तराखंड में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को दो प्राथमिक क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, महिलाएं राजनीतिक क्षेत्र में नेतृत्व की स्थिति संभाल रही हैं और दूसरा, महिलाएं मतदाता के रूप में अपने चुनावी अधिकारों का प्रयोग कर रही हैं।

राज्य की स्थापना के बाद से, विधान सभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में धीरे-धीरे महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। पहली विधानसभा में चार महिला सदस्यों से, 2022 के चुनावों में संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक सराहनीय प्रगति है। हालाँकि, इस प्रगति के बावजूद, महिलाएं विधानसभा में अल्पसंख्यक बनी हुई हैं, जो कुल सदस्यों का केवल एक अंश है। वर्तमान में, विधान सभा में तीन दलित महिलाओं सहित आठ महिला सदस्य हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास में सबसे अधिक संख्या है। विशेष रूप से, श्रीमती. रितु खंडूरी वक्ता के रूप में कार्य करती हैं, जबकि श्रीमती। रेखा आर्य कैबिनेट में अकेली महिला मंत्री हैं. इन प्रगतियों के बावजूद, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असमानता बनी हुई है, जो राजनीतिक सत्ता तक पहुँचने में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करती है।

जबकि संसदीय क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है, आठ में से केवल दो महिला सांसद हैं, महिला आबादी (49 प्रतिशत) और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बीच विसंगति स्पष्ट है। जमीनी स्तर के आंदोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी के बावजूद, औपचारिक राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति अनुपातहीन रूप से कम है। उत्तराखंड में महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो प्रवासन, पर्यावरणीय गिरावट और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों से जूझ रही हैं। हालांकि, सामाजिक मानदंड और आर्थिक बाधाएँ अक्सर उनकी राजनीतिक भागीदारी को रोकती हैं। इसके अलावा, राजनीतिक दलों की महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की अनिच्छा इस असमानता को और बढ़ा देती है। उदाहरण के लिए, आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस ने किसी भी महिला उम्मीदवार को नामांकित नहीं किया है, जबकि भाजपा ने केवल एक, श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह को नामांकित किया है। फिर भी, उत्तराखंड में महिला मतदाता हाल के चुनावों में पुरुषों से आगे निकल कर एक ताकतवर ताकत के रूप में उभरी हैं। उनकी बढ़ती राजनीतिक जागरूकता, उनके जीवन को सीधे प्रभावित करने वाले मुद्दों से प्रेरित, उच्च साक्षरता दर और आरक्षण कोटा जैसी सरकारी पहलों ने उनकी भागीदारी को प्रेरित किया है। सरकारी नौकरियों में 30त्न क्षैतिज आरक्षण और पंचायतों में 50त्न आरक्षण जैसी नीतियों ने महिलाओं की राजनीतिक एजेंसी को मजबूत किया है, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है।

2024 के संसदीय चुनावों से पहले, दोनों प्रमुख पार्टियाँ विभिन्न रणनीतियों को अपनाते हुए महिलाओं के समर्थन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कांग्रेस ने महिला सुरक्षा और न्याय पर जोर देते हुए महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता और नौकरी में आरक्षण का वादा किया है। इसके विपरीत, भाजपा जमीनी स्तर पर लामबंदी के प्रयासों के साथ-साथ महिलाओं के अधिकारों के लिए एक मील का पत्थर के रूप में समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर प्रकाश डालती है।

महिला मतदाताओं के बीच प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अपील, उनके जमीनी स्तर के जुड़ाव और महिला आरक्षण विधेयक जैसी पहल के कारण, भाजपा की चुनावी संभावनाओं को और मजबूत करती है। मोदी फैक्टर उत्तराखंड की महिलाओं में प्रतिध्वनित हुआ है, जिसने 2017 से भाजपा के निरंतर प्रभुत्व में योगदान दिया है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए, राज्य सरकार ने 2024-25 के लिए पर्याप्त लैंगिक बजट आवंटित किया है, जो लैंगिक असमानताओं को दूर करने और समानता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित है। इसके अतिरिक्त, मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए महिला कर्मचारियों को तैनात करना और गर्भवती महिलाओं को मतदान केंद्रों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करना जैसे उपाय समावेशी शासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

निष्कर्षतः, डॉ. अम्बेडकर का यह कथन कि किसी समुदाय की प्रगति महिलाओं की उन्नति पर निर्भर है, उत्तराखंड के लिए सत्य है। जबकि महिलाएं ऐतिहासिक रूप से सामाजिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं, औपचारिक राजनीति में उनका कम प्रतिनिधित्व एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और राज्य के विकास में तेजी लाने के लिए इन चुनौतियों का समाधान करना जरूरी है। जैसा कि उत्तराखंड आगामी चुनाव कौथिग के लिए तैयार है, जिसमें 48.1 प्रतिशत मतदाता हैं, उनकी बढ़ी हुई भागीदारी राज्य में लोकतंत्र की जीत का अग्रदूत होने का वादा करती है।

आप की बात

ईरान की धमकी

ईरान द्वारा इजरायल पर भारी ड्रोन व मिसाइल हमले के बाद उसके मंत्री चेतावनी दे रहे हैं कि ईरान इजरायल के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा और ऐसे नए अस्त्रों का प्रयोग करेगा जो अब तक किसी ने प्रयोग नहीं किए हैं। यह एक चौंकाने वाला बयान है। इससे लगता है कि ईरान ने कोई ऐसी नई तकनीक विकसित कर ली है जो विश्व में किसी अन्य देश के पास नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के नए चमत्कारों को देखते हुए ईरान की धमकी पर गंभीरता से गौर करना जरूरी है। ईरान एक तानाशाह व कट्टरपंथी इस्लामवादी देश है जो दूसरे देशों में इस्लामी क्रांति का निर्यात करने का प्रयास कर रहा है। ईरान में सैकड़ों महिलाओं को केवल हिजाब न पहनने के कारण अमानवीय अत्याचारों का सामना करना पड़ा है और कई को अपनी जान से हाथ धोने पड़े हैं। ईरान घोषित रूप से इज़राइल को दुनिया के मानचित्र से समाप्त करने की धमकी भी देता रहा है। ऐसे में ईरान पर लगाम लगाना उन इस्लामी देशों के भी हित में है जो दुनिया के अन्य धर्मानुयाइयों की तरह मुस्लिम नौजवानों व नवयुवतियों को समान अधिकारों तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों से लैस करना चाहते हैं। ईरानी सत्ता में बार-बार कट्टरपंथियों का हावी होना चिन्ता का विषय है।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

न्यायालय पर दबाव

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई को पूर्व में दो बार वकील लोग सुप्रीमकोर्ट पर दबाव बनाने के प्रयास के विरोध में पत्र लिख चुके हैं। अब देश के 21 भूतपूर्व न्यायाधीशों ने फिर से एक पत्र लिखकर न्यायालय पर राजनीतिक दबाव बनाने के प्रयासों को लेकर चिंता जाहिर की है। हमारा प्रजातंत्र जिन चार स्तंभों पर टिका है उनमें से एक स्तंभ न्यायालय भी है। देश की कई विकट समस्याओं के समाधान में न्यायालय ने अपनी भूमिका बखूबी निभाकर लोगों में न्याय के प्रति आस्था बनाए रखी है। कई बार न्यायालय ने कई मामलों का स्वतः संज्ञान भी लिया है। केंद्र में प्रबल बहुमत वाली वर्तमान सरकार ने भी सुप्रीमकोर्ट के हर आदेश को शिरोधार्य कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। पूर्व न्यायाधीशों और इसके पहले वकीलों द्वारा सार्वजनिक रूप से सीजेआई को लिखे पत्रों से न्यायपालिका में राजनीतिक उठापटक के संकेत मिलते हैं। कई बार मनमाफिक फैसला न मिलने पर कुछ बड़े वकील न्यायपालिका या सीजेआई की निष्पक्षता पर सवाल उठाने लगते हैं। इस प्रवृत्ति को सही नहीं कहा जा सकता है। न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी कार्यपालिका व विधायिका की है।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

बेहतर सरकार

इन दिनों देश में महंगाई और बेरोजगारी जैसी कई शिकायतें हैं। लेकिन इन सारी शिकायतों के बावजूद भी ज्यादातर लोग यह भी कहते हैं कि भाजपा सरकार बेहतर है एवं अच्छा कार्य भी कर रही है। अतः इसे एक बार और अवसर देना ठीक होगा। आज देश चलाने के लिए मोदी से बेहतर कोई और नेता नहीं दिखाई दे रहा है। पिछले 10 सालों में वर्तमान मोदी सरकार ने काफी काम किए हैं। पिछली सरकारों के किसी भी कालखंड के दस साल में इतना काम कभी नहीं हुआ है। आज लोगों को यह भी विश्वास है कि मोदी सरकार अगले 5 सालों में अवश्य ही देश से गरीबी एवं महंगाई कम करने का प्रयास करेगी। आज पूरे विश्व में महंगाई बढ़ रही है, जबकि भारत ने उस पर काफी लगाम लगाई है। पड़ोसी पाकिस्तान या विकसित अमेरिका को देखें तो वहां महंगाई आसमान छू रही है। भारत ने 80 लाख लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देने की योजना चलाई है जो दुनिया की ऐसी सबसे बड़ी योजना है। इसका पांच साल और विस्तार किया गया है। मोदी सरकार इसलिए भी दूसरों की तुलना में बेहतर है कि उसने देश की समस्याओं को स्थाई ढंग से हल करने की नीति बनाई है। गरीबों के लिए पीएम आवास योजना इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

- एमएम राजावत, शाजापुर

खतरनाक खेल

ड्रीम 11 बहुत ही खरतनाक बीमारी के तौर पर उबर रहा है। इस खेल पर समय रहते रोक लगानी होगी क्योंकि यह अनेक लोगों के लिए वित्तीय जोखिम के साथ-साथ मानसिक बीमारी का कारण बनने लगा है। ड्रीम 11 ऐसा खेल है जो 39 व 59 रूपये में युवाओं को रातोंरात करोड़पति बनाने का सपना दिखा रहा है। कभी जीतने पर एक करोड़, कभी दो करोड़ और आजकल 4 करोड़ की राशि दी जा रही है। लाखों युवाओं को इस खेल की लत लगी हुई है और वे अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई को यूंही जाया करने में लगे हुए हैं। सरकारी क्षेत्र में तैनात कर्मचारी भी इसका शिकार बनते जा रहे हैं। ड्रीम 11 का विज्ञापन व्यापक रूप से किया जा रहा है और कई बड़े सितारे इसका प्रचार करते देखे जाते हैं। हालांकि, विज्ञापन में वित्तीय जोखिम है और इसकी लत लगने की बात कहीं जाती है, पर यह केवल खानापूरी है। देश में सट्टेबाजी, लाटरी, घुड़दौड़ की सट्टेबाजी या ऐसी ही अचानक अमीर बनाने वाले तरीकों पर रोक लगनी चाहिए। लेकिन विडंबना है कि आधुनिकता की चकाचौंध में इस पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

- भूपेंद्र सिंह, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैनात रहेगी एयर एंबुलेंस व हेलीकॉप्टर

प्रदेश में प्रत्येक चरण के लिए विभिन्न स्थानों पर की गई एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश मे सात चरणो में होने वाले लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को चरणो के हिसाब से अलग-अलग लोकेशंस पर डेप्लॉय किया गया है। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इसके लिए किसी भी संकट की स्थिति का सामना करने के लिए इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को हायर किया गया है।

प्रत्येक चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को डेप्लॉय किया गया है। उदाहरण के रूप में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी के पश्चिम क्षेत्र

की सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए हेलिकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में तैनात किया गया है, जबकि एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में डेप्लॉय किया गया है। इसी तरह दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलिकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल)और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण में हेलिकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में लोकेट किया गया है। 13 मई को चौथे चरण में हेलिकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में तैनात रहेगा। इसी प्रकार पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलिकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलिकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में तैनात रहेगी। अंतिम चरण यानि एक जून को हेलिकॉप्टर गोरखपुर और एयर एंबुलेंस वाराणसी में तैनात होंगे।

आकस्मिक परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही फोर्सेज को लाने व ले जाने में यह हेलिकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार साबित होंगे। इसके माध्यम से प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि किसी आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपए के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से इस पर कुल 39.20 लाख रुपए का खर्च आएगा। प्रदेश शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है। इस भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग एवं उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा। खर्च के बाद भी यदि कोई धनराशि शेष बचती है तो उसे नियमानुसार राजकोष में जमा कराया जाएगा।

वोटर आईडी कार्ड के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर डाल सकतें हैं वोट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान प्रथम चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/ राज्य सरकार/ लोक उपक्रम/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे। रिणवा ने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा वितरित मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए उपर्युक्त में से कोई एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, प्रवासी निर्वाचकों को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने एवं पोलिंग बूथ जानने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के साथ वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग कर सकते हैं।

पहले चरण की आठ सीटों पर थमा चुनाव प्रचार, कल डाले जाएंगे वोट

● आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट होगी उपलब्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में वेस्ट यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर बुधवार की शाम प्रचार का शोर थम गया। इन सीटों पर शुक्रवार 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यूपी में पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (सु.), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में वोटिंग होनी है। इंडिया की तरफ से आठ में से सात सीटों पर सपा और एक सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी उतरा है। इसी तरह एनडीए की तरफ से सात सीटों पर भाजपा और एक सीट पर रालोद का प्रत्याशी है। बसपा ने सभी आठ सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पहले चरण की इन सभी लोकसभा सीटों के लिए 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और 7 महिला उम्मीदवार हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब मतदान की समाप्ति तक किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियाँ संचालित नहीं होगी। सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण की आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले यानी 17 अप्रैल शाम छह बजे तक ही प्रचार का समय निर्धारित किया गया था। चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद निर्वाचन क्षेत्र के सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें और इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग का निर्देश सभी राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के ध्यान में लाएं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण की 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 18 अप्रैल बृहस्पतिवार को मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए प्रथम चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1-सहारनपुर, 2-कैराना, 3-मुजफ्फरनगर, 4-बिजनौर, 5-नगीना, 6-मुरादाबाद, 7-रामपुर, 26-पीलीभीत लोकसभा सीट प्रदेश के 09 जनपदों में सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत व बरेली के अन्तर्गत आते है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग की जा सके।

भाजपा की नीयत ठीक नहीं है: राजेन्द्र चौधरी

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमला कर रही है। भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। भाजपा की बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान को बदल कर पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और महिलाओं के दिए गए अधिकारों को छीनने की कोशिश है। समाजवादी पार्टी भाजपा की संविधान और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ती रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव को लेकर देश की जनता के नाम घोषित जनता का मांग पत्र हमारा अधिकार में देश से वादा किया है कि उसके संवैधानिक अधिकार को सुरक्षित और मजबूत करेंगे। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र की रक्षा करेगी। मीडिया को आजादी का अधिकार देगी। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता व स्वायत्तता बहाल करेगी। सभी को न्याय और समानता का अधिकार देगी। उन्होंने कहा कि देश आज जिन हालात से गुजर रहा है उसमें संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर भी संकट मंडरा रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी कुचलने की हरचंद कोशिशें हो रही है। संवैधानिक संस्थाएं कमजोर की जा रही है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में दलितों, वंचितों के लिए आरक्षण की जो व्यवस्था की है, उसको भी समाप्त करने की साजिशें हो रही है। जनता महंगाई, भ्रष्टाचार से त्रस्त है। जनता चाहती है कि संविधान की मर्यादा कायम रहे। लोगों का उत्पीड़न न हो। सरकारी ईडी, सीबीआई और आईटी की दहशत से लोगों को निजात मिले। भाजपा ने संविधान और लोकतंत्र दोनों को कमजोर बनाने की कोशिश की है। जनाधिकारों की रक्षा के लिए भाजपा की सत्ता से बेदखली और पीडीए की सत्ता में वापसी बहुत जरूरी है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन चतुर्थ चरण: नामांकन आज से, 13 मई को होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-दद्रौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 18 अप्रैल बृहस्पतिवार को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में चतुर्थ चरण के अंतर्गत 13 लोकसभा सीटों में 27-शाहजहाँपुर, 28-खीरी, 29-धौरहरा, 30-सीतापुर, 31-हरदोई,

32-मिश्रिख, 33-उन्नाव, 40-फर्रूखाबाद, 41-इटावा, 42-कन्नौज, 43-कानपुर, 44-अकबरपुर, 56-बहराइच लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए तथा 136-दद्रौल विधान सभा के उप निर्वाचन-2024 हेतु चुनाव सम्पन्न किया जाना है। चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों में 08 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 05 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चतुर्थ चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहाँपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच सहित 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं। 136-दद्रौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर जनपद में आता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल बृहस्पतिवार निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल (शुक्रवार) को की जायेगी। 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई, 2024 (सोमवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.46 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 16334 मतदान केन्द्र तथा 26588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं तथा 136-दद्रौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.72 लाख मतदाता है, जिसमें 1.99 लाख पुरुष मतदाता तथा 1.72 लाख महिला मतदाता है। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है।

सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा हेतु तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये है।

श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक और मर्यादा के आदर्श परम पुरुष: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे। श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

गोरखनाथ मंदिर में बुधवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ संपन्न हुआ है। नवरात्र प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव की अद्भुत परंपरा है। उन्होंने आदिशक्ति मां भगवती से चराचर जगत के कल्याण की कामना की। सीएम योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र की महत्वपूर्ण नवमी तिथि समाज को मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाले व मानवीय जीवन मूल्यों का उच्च आदर्श प्रस्तुत करने वाले प्रभु श्रीराम के जन्मदिन की भी तिथि होती है। हजारों वर्षों पूर्व अयोध्या के महाराजा दशरथ के पुत्र के रूप में सृष्टि के पालक भगवान विष्णु ने धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए अवतार लिया था। आज भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव देश दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में इस बार श्रीरामनवमी बेहद उमंग और आस्था के साथ मनाई जा रही है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं और इसका अलग ही उल्लास आज वहां के श्रीरामजन्मोत्सव में देखने को मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण कर हम सभी समाज और देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करें, यही भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक होगा।

योगी ने कन्या पूजन कर की मातृ शक्ति की आराधना

● वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि को नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का मुख्यमंत्री ने पूजन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित

कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में सीएम योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे।

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने बुधवार दोपहर श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया।

राहुल और अखिलेश का जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं: भूपेन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने

देगी, क्योंकि उसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर यकीन है। ये बातें प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहीं। भाजपा अध्यक्ष ने साफ किया कि जो दल मिलकर एक साझा मैनिफेस्टो तक नहीं बना सके, वो मिलकर देश चलाने की बात करते हैं। उनके मैनिफेस्टो में सिर्फ वादे ही वादे हैं, इन वादों को पूरा करने का कोई मास्टर प्लान नहीं। प्रदेश और देश की जनता उनकी बातों में आने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि दो नवयुवकों को पार्टी देश में संयुक्त रूप से भी 50 सीटों का आकड़ा नही छूने वाली है। उत्तर प्रदेश में दोनो ही दलों को जनता शून्य पर आउट करने वाली है। जिन्होंने संविधान में बार-बार संशोधन किए उन्हें आज संविधान की चिंता हो रही है। जिनकी सरकारों के समय काम कम और भ्रष्टाचार (टूजी, सीडब्ल्यूजी, कोल घोटाला) ज्यादा हुआ वो दूसरों को सर्टिफिकेट दे रहे हैं। जिनकी सरकारों में राजस्थान जैसे राज्य पेपर लीक के नए अड्डे बन गए थे, बोर्ड की परीक्षाओं में खुलेआम नकल कराई जाती थी, पैसे के दम पर सेंटर के सेंटर बुक कर लिए जाते थे, सामूहिक नकल के लिए ठेके उठते थे, नकल माफिया सरकारी धन पर पोषित किए जाते थे और पुलिस-प्रशासन मूक दर्शक बने रहते थे, वो नकल विरोधी कानून क्या बनाएंगे? आज केंद्र और भाजपा की प्रदेश सरकारें पेपर लीक पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही हैं और दोषियों को ऐसी सजा दिलाई जा रही है जो एक सबक बनेगी। चौधरी ने कांग्रेस के गरीबी हटाने के वादे पर भी तंज करते हुए कहा कि जिनके खुद के अकाउंट फ्रीज हो चुके हैं वो दूसरों के अकाउंट में क्या पैसा डालेंगे? कांग्रेस का घोषणा पत्र पहले के घोषणा पत्र जैसा ही है। वे गरीबी हटाने की बात 70 साल से करते आ रहे हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई भ्रष्टाचार आ रहें हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई। इसके विपरीत भ्रष्टाचार के दलदल में डूबकर इनके नेता जरूर करोड़पति हो गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गरीब महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा चुनावी हथकंडे से ज्यादा कुछ नहीं। किसानों को लीगल एमएसपी के वादे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, क्या वहां पर किसानों को लीगल एमएसपी मिल गया है, क्या वहां किसानों का कर्ज पूरी तरह माफ हो गया है। ये सिर्फ वादे करेगे, लेकिन पीएम मोदी वादे नहीं करते बल्कि गारंटी देते हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की कि गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर पहुंचते-पहुंचते हाथ पूरी तरह साफ और साइकिल के दोनों टायर पंचर हो जाएंगे।

प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक के साक्षी बने बाबा विश्वनाथ

लखनऊ/वाराणसी। बाबा विश्वनाथ भी प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक के साक्षी बने। श्री रामनवमी पर राम लला के सूर्य तिलक का सजीव प्रसारण श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भी किया गया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने अयोध्या से हुए सूर्य तिलक का विश्वनाथ धाम में सजीव प्रसारण कर भक्तों को अविस्मरणीय, अकल्पनीय और अद्भुत पल का साक्षी बनने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में सुंदर कांड का भी आयोजन हुआ। रामनगरी से प्रभु राम के इस अद्भुत क्षण को देखने के लिए श्री विशेश्वर के धाम में सुबह से ही श्रद्धालु जुटे रहे। धाम प्रांगण में ही भजन संध्या आयोजित कर उत्साहपूर्वक समारोह का आयोजन किया गया। शिव की नगरी काशी श्री रामनवमी के उत्सव पर रामलला की नगरी अयोध्या से अध्यात्म के तरंगों से जुड़ी रही। श्री काशी विश्वनाथ धाम के आंगन में रामलला के सूर्य तिलक का श्री राम मंदिर से सजीव प्रसारण किया गया।

जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस भगवान राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा कि आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है।

उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को श्रीरामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये

होते तो तो भगवान श्रीराम इनके सारे पाप और कलंक धो देते।

उन्होंने कहा कि भगवान राम के मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला कर दिया तो भूमिपूजन के समय के समय कांग्रेस और सपा के मुखिया चिल्लाने लगे कि देश में आग लग जाएगी। इनके दावे फेल हो गये और इसका देश में कोई फर्क नहीं पड़ा। इसके बाद राम मंदिर के उद्घाटन के समय भी इन सभी लोगों को बुलाया गया। लेकिन, बड़े ही दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इनके पास 70 वर्षों के पाप और कलंक धोने का अच्छा मौका था। इन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। कहा कि इन्होंने आस्था पर कुठाराघात करने का काम किया है। ये भगवान बालक राम के मंदिर में आजतक दर्शन को नहीं गये हैं और जब आज लाखों देशवासी पूरी श्रद्धा के साथ आज रामनवमी पर प्रभु के दर्शन को आये तो उन्हें सपा महासचिव राम गोपाल यादव ने ढोंगीं बताकर संपूर्ण सनातनियों को अपमानित करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि सपा के महासचिव राम गोपाल यादव अपनी पार्टी की लाईन ही बोल रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलवाई थी, अयोध्या की सड़कों को खून से लाल करने का काम किया था। इन्होंने राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाने का काम किया था। लेकिन 2014 से सनातनियों ने अपमान का बदला लेना सीख लिया है। अब भगवान बालक राम अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हैं और सनातन को मानने वाली मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा करने का काम भी कर रही है। अबकी चुनावों में जनता फिर मोदी की के काम और नाम पर मोहर लगाने जा रही है।

केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

संवाददाता। निघासन खीरी

भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का विधि.विधान पूजन के साथ शुभारंभ खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री व खीरी लोकसभा प्रत्याशी ने बताया कि इस चुनाव में आप सब की ताकत से रिकार्ड बनाना है आप सभी लोग क्षेत्र में जाकर सरकार की योजनाओं के बारे में बताएं। और भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करें।मैंने छरू चुनाव लड़ा है ऐसे समय पर में विधायक था न केन्द्र में सरकार थी और न ही प्रदेश में उस समय सभी को पता है कि निघासन में भाजपा की सरकार चलती थी। आप सभी कार्यकर्ताओं की ताकत से हर चुनाव विधानसभा में हर बार मत बढ़कर मिलते चले आ रहे हैं। चुनाव में कोई राजनैतिक दल दिख नहीं रहा है विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है जो बातें विपक्ष कहता है उस पर लोगों का विश्वास नहीं है।

साठ साल में जो कांग्रेस काम नहीं किया मात्र दस साल में भाजपा सरकार ने कर दिखाया है। विपक्षियों का ऐसा घोषणा पत्र है ऐसा लगता है कि कुबेर की खजाने की चाभी इनके पास है। ऐसे घोषणा पत्रों से जनता विश्वास नहीं करती है।

भाजपा सरकार एक देश एक चुनाव एक देश एक छात्र तय किया है। और कहा कि इह समय भ्रष्टाचारी खतरे में है लोकतंत्र सशक्त है। और सभी से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपेक्षा की।

कार्यक्रम को इंजीनियर जी एस सिंह सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय विधानसभा प्रभारी अरविंद गुप्ता संयोजक दयाशंकर मौर्य व ब्लाक प्रमुख अमनदीप सिंह ने भी संबोधन किया। संचालन संगम लाल मिश्रा ने किया कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान कनक पाल सिंह राणा, नागेन्द्र सिंह सेंगर, मोनू दीक्षित, हरीश पाण्डेय, रतीराम लोधी, संजय गिरि, विपिन मौर्य, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव, सोबरन चौहान, बनवारीलाल यादव, हरिशंकर शर्मा, मुकेश मिश्रा, विनोद कुमार मौर्या, जयप्रकाश विश्वकर्मा, रमेश लोधी के के तिवारी, बृम्हादीन चौहान कमलेश गुप्ता, सदा प्यारी कमला निषाद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मां दुर्गा के मंदिरों में भीड़ का पहुंचा भारी सैलाब

फर्रुखाबाद। मां दुर्गा के मंदिरों में भीड़ का पहुंचा सैलाब चौत्र नवरात्र के नौमी पर बुधवार को देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। भक्तों ने मां दुर्गा के नौवे स्वरूप की आराधना की। मां दुर्गा के जयकारे से पूरा इलाका गूंजता रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में पूरे दिन मां दुर्गा के नौवे रूप महादुर्गा की पूजा अर्चना भक्ति व श्रद्धा के साथ होती रही। नवरात्र के नौवे दिन बुधवार की सुबह से तमाम दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह साढ़े छह बजे तक तमाम दुर्गा मंदिर परिसर में लोगों की भारी जमा हो गई। मां भवानी की जयकारे से पूरा तमाम मंदिर परिसर से लेकर आसपास का इलाका गूंजता रहा। नवरात्र में लोगों की भीड़ को देखते हुए जिले के तमाम बड़े दुर्गा मंदिरों में सुरक्षा का प्रबंध दिखा। शहर के गुरुगाँव देवी मन्दिर, मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर माता वैष्णो देवी मन्दिर, जेएनबी रोड़ गमा देवी मन्दिर, हसनबाग में मंसा देवी मन्दिर बढ़पुर शीतला माता मंदिर में भीड़ उमड़ी।

श्री राम जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा नगर में निकली

फर्रुखाबाद। नगर के वैष्णव मंदिरों में राम जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम क साथ मनाया गया। प्रात: काल मंगला-दर्शन, षोड्षपूजन.. मंगला आरती दिव्य-भव्य दर्शन के साथ महा अभिषेक मंगला आरती दिव्या एवं भव्य दर्शन के साथ संपन्न हुआ श्री राम विविध कला केन्द्र के कलाकारों ने भगवान श्री राम का गणेश पूजन एवं पं. शान्ति स्वरूप द्वारा वैदिक रीति से सरस्वती भवन में विजय दुबे उर्फमटर लाल ने एवं मुख्य यजमान अशोक वर्मा, वीना वर्मा (पत्नी) के साथ विधिवत पूजन ब्राह्मणों को तिलक लगाकर अपने ठाकुर जी श्री राम का प्राकट्य उत्सव घंटा घड़ियाल शंख ध्वनि के साथ दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में जन्मोत्सव मनाया गया। महा अभिषेक पवित्र नदियों के जल से पंचामृत अभिषेक दिव्य एवं भव्य श्रृंगार, विजय दुबे (मटर लाल) द्वारा महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

सायकाल समय में श्रीराम के भाइयों लक्ष्मण, भरत,शत्रुघ्न के साथ-नगर में शोभा यात्रा, सरस्वती भवन से चौक, नेहरू रोड, घुमना बाजार, सुतहट ?टी, साहब गंज, नाला मछरट ?टा, लोहाई रोड होते हुए सरस्वती भवन पहुंची। नगर को तोरण द्वार ध्वज-पताका एवं एल.ई.डी. लाइट से पूरा नगर अयोध्या धाम वन गया जगह-जगह भगवान जी की आरती एवं प्रसाद बितरण किया गया यात्रा सरस्वती भवन में मां दुर्गा श्री राम अपने भाइयों के साथ महा आरती की गई। सीता राम की रसोई में महाप्रसाद का वितरण किया गया, शोभा यात्रा नगर का अद्भुत दृश्य था। अशोक मिश्रा, श्रवण कुमार, अखिलेश, सूर्य प्रकाश भारद्वाज विमलेश मिश्रा आती क्रांति पाठक सौरभ मिश्रा आदित्य दीक्षित संजय गर्ग सुनील अवस्थी सहित नगर के गणमान्य व्यक्तिय शोभा यात्रा में शामिल हुए।

पलिया विधायक ने गरीब कन्याओं के विवाह के लिए चालीस हजार रुपए की दी सहायता

गोलागोकर्णनाथ (खीरी)। पलिया विधायक रोमी साहनी ने रामनवमी पर गरीब व असहाय परिवारों की सहायता करना अपना धर्म जताते हुए वह अपने पलिया आवास पर कन्याओं के विवाह के लिए चालीस हजार रुपये की सहायता राशि देकर उनकी सहायता की। गरीबों के मसीहा के नाम से पूरे प्रदेश में चर्चित विधायक रोमी साहनी ने आज मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का महान पर्व श्री रामनवमी को बड़े धूमधाम से मनाते हुए कहा कि गरीबों व असहायों की सेवा को वह अपना धर्म मानते हैं इसलिए आज रामनवमी पर जितने पुरुष व महिलाओं ने आकर विवाह के लिए कन्याओं की मदद मांगी मैंने अपना दायित्व व कर्तव्य समझते हुए उनको नगद धनराशि देकर सहायता की। भाजपा विधायक रोमी साहनी ने आगंतुकों का आभार जताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का महान पर्व है इस पर्व पर गरीबों की सेवा व उनको मिष्ठान व शर्बत पेयजल के लिए उनका ह्रदय खुला हुआ है।

गेहूं के खेत में लगी आग से 32 बीघे फसल खाक

असोथर (फतेहपुर)। असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी चौकी क्षेत्र के उसरा डेरा गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में खड़ी पकी गेंहू की फसल में अचानक आग लगने से आग की लपट देखकर किसान खेत की ओर भागे और आग बुझने का प्रयास करने लगे। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। किसानों ने खेत में लगी गेंहू की फसल में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दिया लेकिन दो घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड टीम नहीं पहुच सकी।

आग लगने से किसान राजकरन तिवारी पुत्र शिरोमणि के 15 बीघा, रामानंद तिवारी पुत्र उमाशंकर का दो बीघा, संतोष पुत्र पूतना निषाद का 6 बीघा, रामचरण सविता पुत्र जगपत की तीन बीघा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा पुत्र राम आसरे का एक बीघा, जयनन्द त्रिपाठी पुत्र उमाशंकर त्रिपाठी का तीन बीघा कुल 32 बीघा गेंहू की फसल जलकर खाक हुई है। किसान राजकरण तिवारी, संतोष निषाद, रामचरण ने आरोप लगाया कि गांव के रहने वाले नुन्नू दर्जी ने महुआ के पेड़ की गिरी हुई पत्तियों को इक्कठा कर आग लगाया था।

आग बुझने के बाद भी उसमें से निकली चिंगारी पांच मीटर दूर खेत में खड़ी गेंहू की फसल में करीब 12 बजकर 30 मिनट के आस पास पहुंचने से आग लगी है। उसके बाद आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दिया गया लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी नही आयी। आग लगने के सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सरकंडी विंनोद कुमार निगम ने पुलिस टीम और ग्रामीणों के मदद से बाल्टी में पानी भरकर खुद भी आग बुझने में लगे रहे। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया गया। चौकी इंचार्ज और पुलिस कर्मियों के इस कार्य को देखकर किसानों ने उनकी प्रशंसा किया।

हर्षोल्लास से मनाया गया मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

अमरौधा के राम जानकी मंदिर में सजाया गया राम दरवार, जन्मोत्सव के बाद मंदिर में सोहर,बधाई गीत गाती महिलाएं।

इस बार अयोध्या में रामलला की स्थापना का असर राम नवमी के अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में देखने को मिला। लोगों ने बड़े ही धूमधाम से मंदिरों में भगवान राम जन्मोत्सव मनाया। भोगनीपुर क्षेत्र में बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जैसे ही घड़ी में दोपहर के 12 बजे क्षेत्र के राम मंदिरों में घंटियों का नाद और शखों की ध्वनि के बीच भए प्रगट कृपाला दीन दयाला और जय-जय श्रीराम के जयकारे सुनाई देने लगे। मंदिरों में मौजूद श्रद्धालुओं ने धूमधाम से महाआरती की। वहीं महिलाओं ने भजन, सोहर, बन्ना तथा अन्य कई लोक गीत गाए।

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमी के दिन कस्बा सहित क्षेत्र के मंदिरों में धूमधाम से रामनवमी मनाई गई। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को घड़ी में दोपहर के 12 बजते ही मंदिरों में शंख-ध्वनि और घंटे-घडियाल गूंजने लगे। इस दौरान जन्म आरती और बधाई गीत भी गाए गए। भक्तों ने श्री रामचंद्र कृपालु भज मन् का मंगल गान भी सामूहिक रूप से गाया। जन्मोत्सव होते ही भक्तों और उपस्थित जन समूह को पंजीरी, खिचड़ी और छाछ का प्रसाद बांटा गया। जन्मोत्सव मनाने के लिए मंदिरों को आकर्षक झालरों से सजाया गया था। कहीं फूल बंगला सजाया गया तो कहीं भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराए गए। राम दरबार को फूलों से सजाया गया था। अमरौधा के टंडन बाजार स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर में हुई महाआरती में सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। सुधा टंडन, सुमित्रा गौड़, संतोष कुमारी वर्मा, नीतिका यादव, सुमलता तिवारी, ऊषा यादव की टोली ने भजन, सोहर, बन्ना तथा अन्य कई लोक गीत गाए। भाजपा नेता शिव प्रसाद मिश्र, कमल प्रकाश मेहरोत्रा, राम प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा, संदीप यादव, कुलदीप यादव, शंभू संखवार, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे। पंडित अशोक कुमार दीक्षित ने आरती संपन्न करायी। जबकि शुभम टंडन, प्रियंक दीक्षित ने पंजीरी, खिचड़ी और छाछ का प्रसाद बांटा। वहीं भोगनीपुर, देवराहट, दिबैर की मड़ैयां, दुर्वाषा आश्रम के राम मंदिरों में भगवान राम का विधि-विधान से पूजन व अभिषेक किया गया। भगवान की मूर्तियों का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस बार चैत्र मास की नवरात्र में पूरे नौ दिनों तक देवी मंदिरों में रौनक रही। ज्यादातर संकट मोचन मंदिरों में श्रीराम चरित मानस के अखंड पाठ का भी आयोजन किया गया। भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ हवन पूजन कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती गाकर समूचे वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

क्विक न्यूज

वाहन की टक्कर से युवक की मौत, चालक गंभीर घायल

राठ (हमीरपुर)। मंगलवार की देर रात दोस्त के साथ राठ आ रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पीछे बैठे एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज मेडिकल कालेज झांसी में चल रहा है। कोतवाली के टूंका गांव निवासी स्वामीदीन अहिरवार ने बताया कि उसके चार पुत्र संजू, गौतम, वीरेंद्र, विवेक है। वह परिवार सहित दिल्ली में रहता है। बड़े पुत्र की शादी होने पर वह 15 दिन पहले परिवार सहित गांव आया था। गुरुवार को उसके पुत्र संजू की बारात नोएडा जानी थी। घर में बारात की तैयारियां चल रही थी। तभी मंगलवार की रात गांव का जीतेन्द्र उसके छोटे पुत्र 20 वर्षीय वीरेंद्र को बाइक से शराब पिलाने के बहाने ले गया। तभी कुर्रा गांव की नहर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई। जीतेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज झांसी में चल रहा है।

संदिग्ध हालत में वृद्ध ने फांसी लगा दी जान

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के झब्बापुर गांव निवासी शिवपाल का पुत्र राजकुमार पासवान शराब पीने का आदी था। जिसने तीन दिन पूर्व घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। उधर पुत्र रामशिरोमणि उसकी खोजबीन कर रहा था लेकिन कोई सुराग न मिला। मंगलवार की दोपहर पड़ोस में शादी समारोह था। जब साफसफाई के दौरान राजकुमार पासवान के घर से बदबू आने लगी तो पड़ोसियों ने उसके पुत्र को जानकारी दी। जब घर का ताला खोला गया तो राजकुमार का शव फांसी पर लटका था। शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक के पुत्र रामशिरोमणि का कहना है कि वह प्रतिदिन उसके घर खाना खाने के लिए आते थे। तीन दिन से नही आ रहे थे। जिस घर में पिता रहते हैं वहां आगे व पीछे दरवाजा है। सामने के दरवाजे में ताला लगाकर पीछे वाले दरवाजे से अंदर जाकर फांसी लगा लिया। उधर पुलिस अन्य पहलुओं पर भी तहकीकात कर रही है।

लोकसभा प्रत्याशी घोषित

फतेहपुर। अखिल भारतीय अशोक सेना के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप मौर्य ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में रामस्वरूप उर्फ विश्वस्वरूप मौर्य को लोस का प्रत्याशी घोषित कर दिया। रामस्वरूप पूर्व में फतेहपुर लोस व खागा विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं।

मृतक के पिता ने दो युवकों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

राठ (हमीरपुर)। चिकासी थाने के बिलगांव डांडा में दलितों की मारपीट से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। स्वजनों शव को कूड़े रख दिया था। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बिलगांव डांडा गांव निवासी विजय राजपूत ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम उसका पुत्र प्रिंस राजपूत (22) के साथ गांव के पान सिंह पासवान के रिश्तेदार रामू निवासी गढ़हर कोतवाली उरई जनपद जालौन, आकाश पासवान निवासी बैरागढ़ कोतवाली उरई जनपद जालौन ने मारपीट कर दी। उसकी पत्नी रामरती पान सिंह के यहां पूछने गई। उसके पुत्र ने नशे की हालत में कमरे में पंखे से गमछे से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली थी। विचार विमर्श कर शव को उतार कर सड़क किनारे रख दिया था। चिकासी थानाध्यक्ष ने बताया कि पिता की तहरीर पर रामू, आकाश के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

बच्चे का इलाज कराकर वापस लौट रहे देवर भाभी की मृत्यु

बिवाँर (हमीरपुर)। बच्चे का इलाज कराकर हमीरपुर से वापस लौट रहे देवर भाभी की लोडर की टक्कर से दर्दनाक मृत्यु हो गयी मासूम बच्चा बुरी तरह घायल हो गया पुलिस के मुताबिक बुधवार को ललपुरा थाना क्षेत्र के बजेहटा निवासी रोहित (25) पुत्र जगभान साहू और उसकी भाभी रितु (25) पत्नी रवि बाइक से बच्चों का इलाज करा कर गाँव लौट रहे थे ,जिन्हें राठ की ओर से आ रहे लोडर ने कुचल दिया जिनकी मौके पर ही मौत हो गई लेकिन उनके साथ रीति का सात माह का बच्चा रिहाल बच गया, हालाँकि उसे भी चोटें आईं। घटना के बाद लोडर का चालक फरार मृतका रितु, उसका पति रवि और देवर रोहित (मृतक) सभी दिल्ली में मजदूरी करते थे, अभी लगभग एक सप्ताह पहले ही सभी लोग किसी शादी में शामिल होने दिल्ली से आए थे। मृतक रोहित भी शादीशुदा बताया गया जिसने गाँव की ही लड़की से प्रेम विवाह किया था जिनके भी एक बच्चा है।

क्षय रोग से पीड़ित वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली के रौरौ गांव में क्षय से पीड़ित वृद्धा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। रौरौ गांव निवासी अलखराम रैकवार ने बताया कि उसकी मां रामकुमारी(62) क्षय रोग से पीड़ित थी। जिनका इलाज चल रहा था। पिछले तीन माह से बच्चेदानी में शिकायत आ गई थी। हर अस्पतालों में उनका इलाज कराया। लेकिन उन्हें कुछ आराम नहीं मिला। बताया कि उनकी मां को कुछ दिनों से बहुत दर्द रहता था। जिससे वह परेशान रहती थी। बताया कि कोई भी डॉक्टर वृद्धावस्था व कमजोरी के कारण बच्चेदानी का ऑपरेशन करने को तैयार नहीं थे।

मझपुर्वा में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

गुरसहायगंज (कन्नौज)। मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देशन में अधिकारियों द्वारा नगर व क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मझपुर्वा में नायब तहसीलदार नें कहा कि पहले मतदान करें बाद में करें जलपान। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा के पंचायत भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से छिबरामऊ नायब तहसीलदार राम प्रकाश ने उपस्थित आकर लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर राष्ट्रहित में मतदान करें और मतदान के प्रति गांव के लोगों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर प्रधान बिलाल अहमद, प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी, काननूगो कौशलेंद्र दुबे, सचिन, शिवम पाठक, क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पाण्डेय सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

फोटो परिचय।17जीयूआर02। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व ग्राम प्रधान।

नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर कराया कन्याभोज

गुरसहायगंज (कन्नौज)। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों एवं देवी मंदिरों व श्रीराम मंदिर में पूर्व राज्यमंत्री को मंदिर के महंत पं. राकेश चन्द्र दुवे ने पूजन कराया। वहीं सती माता मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी नें पालिकाध्यक्षा के साथ हवन पूजन कर कन्याओं को भोज कराकर दान दक्षिणा भेंट की। इस दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। वही नगर में कई स्थानों पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

नवरात्र के अंतिम दिवस बुधवार कि सुबह से ही मंदिरों में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित प्राचीन काली देवी मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर, चकोर रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, जीटी रोड स्थित प्राचीन राम मंदिर में पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाडेय ने भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव

सती माता मंदिर में हवन पूजन व कन्या भोज कराते समाजसेवी।

ठाकुर के साथ माँ भगवती की पूजा अर्चना की। उधर नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता नें पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता के साथ विधि विधान से हवन पूजन व दान दक्षिणा भेंटकर कन्या भोज कराया। उधर नागरिकों ने अपने घरों पर पूजा बंदना कर कन्या भोज कराकर कन्याओं का आशीर्वाद लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर के मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर राकेश चन्द्र वर्मा, नीरज मिश्रा, विकास गुप्ता, मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, गंगासिंह, दीपक चक, नवल गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

खीरी सांसद ने कई गावों का किया दौरा

लखीमपुर खीरी। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकासखण्ड निघासन के ग्राम सुथना बरसोला एवं विकासखण्ड रमियाबेहड़ के ग्राम सिसैयाए दरेरी एवं मल्लबेहड़ में जनसम्पर्क किया तथा नगर पंचायत सिंगाही एवं नगर पंचायत निघासन में चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ भी किया।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकासखण्ड निघासन के ग्राम सुथना बरसोला में दुर्गा माता मंदिर के पास एवं विकासखण्ड रमियाबेहड़ के ग्राम सिसैयाए दरेरी एवं मल्लबेहड़ में जनसम्पर्क किया तथा नगर पंचायत सिंगाही में महारानी सुरथ कुमारी मार्ग एवं नगर पंचायत निघासन में मोहल्ला गांधीनगर निघासन मेन रोड पर चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया। जनसम्पर्क के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र के जनजीवन में बहुत बड़े बदलाव हुए है। पहले गांवों में कच्ची गलियां एवं सड़के होती थी घरों में शौचालय नहीं थे लोगों के रहने के लिए आवास नहीं थे लोग झोपड़ियों में रहते थे साफसफाई की भी कोई व्यवस्था नहीं थी लेकिन सन् 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गांव.गांव में पक्की सड़कों को बनवाया जिन लोगों के पास शौचालय एवं आवास नहीं था उन्हें शौचालय एवं आवास मुहैय्या करवाया।

गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार ने हर गांव में पंचायत घर बनवायाए हर ग्रामसभा में सामुदायिक शौचालय बनवाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस देश में भ्रष्टाचार पर था और उसका सबसे बड़ा उदाहरण और सबसे खराब समय 2004 से 2014 के बीच में था उस दौरान इस देश में इतने घोटाले हुए कि देश खोखला हो गया और जो पार्टियां सरकार में सत्ता में थी उनका खुला संरक्षण ऐसे लोगों के प्रति था कि इस देश में जो भी योजना आती थी उसमें उनके दलाल लग जाते थे थाने, तहसील एवं ब्लाक हर जगह पर दलाल मिल जाते थे प्रदेश में भी इस तरह की सरकारें थी कि उनके कार्यकर्ता खुलेआम दलाली करते थे ऐसे खुलेआम भ्रष्टाचार होता था और योजनाओं में तो सबसे ज्यादा होता था हमारी सरकार ने पहली बार जब 2014 में सरकार बनी तो कुछ ऐसे निर्णय लिए थे जिसमें हम यह उद्देश्य लेकर चले थे कि इस देश को भ्रष्टाचार का जो घुन खा रहा है जब तक उसको जड़ से खत्म नहीं किया जायेगा तब तक यह देश आगे नहीं बढ़ पाएगा।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', अमनदीप सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख निघासन, मो. कय्यूम अध्यक्ष नगर पंचायत सिंगाही (भेड़ौरा), कनक पाल सिंह राना, दामोदर मौर्य, जीएस सिंह, संगम लाल मिश्र, विनोद लोधी, प्रदीप शुक्ला, संजय मिश्रा, नागेन्द्र सिंह सेंगर, महेश गुप्ता, संजय गिरिए राहुल निषाद, प्रेम बाजपेई, प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव, मोनू दीक्षित, हरीश पाण्डेय, रतीराम लोधी, यदुवेन्द्र अवस्थी आदि लोग भी शामिल रहेंगे।

इंडिया गठबंधन परिवर्तन का काम करेगा: सपा प्रत्याशी

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश में परिवर्तन का काम करेगा। शाक्य ने आज दोपहर करीब 12. 30 बजे बाद बुधवार को फर्रुखाबाद जिले में शहर के नगला खैरवन्द स्थिति एक गेस्ट हाउस में स्थापित केंद्रीय सपा चुनाव कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि फर्रुखाबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन में सपा से सांसद चुने जाने के उपरांत हमारी पहली प्राथमिकता मे गरीब बच्चों की पढ़ाईलिखाई पर अपना पूरा वेतन खर्च करना होगी। इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉ शाक्य ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ किंग चार्ज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस तथा अमेरिका के शिकागो से वरिष्ठ कैंसर सर्जन फैलोशिप की शिक्षा दीक्षा पाने के साथ ही अपने आप को साधारण परिवार, गरीब किसान का बेटा बताते हुए कहां कि फर्रुखाबाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की कर्मभूमि एवं प्रमुख संकिसा भगवान बुद्ध हमारी प्रेरणा स्थलीय है।

उन्होंने दावा किया कि मैं पिछले करीब 12 वर्षों से डॉक्टर बनकर गरीब जनता की सेवा करता चला रहा हूं। फर्रुखाबाद लोकसभा के गरीब माता-पिता जो अपने गरीव बच्चों को पढ़ाई लिखाई कराने में असमर्थ हैं, मेरी पहली प्राथमिकता सांसद चुने जाने पर गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर पूरा वेतन खर्च करने की होगी।उन्होंने बताया कि फर्रुखाबाद जिले में आलू की सबसे ज्यादा पैदावार होती है परंतु अभी तक आलू पर आधारित कोई कारखाना न लगाया जाना चिंता जनक है । सपा प्रत्याशी डॉ शाक्य ने अपनी प्राथमिकता में माना कि आलू प्रोसेसिंग से कुछ दवाइयां बन सकती हैं। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि जिले में दो गवर्नमेंट सोसाइटी में कंम्पिल कताई सूत मिल करीब 23 वर्षों से बंद है, जिसके कर्मचारियों को निकाल दिया गया, जिनके बच्चे आज दयनीय हालत में है, इसके साथ ही दि किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज बदहाल में चल रहा है। इसी दौरान फर्रुखाबाद के प्रतिनिधियों से उन्होंने जानना चाहा कि किसी को अचानक हार्ट अटैक हो तो यहांउसे इलाज कैसे मिल पायेगा।

प्रश्न करते हुए कहा कि जिले में यदि यातायात के अच्छे उपयोगी साधन होते तो आज कारचोप का उद्योग फल फूल सकता था ।उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद चुने जाने पर इस दिशा में जनहित में कार्य कराऊंगा। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव मनदीप यादव एडवोकेट, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य, कांग्रेस प्रदेश सचिव अनूप वर्मा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा,, जन अधिकार पार्टी जिला अध्यक्ष प्रभात शाक्य, सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, चेयरमैन शमशाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष नदीम फारुकी, सीपीआई सुनील कटियार, सीपीआई एम अमित कुमार, गोरखपुर से आए चुनाव प्रभारी विनीत कुशवाहा, सपा मीडिया प्रभारी विवेक यादव आज मौजूद रहे।

ईद हो या तीज त्यौहार मनरेगा में चलेगा कागजों में फर्जी काम

मौदहा (हमीरपुर)। मनरेगा में फर्जी काम करने का मामला अक्सर शासन व प्रशासन में छाया रहता है,यहां पर ज्यादातर काम धरातल में कम कागजों में दिखायी देते है। यहाँ मुर्दो को काम में लगाने का मामला उजागर हो चुका है स लेकिन कार्यवाई के नाम पर जांच तक़ ही सीमित हो जाता है स जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। इस समय किसानी का कार्य फसल कटाई का काम जोरो पर चल रहा है स जहां अधिकतर मजदूर फसल कटाई में लगे है स लेकिन

● मनरेगा में फर्जीवाड़ा काम कराने का मामला फिर आया सामने, बीडीओ ने कहा करायेगी जांच

मनरेगा को तो निरंतर चलना है इसलिए ज्यातर गांवो में कही दो सौ तो कही चार सौ तो कही पांच सौ मजदूर कागजो में काम करते नजर आ रहे है विकास खंड में छब्बीस जनवरी हो या ईद का त्यौहार काम कागजों में निरंतर चलता रहता है। ग्राम पंचायत विगहाना में दो कार्यो में ढाई सौ से अधिक मजदूर कागजो में फर्जी काम कर रहे थे धरातल में नहीं, जलरोक बंध कार्य श्यामू के खेत से मइयादीन के खेत तक़ में 103 मजदूर सिर्फकागजों में काम करते दिखाए गए जिसमें से 36 मुस्लिम मजदूर है स और फर्जी एम एम एस कर फोटो से ही हाजरी भर कर मजदूर काम करते दिखाए गए है वही दूसरा काम जिसमें 155 मजदूर लगे है स जिसमें 42 मजूदूर मुस्लिम है स गब्बू वर्मा के खेत से पारा बंधा तक़ है स फर्जीवाड़ा का आलम यह है कि यहा पर ईद में भी मुस्लिम मजदूरों द्वारा काम करना दिखाया गया है। विगहाना ग्राम पंचायत में दो कार्यो 258 मजदूर काम पर दिखाए गए है स जिसमें एक दिन की एक मजदूर की मजदूरी 237 रूपये के हिसाब से258मजदूरों की मजदूरी 61146 रूपये होती है स जो प्रति दिन फर्जी तरीके से कागजों में काम दिखा कर डकार रहे है।

भाजपा सरकार ने खोखले नारों से देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया: आनंद

● आनंद भदौरिया के अथक प्रयासों की देन है मितौली तहसील: सुनील लाला

लखीमपुर खीरी। धौरहरा संसदीय क्षेत्र के कस्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुलौलाए सुतेहराए नीमगांवए पिपरियाए बेल जोधपुरए अल्लीपुरए भुलनपुरए बांछेपाराए मलिगवां व बेहजम में समाजवादी पार्टी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कियाए इस मौके पर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। सपा की नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। 'आनंद भदौरिया ने

तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार थमा

● पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर भी प्रचार समाप्त

भाषा। चेन्नई, कोलकाता

तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पश्चिम बंगाल के उत्तर में स्थित तीन लोकसभा सीटों के लिए बुधवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण में महाराष्ट्र की पांच और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर होने वाले मतदान के लिए भी चुनाव प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गया। इन सभी सीटों पर लोकसभा के लिए सात चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

तमिलनाडु में बुधवार को चुनाव प्रचार समाप्त होने तक राज्य के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के.स्टालिन, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और ऑल इंडिया अन्ना द्रमुक मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) नेता ई.के.पलानीस्वामी सहित अन्य नेताओं से अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश की। स्टालिन ने एक बार फिर 2024 के लोकसभा चुनाव को दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन बताया और दोहराया कि आम चुनाव यह तय करने के लिए है कि किसका शासन जारी नहीं रहना चाहिए बजाय इसके कि किसका सत्ता पर कब्जा होगा। द्रमुक प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपनी स्वार्थ की राजनीति के लिए देश को बर्बाद करने का आरोप लगाया।

अन्नाद्रमुक महासचिव पलानीस्वामी ने सलेम में एक रोड शो किया और 2021 के विधानसभा चुनावों से पहले किए गए वादों को पूरा नहीं करने के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक की आलोचना की। उन्होंने उदाहरण दिया कि द्रमुक ने अबतक पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं की है जिसका उसने वादा किया। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और पार्टी नेता एल. मुरुगन ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए क्रमशः कोयंबटूर और नीलगिरी में गहन प्रचार अभियान चलाया। पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीट, कूच बिहार (एससी), जलपाईगुड़ी (एससी) और अलीपुरद्वार (एसटी) के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार बुधवार शाम छह बजे समाप्त हो गया। इन सीट पर चाय बागान श्रमिकों की मुश्किलें और राजबंशियों की पहचान प्रमुख मुद्दे के रूप में उभरे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं की।

पहले चरण में, कुल 56,26,108 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें 28, 62,494 पुरुष, 27,63,506 महिलाएं और 108 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल है। तीन सीट पर मतदान के लिए 5,814 बूथ बनाए गए हैं। मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक सहित कुल मिलाकर 14 उम्मीदवार कूच बिहार से संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इस सीट से जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया को मैदान में उतारा है, जबकि फॉरवर्ड ब्लॉक ने नीतीश चंद्र रॉय और कांग्रेस ने पिया रॉय चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। चौधरी को छोड़कर सभी उम्मीदवार राजबंशी समुदाय से हैं।

महाराष्ट्र में पहले चरण में नागपुर, रामटेक, भंडारा-गोंदिया, चंद्रपुर और गढ़चिरौली सीट पर मतदान होगा। नागपुर में केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी और कांग्रेस के विकास ठाकरे के बीच सीधा मुकाबला है। गडकरी ने 2019 में कांग्रेस के नाना पटोले को 2,16,000 मतों से हराया था। नागपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्यालय है और यहां पर कुल 22,18,259 मतदाता हैं जिनमें 11,10,840 पुरुष मतदाता, 11,07,197 महिला और 222 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

चंद्रपुर में, भाजपा उम्मीदवार और महाराष्ट्र के वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा धानोरकर से है, जो दिवंगत सुरेश धानोरकर की पत्नी हैं। सुरेश धानोरकर इस सीट से 2019 में महाराष्ट्र से लोकसभा के लिए चुने गए एकमात्र कांग्रेस सांसद थे जिनका पिछले साल निधन हो गया था।

भंडारा-गोंदिया में भाजपा ने मौजूदा सांसद सुनील मेंढे को मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. प्रशांत पटोले से है। मेंढे ने 2019 में तत्कालीन अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नाना पंचबुधे को 1,97,394 से अधिक मतों से हराया था। भाजपा के दो बार के सांसद अशोक नेते गढ़चिरौली-चिमूर में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. नामदेव किरसन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 के चुनाव में नेते ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ नामदेव उसेंडी को हराया था। रामटेक में कांग्रेस के श्यामकुमार बर्वे का मुकाबला एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के उम्मीदवार राजू परवे से है। 2019 में यहां अविभाजित शिवसेना उम्मीदवार कृपाल तुमाने ने कांग्रेस के किशोर उत्तमराव गजभिए को हराया था।

ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित अवैध जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद के रूप में हुई है। ईडी ने मंगलवार को यहां तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और उनसे पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया।

तिर्की कथित तौर पर सोरेन से जुड़ा हुआ है जबकि सिंह एक रियल एस्टेट व्यवसाई है। ईडी द्वारा इस मामले में दायर किए गए आरोपपत्र के अनुसार सहाय ने अन्य के साथ मिलकर इस जमीन से संबंधित दस्तावेजों में भी फर्जीवाड़ा किया है। ईडी द्वारा चार और लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद इस मामले में अब तक कुल आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ईडी ने जनवरी में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही देर बाद सोरेन (48) को गिरफ्तार कर लिया था। वह फिलहाल रांची के होटवार में स्थित बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में मुख्य आरोपी व राजस्व विभाग के पूर्व उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, मोहम्मद सद्दाम हुसैन और अफसर अली को भी गिरफ्तार किया गया है। रांची में 8.86 एकड़ जमीन से संबंधित मामले में सोरेन के खिलाफ जांच की जा रही है। ईडी ने आरोप लगाया है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अवैध रूप से यह जमीन हासिल की थी।

सोरेन ने मंगलवार को रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। एजेंसी ने 30 मार्च को यहां एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष प्रसाद, हेमंत सोरेन, उनके सहयोगियों राज कुमार पाहन और हिलरिया कछप तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बिनोद सिंह के कथित सहयोगी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने रांची में स्थित जमीन भी कुर्क कर ली है और अदालत से भूखंड को जब्त करने का अनुरोध किया है। झारखंड पुलिस द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों समेत कई लोगों के खिलाफ जमीन घोटाले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद इस मामले में धनशोधन की जांच शुरू की गई थी। ईडी ने एक बयान जारी कर बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी भानु प्रताप प्रसाद है।

प्रेस की स्वतंत्रता को किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा के अधिकार के साथ संतुलित करना होगा:हाईकोर्ट

मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने एक कारोबारी को निशाना बनाने वाले वेब आलेख और वीडियो को हटाने का निर्देश देते हुए एक पत्रकार से कहा है कि प्रेस की स्वतंत्रता का इस्तेमाल किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा के अंतर्निहित अधिकार का उल्लंघन करने के लिए नहीं किया जा सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि खोजी पत्रकारिता को कोई विशेष संरक्षण प्राप्त नहीं है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे ने दो अप्रैल को जारी अपने आदेश में कहा कि स्वतंत्र पत्रकार वाहिद अली खान द्वारा अपलोड किए गए लेख और वीडियो प्रथम दृष्टया मानहानिकारक हैं। आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध हुई।

दुबई से कारोबार करने वाले स्वर्ण व्यापारी खंजन ठक्कर ने अंतरिम आदेश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था कि खान को उनकी आलोचना करने वाले सभी सोशल मीडिया लेखों और वीडियो को हटा देना चाहिए। ठक्कर ने उच्च न्यायालय में खान के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर 100 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है।

अर्जी में कहा गया है कि सोना कारोबारी को मुंबई पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजीजुआ घोटाले से संबंधित एक मामले में आरोपी के रूप में नामित किया था और इस प्राथमिकी के आधार पर, खान ने व्यवसाई के खिलाफ आधारहीन और अपमानजनक आरोप लगाते हुए कहानियों और वीडियो की एक शृंखला अपलोड की। न्यायमूर्ति डांगरे ने आदेश में कहा कि खान अपने आरोपों के समर्थन में कोई भी सामग्री प्रस्तुत करने में विफल रहे। खान के वकील ने दलील दी कि वह अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर रहे थे और एक पत्रकार के रूप में सार्वजनिक हित में जानकारी प्रकाशिताप्रसारित करना उनका मौलिक कर्तव्य भी था।

राजनाथ ने परमाणु हथियारों को नष्ट करने का मांगा स्पष्टीकरण

कासरगोड (केरल)। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के घोषणापत्र में देश में परमाणु हथियार नष्ट करने के बारे में किए गए वादे पर बुधवार को कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा। सिंह ने कहा कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। केरल के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि माकपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में परमाणु हथियारों को नष्ट करने का वादा किया है जिस पर कांग्रेस को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि देश में परमाणु कार्यक्रमों की शुरुआत इंदिरा गांधी ने की थी। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु शक्ति संपन्न देशों में से एक बनने के लिए कड़ी मेहनत की है और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से देश कमजोर हो जाएगा जबकि उसके पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्ति संपन्न हैं।

माकपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों जिनमें रासायनिक और जैविक हथियार शामिल हैं उनका पूर्ण सफाया किया जाएगा। अपने संबोधन में भाजपा नेता ने यह भी कहा कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ। सिंह ने आरोप लगाया कि दोनों दल भगवान राम या रामनवमी के महत्व को नहीं समझते। कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, उन्होंने राम नवमी पर्व मनाने में बाधा डाली। हम सबको मालूम है कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध कर रही थी और आज देश में उसकी हालत देखिए। वामपंथी दल भारत में केवल कुछ ही इलाकों में सिमट गए हैं।

भगवान राम का विरोध करने वालों का पतन हुआ है: राजनाथ

कासरगोड (केरल)। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ हुआ। सिंह ने आरोप लगाया कि दोनों दल भगवान राम या रामनवमी के महत्व को नहीं समझते। कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं। भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, उन्होंने राम नवमी का पर्व मनाने में बाधा डाली। हम सबको मालूम है कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है।

कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों की कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाने के साथ ही सिंह ने यह भी दावा किया कि भाजपा देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों की कथनी और करनी अलग-अलग थी इसलिए, इसके परिणामस्वरूप भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का संकट पैदा हो गया। उन्होंने कहा कि इस संकट को भाजपा ने एक चुनौती के रूप में लिया और अतीत में किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आती है, तो मोदी की सभी गारंटी - भारत को विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाना, किसानों का कल्याण, अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति और राष्ट्र का विकास - को पूरा किया जाएगा। हम अगले पांच वर्षों में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। सिंह ने कहा कि आत्मविश्वास से परिपूर्ण भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में केरल में दोहरे अंक में सीट मिलेंगी। केरल में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होंगे।

क्विक न्यूज

लालू प्रसाद ने अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के लिए प्रचार करने सारण गए

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद बुधवार को अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के लिए प्रचार करने सारण के लिए रवाना हुए। प्रसाद के छोटे बेटे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव ने यहां पत्रकारों से कहा, सारण उनकी कर्मभूमि रही है। हमेशा से लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया है। उनकी मांग और चाहत थी कि लालू जी उनके बीच आएं, तो आज वह वहां गए हैं। यह पूछे जाने पर कि राजद सुप्रीमो क्या आगे भी आगे भी चुनाव प्रचार में शामिल होंगे, तेजस्वी यादव ने कहा, वह उनके नेता हैं। उनके नेतृत्व में बिहार में इंडिया गठबंधन काम कर रहा है, वह (प्रचार) क्यों नहीं करेंगे। मेरी बहन ने हमारे माता-पिता की अनुकरणीय सेवा की, वह उसी भावना से लोगों की सेवा करेगी। तेजस्वी यादव का इशारा आचार्य द्वारा प्रसाद को किडनी दान किए जाने की ओर था। चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराए गए प्रसाद, 2013 में अयोग्य ठहराए जाने तक प्रसाद ने सारण का कई बार प्रतिनिधित्व किया था। सारण में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। तेजस्वी यादव से जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस आरोप के बारे में पूछा गया कि राजद विकास के खिलाफ है, प्रधानमंत्री के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है। वह पिछले दस वर्षों में बिहार के लिए राजग द्वारा किए गए एक भी काम के बारे में नहीं बता सकते। बिहार को विशेष दर्जा, विशेष पैकेज दिए जाने का क्या हुआ... प्रधानमंत्री युवाओं को रोजगार दिए जाने के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उनके वादों का क्या हुआ? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री समेत राजग नेता पूरी तरह बेनकाब हो गए हैं। बिहार की जनता हकीकत जानती है। यही कारण है कि पिछले विधानसभा चुनाव में राजद बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। मैंने बार-बार कहा है कि बिहार में लोकसभा चुनाव के नतीजे आश्चर्यजनक होंगे। यह पूरी तरह से महागठबंधन के पक्ष में होगा। वे (राजग नेता) केवल संविधान बदलने की बात कर सकते हैं। राजग के कई नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। जो लोग संविधान को बदलने की कोशिश करेंगे, वे ख़त्म हो जाएंगे। मंगलवार को गया में एक रैली में प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस सहित विपक्षी नेताओं पर संविधान को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया था। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राजद भ्रष्टाचार और गुंडा राजका प्रतीक है।

कांग्रेस का आर्थिक एजेंडा विभाजनकारी: मिलिंद देवरा

मुंबई। शिवसेना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवरा ने दावा किया कि किसी जमाने में आर्थिक सुधारों की शुरुआत करने वाली कांग्रेस का वर्तमान में विभाजनकारी आर्थिक एजेंडा है, जो भारत के आर्थिक विकास को पटरी से उतारना चाहता है। देवरा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि कांग्रेस अब काफी हद तक वामपंथी हो गई है और उन नीतियों के बारे में बात करती है, जो वामपंथ और समाजवाद से प्रेरित हैं और ए दोनों ही विचारधाराएं दुनिया भर में विफल रही हैं। देवरा ने कहा कि कांग्रेस को उन नीतियों के बारे में बात करनी चाहिए, जो ईंधन नवाचार और निवेश को बढ़ाए। इस वर्ष जनवरी में कांग्रेस छोड़ कर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हुए देवरा ने कहा कि 1991 के आर्थिक सुधार, पिछले 60 से 70 वर्षों की कांग्रेस की नीतियों ने व्यापारियों और धन सृजनकर्ताओं को पनपने का मौका दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अब कांग्रेस पार्टी उनकी आलोचना करने की कोशिश कर रही है। देवरा ने दावा किया, यह इस बात का संकेत है कि कांग्रेस अपनी ही बनाई हुई परंपरा से दूर भाग रही है। उन्होंने कहा, किसी जमाने में कांग्रेस के पास भारत को आगे ले जाने का आर्थिक एजेंडा था। आज मुझे लगता है कि कांग्रेस का आर्थिक एजेंडा विभाजनकारी है, जो भारत के आर्थिक विकास को पटरी से उतारना चाहता है। आज भारत में वाकई दिलचस्प बयार चल रही है और दुनिया चीन से हटकर भारत में निवेश करना चाहती है। मनमोहन सिंह सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे देवरा ने कहा, हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। 2004 से 2014 तक दक्षिण मुंबई से लोकसभा सदस्य रहे देवरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह सहित कांग्रेस के कई नेता पार्टी के मौजूदा आर्थिक दृष्टिकोण से इत्तेफाक नहीं रखते। यह वही कांग्रेस है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की अगुवाई में 1991 में आर्थिक सुधार लागू किए थे।

राहुल ने लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई बताया

भाषा। मांड्या (कर्नाटक)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई करार दिया जिसमें एक तरफ इंडिया समूह 'संविधान के लिए लड़ रहा है वहीं दूसरी ओर भाजपा संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है। राहुल गांधी ने चुनाव के लिए अपनी पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि अगर इंडिया समूह सत्ता में आता है, तो यह 'आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकारै होगी। उन्होंने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस और इंडिया समूह है जिसने संविधान के लिए लड़ाई लड़ी, देश को संविधान और लोकतंत्र दिया। दूसरी ओर भाजपा है, जो संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है और सभी संस्थानों में अपने लोगों को नियुक्त कर रही है।

राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार 22 से 25 अमीर लोगों की है लेकिन कांग्रेस ऐसी सरकार देगी जो आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के लिए काम करेगी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार 'हफ्ता बाजौ चलाती है। इसके साथ ही उन्होंने अब खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना को दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा जबरन वसूली घोटाला करार दिया।

राहुल गांधी ने लोगों से कहा कि वे चुनावी बॉण्ड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साक्षात्कार गूगल पर देखें कि उनके हाथ कैसे कांप रहे थे। उन्होंने कहा, आपने नरेन्द्र मोदी का इंटरव्यू देखा होगा। उस इंटरव्यू में उन्होंने चुनावी बॉण्ड के बारे में चर्चा की थी। यह एक घंटा लंबा साक्षात्कार था जहां उन्होंने चुनावी बॉण्ड पर स्पष्टीकरण देने की कोशिश की। गांधी ने कहा, सिर्फ एक काम करें। गूगल पर जाएं और उनका साक्षात्कार देखें, आप देखेंगे कि उनके हाथ कांप रहे हैं क्योंकि चुनावी बॉण्ड भारत में अब तक का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है।

उन्होंने आरोप लगाया, सड़क पर इसे जबरन वसूली और हफ्ता बाजी कहा जाता है। आमतौर पर छोटे-मोटे गुंडे ऐसे काम करते हैं। वे धमकाते हैं और पैसे वसूलते हैं। चुनावी बॉण्ड दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा जबरन वसूली घोटाला है। यही वजह है कि इसे स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री के हाथ कांप रहे थे। एक महीने पहले चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद वह कांग्रेस शासित कर्नाटक की पहली यात्रा पर आए हैं। मांड्या क्षेत्र में कांग्रेस का मुकाबला जद (एस) से है जिसका भाजपा के साथ गठबंधन है। इस सीट पर जद (एस) के एचडी कुमारस्वामी और स्टार चंद्रू के नाम से मशहूर कांग्रेस नेता वेंकटरमण गौड़ा के बीच सीधा मुकाबला है।

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीट हैं और 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस को केवल एक सीट मिली थी। भाजपा को 25 सीट पर जीत मिली थीं, जबकि एक सीट पर भाजपा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार विजई हुआ था। उस चुनाव में जद (एस) को एक सीट मिली थी और उसका कांग्रेस के साथ गठबंधन था। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दावा किया है कि इस बार उनकी पार्टी कांग्रेस राज्य में 15 से 20 सीट पर कामयाब होगी। राहुल गांधी ने जद (एस) पर निशाना साधते हुए उसे भाजपा की सहयोगी बताया। उन्होंने कहा, मैंने विधानसभा चुनाव (2023) के दौरान आपसे कहा था कि यहां एक भाजपा है, जिसे बी टीम मिली है और आपने उस पर भरोसा किया और आज यह सबको पता है कि यह सिर्फ बी टीम नहीं बल्कि उसकी सहयोगी है जो 24 घंटे उसकी मदद करती है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में पहले चरण का प्रचार थम गया

कोहिमा/गंगटोक/ईटानगर/अगरतला पूर्वोत्तर के राज्यों में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बुधवार शाम को प्रचार थम गया। नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी व्यासन आर. ने एक अधिसूचना में कहा कि किसी भी व्यक्ति को बुधवार शाम चार बजे के बाद चुनाव के संबंध में कोई सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, उसमें भाग लेने या जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सिक्किम में 32 विधानसभा सीटों और एकमात्र लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रचार अभियान बुधवार को समाप्त हो गया। सिक्किम विधानसभा और एकमात्र लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। सिक्किम में चुनाव 19 अप्रैल को होंगे। त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा क्षेत्र और रामनगर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए प्रचार बुधवार शाम पांच बजे थम गया। निर्वाचन कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां कर ली गई हैं। असम में भी पांच लोकसभा सीटों पर पहले चरण के तहत होने वाले मतदान के लिए प्रचार अभियान समाप्त हो गया।

इस चरण में जिन पांच सीटों पर मतदान होना है उनमें डिब्रूगढ़, जोरहाट, काजीरंगा, सोनितपुर और लखीमपुर शामिल हैं। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को एक साथ होने वाले मतदान का प्रचार बुधवार शाम को समाप्त हो गया। अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा सीटों और राज्य विधानसभा की 50 सीटों के लिए जोरदार प्रचार अभियान देखा गया है। मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार बुधवार को समाप्त हो गया और राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के अंतिम समय तक प्रयास करते दिखे। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि प्रचार अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था की कोई बड़ी समस्या नहीं हुई।

पेज 1 का शेष

पांच सदी बाद...

ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टिप्पणी की, आज, अयोध्या दिव्य कृपा से चमक रही है। यह ऐतिहासिक क्षण सभी के लिए शांति, एकता और समृद्धि के युग की शुरुआत करे। जैसे ही वैदिक मंत्र हवा में गूंजने लगे और शहर इस खगोलीय घटना की सुनहरी चमक में डूब गया, दूर-दूर से आए भक्तों ने सपने के पूरा होने का आनंद लिया - श्रद्धेय भगवान राम को समर्पित एक मंदिर, जो उनके दिव्य जन्मस्थान पर खड़ा है। इस घटना का महत्व अयोध्या के निवासियों में गहराई से जुड़ा हुआ है, जो पांच शताब्दियों से अधिक समय से भगवान राम के जन्मस्थान पर मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहे थे। अयोध्या की निवासी अंजलि वर्मा ने कहा, राम लला के माथे पर सूरज की रोशनी को देखना किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह हमारे विश्वास की पुष्टि करता है और भगवान राम के साथ हमारे संबंध को मजबूत करता है। पास के कनक भवन में अयोध्या की महिलाओं ने भगवान राम के जन्म के दिव्य क्षण का जश्न मनाते हुए मंगल गीत, सौहर गाए। उत्सव की शुरुआत बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त के साथ सुबह 3.30 बजे मंगला आरती के साथ हुई। इसके बाद, अभिषेक, शृंगार और दर्शन जैसे अनुष्ठान निर्बाध रूप से आयोजित किए गए। सुबह पांच बजे श्रृंगार आरती हुई, उसके बाद दर्शन-पूजन हुआ। बड़ी भीड़ की तैयारी के लिए शयन आरती के बाद प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर के निकास द्वार पर सुविधाजनक स्थान पर की गई है। तीर्थयात्रियों को मंदिर परिसर में प्रवेश करने से पहले मोबाइल फोन, जूते और अन्य निषिद्ध वस्तुओं को सुरक्षित रूप से जमा करने की सलाह दी जाती है। चंपत राय ने आगे कहा कि अपेक्षित भीड़ के कारण सुगम दर्शन, वीआईपी दर्शन, मंगला आरती, शृंगार आरती और शयन आरती सहित विभिन्न सेवाओं के लिए पास 19 अप्रैल तक जारी नहीं किए जाएंगे।

पहले चरण...

इसे एक्ट ईस्ट नीति में बदल दिया है। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके कई कैबिनेट सहयोगियों, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी जैसे कांग्रेस के नेताओं और अन्य दलों ने भी अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को गाजियाबाद में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार की भविष्यवाणी की गई। बदले में विपक्षी नेताओं ने चुनावी बांड, एजेंसियों के कथित दुरुपयोग, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर सरकार पर हमला किया है। भाजपा ने भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और संविधान तथा हिंदू धर्म का अपमान करने को लेकर इंडिया गुट पर पूरी तरह से हमला बोल दिया है। आठ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, सर्बानंद सोनोवाल, संजीव बलियान, जीतेंद्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, अर्जुन राम मेघवाल और एल मुरुगन, दो पूर्व मुख्यमंत्री - बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) और नबाम तुकी (अरुणाचल प्रदेश), और पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन (तेलंगाना) भी मैदान में हैं। चुनाव में जाने वाली कुछ हाई-प्रोफाइल सीटों में चेन्नई दक्षिण, कोयंबटूर, नागपुर, डिब्रूगढ़, जोरहाट, जमुई शामिल हैं। पहले चरण में 1625 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। 2019 में, यूपीए ने इन 102 सीटों में से 45 और एनडीए ने 41 सीटें जीती थीं। इनमें से छह सीटों को परिसीमन अभ्यास के हिस्से के रूप में फिर से तैयार किया गया है। तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नागालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1)। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा में एक-एक सीट पर मतदान होगा। भाजपा के दक्षिण-पुश में तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की किस्मत का फैसला तमिलनाडु के कोयंबटूर की जनता करेगी। यहां उनका मुकाबला द्रमुक नेता और कोयंबटूर के पूर्व मेयर गणपति पी राजकुमार और अन्नाद्रमुक के सिंगाई रामचंद्रन से है। अन्नामलाई को मैदान में उतारने के भाजपा के फैसले ने द्रमुक को 10 साल बाद एक उम्मीदवार खड़ा करने के लिए प्रेरित किया, अन्यथा कपड़ा उद्योगों के समूह और केरल से इसकी निकटता के कारण इसे वामपंथी दलों के लिए छोड़ दिया जाता था। वास्तव में कपड़ा उद्योग ही वह चीज़ है जो कोयंबटूर को भाजपा के लिए एक उम्मीद बनाती है। यह सीट भाजपा के लिए इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह राज्य में पार्टी की शुरुआती लोकसभा सीटों में से एक थी। केरल की पहाड़ी वायनाड सीट, जिसे कांग्रेस के राहुल गांधी के लिए एक सुरक्षित दांव के रूप में देखा जाता है, शायद उतनी सुरक्षित नहीं है। इस सीट पर उन्होंने 2019 के लोकस

कांग्रेस ने लूट ईस्ट नीति अपनाई थी, भाजपा ने उसे एक्ट ईस्ट नीति में बदला: प्रधानमंत्री

भाषा। अगरतला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने लूट ईस्ट नीति अपना रखी थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उसे एक्ट ईस्ट नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने लूट ईस्ट की नीति अपना रखी थी, वहीं भाजपा ने इसे एक्ट ईस्ट नीति में बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने उत्तर पूर्व के साथ न्याय नहीं किया और क्षेत्र को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया, वहीं कम्युनिस्टों ने राज्य की संभावनाओं को कम कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र में विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, त्रिपुरा के लोगों को इससे बहुत फायदा मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे पटरियों पर विद्युतीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपए प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपए से 5,000 रुपए रहता। कांग्रेस और माकपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, जांच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर आलोचना करने वाले कांग्रेस के युवराज अब भ्रष्टाचार के आरोप में केरल के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। किसी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पिछले 10 साल की अपनी सरकार की उपलब्धियों को केवल ट्रेलर बताते हुए मोदी ने कहा कि अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है तो बहुत सारे काम होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले पांच साल तक सभी वर्गों को बिना भेदभाव के मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

एल्गार परिषद मामले की आरोपी शोमा सेन मुंबई जेल से बाहर आईं

मुंबई। एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले की आरोपी एवं नागपुर विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर शोमा सेन को बुधवार दोपहर यहां एक जेल से रिहा कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने उन्हें 2018 के मामले में पांच अप्रैल को जमानत दे दी थी। वरिष्ठ जेल अधिकारी ने कहा कि सेन सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मध्य मुंबई की भायखला जेल से बाहर आ गईं। जेल के बाहर उनकी बेटी और रिश्तेदारों ने उनका स्वागत किया। सेन 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन से संबंधित मामले में गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों सहित 16 लोगों में से एक थीं। पुणे पुलिस ने आरोप लगाया था कि सम्मेलन को माओवादियों का समर्थन प्राप्त था और वहां भड़काऊ भाषण दिए गए थे, जिसके अगले दिन पुणे जिले में भीमा कोरेगांव युद्ध स्मारक के पास जातीय हिंसा भड़क उठी थी।

मोदी सरकार बहुत कम समय में नक्सलियों का सफाया कर देगी: गृह मंत्री शाह

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार बहुत कम समय में देश से नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया कर देगी। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा 29 माओवादियों को मार गिराने के एक दिन बाद उन्होंने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार आतंकवाद और नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। शाह ने कहा, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले समय में भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे और मोदी के नेतृत्व में हम बहुत कम समय में अपने देश से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे।

गृह मंत्री ने कहा कि तीन महीने पहले छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद से 80 से अधिक नक्सलियों को मारा जा चुका है, 125 से अधिक को गिरफ्तार किया गया है और 150 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के शिविर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से, 250 से अधिक ऐसे शिविर स्थापित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि भीषण गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे और मौके से बड़ी मात्रा में हथियार जब्त किए गए थे।

अमित शाह ने मप्र के छिंदवाड़ा में राम मंदिर में पूजा की

छिंदवाड़ा (मप्र)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार सुबह मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा शहर में राम मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंगलवार शाम को रोड शो करने के बाद वह रात भर छिंदवाड़ा में रुके थे। शाह ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट में कहा, राम नवमी के शुभ अवसर पर, मैंने छिंदवाड़ा में श्री राम मंदिर का दौरा किया और देश की निरंतर प्रगति और देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय धावले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय मंत्री शाह ने राम मंदिर के दर्शन से पहले बुधवार सुबह पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पूजा-अर्चना के बाद शाह हेलिकॉप्टर से नागपुर के लिए रवाना हो गए। शाह ने मंगलवार को छिंदवाड़ा शहर में भाजपा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू के समर्थन में रोड शो किया था, जिनका मुकाबला कांग्रेस के दिग्गज नेता कमल नाथ के बेटे और मौजूदा सांसद नकुल नाथ से है। छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान है।

भाजपा का ममता पर रामनवमी का अपमान करने का आरोप, राहुल व अखिलेश पर हमला

नई दिल्ली। भाजपा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर रामनवमी उत्सव को वैमनस्यता से जोड़ने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनकी टिप्पणियां देश की संस्कृति के प्रति इंडिया गठबंधन के नेताओं की अपमानजनक मानसिकता को दर्शाती हैं। रामनवमी पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में शांति बनाए रखने, समृद्धि और विकास की अपील की। उनके पोस्ट पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि शांति बनाए रखने की उनकी अपील का मतलब है कि वह त्योहार को अशांति या वैमनस्यता से जोड़कर देखती हैं।

भाजपा सांसद ने संवाददाताओं से कहा, यह पूरी तरह से रामनवमी के त्योहार का अपमान है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव द्वारा संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में किए गए इस दावे को लेकर भी कटाक्ष किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में जीत हासिल करेगा।

यादव ने कहा था कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से परिवर्तन की बयार बह रही है और इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक प्रचंड जीत दर्ज करेगा। दोनों विपक्षी नेताओं में खुद उप्र से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने का साहस नहीं है, लेकिन वे दूसरों को आश्वासन दे रहे हैं। हर कोई जानता है कि आएगा तो मोदी ही। त्रिवेदी ने कहा कि जहां राहुल गांधी ने 2019 में अमेठी से चुनाव हारने के बाद उत्तर प्रदेश छोड़ दिया, वहीं उनकी मां एवं रायबरेली से लोकसभा सदस्य रहीं सोनिया गांधी राज्यसभा चली गई हैं। राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से जीते थे और फिर से वहीं से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने चुनावी बॉण्ड योजना को घोटाला बताने पर विपक्षी नेताओं की आलोचना की और कहा कि कांग्रेस तथा तृणमूल कांग्रेस ने इन बॉण्ड के माध्यम से सैकड़ों करोड़ रुपए एकत्र किए।

भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ 0-14 साल की आबादी 24 प्रतिशत

यूएनएफपीए रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट -इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप: एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट्स में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है।

रिपोर्ट में कहा गया, भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

यूएनएफपीए ने पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ द्वारा भारत में जिला-स्तरीय मातृ मृत्यु अनुपात के संबंध में एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत के 640 जिलों में हाल ही में किए गए शोध से पता चला है कि लगभग एक तिहाई जिलों ने मातृ मृत्यु दर को कम करने का सतत विकास लक्ष्य हासिल किया है, जिसमें प्रति 100,000 जीवित जन्म पर मातृ मृत्यु दर 70 से कम है, लेकिन 114 जिलों में अभी भी यह अनुपात 210 या उससे अधिक है।

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 लोगों की मौत

नाडियाड (गुजरात)। गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

क्विक न्यूज

किसी भारतीय के चंद्रमा पर उतरने तक इसरो का चंद्र मिशन जारी रहेगा : एस. सोमनाथ

अहमदाबाद। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष निकाय अपनी चंद्रयान श्रृंखला तब तक जारी रखेगा जब तक देश का कोई अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर नही उतर जाता। अंतरिक्ष एजेंसी के चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने पिछले साल अगस्त मे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की और इसके साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला देश बन गया। सोमनाथ ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओ से कहा, चंद्रयान-3 ने बहुत अच्छा काम किया है। आंकड़े एकत्र कर लिए गए है और वैज्ञानिक प्रकाशन अभी शुरू हुआ है। अब, हम चंद्रयान श्रृंखला को तब तक जारी रखना चाहते है जब तक कि कोई भारतीय चंद्रमा पर नही उतर जाता। उससे पहले हमे कई तकनीको मे विशेषज्ञता हासिल करनी होगी, जैसे वहां जाना और वापस आना। हम अगले मिशन मे ऐसा करने की कोशिश कर रहे है। वह एस्ट्रोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर अहमदाबाद आए थे। सोमनाथ ने देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान के बारे मे कहा कि इसरो इस साल एक मानवरहित मिशन, एक परीक्षण यान मिशन और एक एयरड्रॉप परीक्षण करेगा। उन्होने कहा, एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा। अगले साल दो मानव रहित मिशन होगे और अगर सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल के अंत तक मानव मिशन होगा।

थलसेना प्रमुख जनरल पांडे ने उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में अत्याधुनिक आईटी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को उज्बेकिस्तान की अपनी यात्रा के दौरान उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी मे एक अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारतीय सेना के सूत्रो ने कहा कि सितंबर 2018 मे रक्षामंत्रियो की बैठक के दौरान की गई प्रतिबद्धता के बाद यह घटनाक्रम दोनो देशो के बीच रक्षा सहयोग मे मील का एक पत्थर है। जनरल पांडे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए 15 से 18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर है। रक्षा मंत्रालय ने पूर्व मे एक बयान मे कहा था कि जनरल पांडे का कई रक्षा प्रतिष्ठानो का दौरा करने के अलावा मध्य एशियाई राष्ट्र के शीर्ष सैन्य अधिकारियो के साथ व्यापक बातचीत करने का कार्यक्रम है। सूत्रो ने कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधो को मजबूत करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जनरल पांडे ने उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी मे अत्याधुनिक आईटी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होने कहा कि प्रयोगशाला अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसमे दो व्याख्यान कक्ष, एक अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला, एक हार्डवेयर प्रोग्रामिंग प्रयोगशाला और एक मल्टीमीडिया कक्ष सहित कई सुविधाएं है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को सेना प्रमुख की उज्बेकिस्तान यात्रा को दोनो देशो के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम बताया था।

मोदी लहर है, मोदी लहर रहेगी : नवनीत राणा

अमरावती (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के अमरावती लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार नवनीत राणा ने बुधवार को कहा कि देश मे मोदी लहर है। नवनीत ने एक रैली मे की गई उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए विपक्षी दलो को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा उम्मीदवार ने रैली के दौरान कुछ ऐसा कहा था, जिससे प्रतीत हो रहा था कि वह मोदी लहर की मौजूदगी को लेकर सवाल उठा रही है। नवनीत ने कहा, मोदी लहर है और मोदी लहर रहेगी। देश की प्रगति के लिए मोदी की जरूरत है। उन्होने कहा, विपक्षी दलो ने मेरे भाषण के वीडियो के साथ काट-छांट करने की कोशिश की और मेरी प्रतिक्रिया के साथ छेड़-छाड़ की। शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे (शिवसेना यूबीटी) ने एक दिन पहले नवनीत के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह सच बोल रही है। नवनीत ने सोमवार को अमरावती मे एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था, हमे इस चुनाव मे ऐसे लड़ना होगा जैसे हम ग्राम पंचायत का चुनाव लड़ रहे हो। हमे सभी मतदाताओ को दोपहर 12 बजे तक मतदान बूथ पर लाना होगा और उनसे वोट करने के लिए कहना होगा। उन्होने कहा था, अगर कोई यह सोचता हो कि मोदी लहर है तो याद रखिए कि 2019 लोकसभा चुनाव मे मै इतने विशाल (सत्तारूढ़ दल) तंत्र के बावजूद निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे निर्वाचित हुई थी।

यादवपुर विवि ने परिसर में रामनवमी उत्सव की अनुमति वापस ली

कोलकाता। यादवपुर विवि ने परिसर में रामनवमी उत्सव मनाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को दी गई अनुमति वाम समर्थित छात्र संगठनों के विरोध के बीच बुधवार को वापस ले ली। सूत्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय ने गेट नंबर 3 के पास पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न दो बजे तक रामनवमी मनाने की अनुमति दी गई थी। रजिस्ट्रार स्नेहामंजू बसु ने एक नोटिस में कहा कि छात्रों के विभिन्न समूहों से लिखित शिकायतें मिलीं कि इस तरह के कार्यक्रम से परिसर में शांति और सद्भाव में व्यवधान हो सकता है। नोटिस में कहा गया कि इसे देखते हुए उत्सव मनाने संबंधी अनुमति वापस ली जा रही है। इसमें उच्च शिक्षा विभाग के एक पत्र का भी हवाला दिया गया जिसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लेख किया गया।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता की हत्या की

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने सत्ताधारी भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले एक साल में राज्य के माओवाद प्रभावित इलाकों में नक्सलियों द्वारा किसी भाजपा नेता या सदस्य की यह नौवीं हत्या है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसगांव थाना क्षेत्र के दंडवन गांव में मंगलवार देर रात गांव के उपसरपंच पंचमदास की हत्या कर दी गई। कुछ नक्सली गांव पहुंचे और उन्होंने उपसरपंच पंचमदास की हत्या कर दी।

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को मौके पर भेजा गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने हमलावर नक्सलियों का पता लगाने के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है। नारायणपुर जिला बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आता है जहां 19 अप्रैल को मतदान होगा।

नारायणपुर शहर में संवाददाताओं से बात करते हुए राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप ने इस घटना की निंदा की और कहा कि इसकी जांच की जाएगी। पिछले एक साल में भाजपा नेताओं की (नक्सलियों द्वारा) हत्याएं बताती हैं कि कांग्रेस और नक्सलियों ने सांठगांठ करके इन घटनाओं को अंजाम दिया है। घटना (दंडवन हत्याकांड) की जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। इस वर्ष छह मार्च को पड़ोसी बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक भाजपा नेता की हत्या कर दी थी। इससे पहले एक मार्च को तोयनार गांव (बीजापुर जिला) में पार्टी के अन्य नेता की भी नक्सलियों ने तब हत्या कर दी थी जब वह वहां एक शादी में शामिल होने गए थे। पिछले साल नवंबर में विधानसभा चुनाव से पहले, भाजपा की नारायणपुर जिला इकाई के उपाध्यक्ष रतन दुबे की चुनाव प्रचार के दौरान हत्या कर दी गई थी।

भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है: रघुराम राजन

वाशिंगटन। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादकता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना: इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा, मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि हम इसका फायदा नहीं उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए मैंने कहा.. छह प्रतिशत वृद्धि। यदि आप सोचते हैं कि अभी हम इसी स्थिति में हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों से गड़बड़ी को दूर कर लें। वह छह प्रतिशत जनसांख्यिकीय लाभांश में ही है। यह उससे काफी कम है जहां चीन तथा कोरिया तब थे जब उन्होंने अपना जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा हासिल किया था। राजन भारत द्वारा चिप निर्माण पर अरबों डॉलर खर्च करने के आलोचक रहे हैं। उन्होंने कहा, इन चिप कारखानों के बारे में सोचें। चिप निर्माण पर इतने अरबों डॉलर की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा, जबकि चमड़ा जैसे रोजगार प्रधान कई क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।

राजन ने कहा, हम उन क्षेत्रों में नीचे जा रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि हमारे पास नौकरियों की कमी की समस्या है। यह पिछले 10 साल में उत्पन्न नहीं हुई बल्कि पिछले कुछ दशकों से बढ़ रही है। हालांकि अगर आप उन क्षेत्रों की उपेक्षा करते हैं जिन्हें बढ़ाया जा सकता है.... मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हमें अब चमड़ा क्षेत्र पर सब्सिडी देने की जरूरत है, लेकिन यह पता लगाएं कि वहां क्या गलत हो रहा है और उसे सुधारने का प्रयास करें।

एक सवाल के जवाब में राजन ने कहा कि बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इस बीच कार्यक्रम में मौजूद सेलेस्टा कैपिटल के प्रबंधक साझेदार अरुण कुमार ने कहा, भारत को वैश्वीकरण का फायदा मिल रहा है। इसकी आर्थिक समृद्धि भारत में और भारत से व्यापार तथा निवेश बढ़ाने में इसकी वैश्विक परस्पर निर्भरता से प्रेरित होगी, जिससे रोजगार सृजन, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तथा समृद्धि में मदद मिलेगी। आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की स्थिति विनिर्माण में बढ़ती भागीदारी के लिए भारत के पक्ष में काम करती है। उन्होंने कहा, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अधिक भागीदारी की सुविधा के लिए व्यापार सुगमता, व्यापार सुविधा में आसानी, आधुनिक बुनियादी ढांचे तथा संबंधित लॉजिस्टिक्स के निर्माण पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है।

झामुमो नेता ने पीएम के खिलाफ गलत बयान के लिए माफी मांगी

भाषा। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता नजरुल इस्लाम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक बयान देने को लेकर बुधवार को माफी मांग ली और कहा कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब एक दिन पहले ही भाजपा की झारखंड इकाई ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर नजरुल इस्लाम को गिरफ्तार किए जाने की मांग की थी। इस्लाम को एक वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि चुनाव में 400 सीट जीतने के बजाय प्रधानमंत्री 400 फुट नीचे दफनाए जाएंगे।

झामुमो नेता ने एक वीडियो बयान में कहा, एक राजनीतिक भाषण के दौरान मैं प्रधानमंत्री के 400 सीट जीतने के दावे के खिलाफ बोल रहा था। मेरे कहने का मतलब यह था कि उन्हें (भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को) 400 सीट नहीं मिलेंगी और वे सत्ता से बाहर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, मैं एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति और प्रोफेसर हूं। मैं प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे शब्द नहीं बोल सकता। लेकिन, अगर किसी कारण से मेरी बातों से किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं दिल से माफी मांगता हूं। इस्लाम ने रविवार को साहिबगंज में एक जनसभा में प्रधानमंत्री के खिलाफ यह टिप्पणी की थी। भाजपा की साहिबगंज इकाई ने बुधवार को इस्लाम के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। झामुमो ने कहा कि पार्टी किसी नेता की ऐसी टिप्पणी का समर्थन नहीं करती।

संप्रग सरकार की तुलना में भाजपा शासन के दौरान ईडी की तलाशी, जब्ती, दोषसिद्धि में तेज वृद्धि हुई

नई दिल्ली। धन शोधन रोधी कानून के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के मामलों में 2014 से पहले के नौ वर्षों की तुलना में पिछले 10 साल में 86 गुना वृद्धि हुई है। पिछली समान अवधि की तुलना में गिरफ्तारी और संपत्तियों की जब्ती लगभग 25 गुना बढ़ गई है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। जुलाई 2005 से मार्च 2014 तक के नौ वर्षों के मुकाबले अप्रैल 2014 से मार्च 2024 के 10 वर्षों के आंकड़ों का पीटीआई-भाषा द्वारा विश्लेषण किया गया। यह विश्लेषण धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत संघीय एजेंसी की कार्वाई में तेजी की एक तस्वीर प्रस्तुत करता है। पीएमएलए को 2002 में लाया गया था और कर चोरी, काले धन की उत्पत्ति और धन शोधन के गंभीर अपराधों की जांच के लिए एक जुलाई 2005 से लागू किया गया था।

विपक्षी दलों का आरोप है कि पिछले दशक के दौरान ईडी की कार्वाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की अपने प्रतिद्वंद्वियों और अन्य के खिलाफ दमनकारी रणनीति का हिस्सा है। वहीं, केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ दल ने कहा है कि ईडी स्वतंत्र है, इसकी जांच तथ्यों पर आधारित है और उसे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्वाई करने का अधिकार प्राप्त है। आंकड़ों से पता चलता है कि ईडी ने पिछले 10 वर्षों के दौरान पीएमएलए के 5,155 मामले दर्ज किए, जबकि पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल (2005-14) के दौरान कुल 1,797 शिकायतें या प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर या एफआईआर) दर्ज की गईं। इस तरह दोनों अवधि की तुलना करने पर पता चलता है कि मामलों में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि पहली बार 2014 के वित्तीय वर्ष में पीएमएलए के तहत किसी को दोषी ठहराया गया और अब तक 63 लोगों को धन शोधन रोधी कानून के तहत दंडित किया गया है।

ईडी ने 2014-2024 की अवधि के दौरान देश भर में धन शोधन मामलों में 7,264 छापे मारे, जबकि इससे पिछली अवधि में यह आंकड़ा केवल 84 था। इस तरह छापेमारी के मामलों में 86 गुना वृद्धि हुई। आंकड़ों में कहा गया है कि पिछले दशक के दौरान कुल 755 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 1,21,618 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई, जबकि पूर्व की तुलनात्मक अवधि के दौरान क्रमशः 29 गिरफ्तारियां और 5,086.43 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई थी। गिरफ्तारियां 26 गुना ज्यादा हुई हैं, जबकि संपत्तियों की जब्ती से जुड़े आंकड़े 24 गुना ज्यादा हैं। ईडी ने पिछले दशक के दौरान विभिन्न प्रकार की अचल और चल संपत्तियों के लिए 1,971 अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए, जबकि पिछली तुलनात्मक अवधि में ऐसे 311 आदेश जारी किए गए थे।

पीएमएलए के निर्णायक प्राधिकरण से 2014-24 के दौरान लगभग 84 प्रतिशत कुर्की आदेशों की पुष्टि हुई, जबकि पिछली तुलनात्मक अवधि के दौरान उसी प्राधिकरण से 68 प्रतिशत मामलों को मंजूरी दी गई। पिछले दशक में अदालतों के समक्ष 1,281 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि संप्रग सरकार की अवधि के दौरान यह संख्या 102 थी। इस तरह आरोप पत्र दाखिल करने की संख्या में 12 गुना वृद्धि हुई। आंकड़ों से पता चलता है कि ईडी ने विभिन्न अदालतों से 36 मामलों में दोषसिद्धि के आदेश प्राप्त किए, जिससे 63 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया और पिछले दशक के दौरान कुल 73 आरोप पत्रों का निपटारा किया गया।

आंकड़ों के मुताबिक, 2005-14 की अवधि के दौरान किसी भी आरोपी को दोषी करार नहीं दिया गया और न ही धन शोधन रोधी कानून के तहत किसी आरोप पत्र का निपटारा हो पाया। एजेंसी को 15,710.96 करोड़ रुपए की संपत्ति को (पीएमएलए के तहत अपराध की आय के रूप में) जब्त करने की अदालत की अनुमति भी मिल गई और

यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमले में 17 लोगों की मौत

एपी। कीव

रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइल बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमले में दो बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हो गए। चेर्निहाइव राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है। पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से उनके देश को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियां प्रदान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेर्निहाइव हमले के बारे में कहा कि अगर यूक्रेन को पर्याप्त वायु रक्षा उपकरण मिले होते और रूसी आतंक का मुकाबला करने के लिए दुनिया का दृढ़ संकल्प होता, तो ऐसा नहीं होता।

जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में प्रसारित एक साक्षात्कार में पीबीएस को बताया था कि मिसाइल और ड्रोन हमले से बचाव करते हुए यूक्रेन के पास वायु रक्षा मिसाइलें खत्म हो गई हैं। हाल में रूस ने हमले में यूक्रेन के सबसे बड़े बिजली संयंत्रों में से एक को नष्ट कर दिया था।

यूक्रेन के लिए एक विषम तथ्य वाशिंगटन में उस सहायता पैकेज की मंजूरी का रुकना है जिसमें यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने रविवार को कहा कि वह इस सप्ताह पैकेज को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) के अनुसार, यूक्रेन में सैन्य साजो-सामान की तेजी से किल्लत हो रही है।

आईएसडब्ल्यू ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता के प्रावधान में देरी के कारण रूस तेजी से बढ़त बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी सहायता के बिना यूक्रेन युद्ध के मैदान में ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकता। आईएसडब्ल्यू ने कहा कि यूक्रेन को अभी सबसे ज्यादा जरूरत वायु रक्षा प्रणाली और तोपखाने की है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मास्को से लगभग 350 किलोमीटर पूर्व में मोर्दोविया क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया। यह जगह यूक्रेन की सीमा से 700 किलोमीटर दूर है।

मोर्दोविया हमले से लगभग एक घंटे पहले, रूस के नागर विमानन प्राधिकरण ने सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर देश के दो सबसे बड़े शहरों निजनी नोवगोरोद और तातारस्तान के कजान में हवाई अड्डों पर उड़ानें रोक दी थीं।

ईरान के हमले पर कार्वाई का निर्णय ले रहा इजराइल: ब्रिटिश विदेश मंत्री कैमरन

एपी। यरूशलम

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने बुधवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजराइल कार्वाई करने का निर्णय ले रहा है। इस बीच, ईरान ने चेतावनी दी कि उसके क्षेत्र में किसी छोटे से हमले का भी कठोर जवाब दिया जाएगा।

इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कार्वाई कब और कैसे की जाएगी।

गाजा में जारी युद्ध के चलते महीनों की अशांति के बाद नए घटनाक्रम से क्षेत्र में और अधिक अशांति की आशंका उत्पन्न हो गई है।

ईरान के हमले को नाकाम करने में मदद करने वाले इजराइल के सबसे करीबी सहयोगी अमेरिका तथा ब्रिटेन हालात और खराब न होने देने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने वार्षिक सैन्य परेड को संबोधित करते हुए इजराइल को किसी भी जवाबी कार्वाई को लेकर चेतावनी दी। संभवत: इजराइल की जवाबी कार्वाई के डर से इस सैन्य परेड का टेलीविजन पर प्रसारण नहीं किया गया।

ईरान की आधिकारिक इरना समाचार एजेंसी ने रईसी के हवाले से कहा कि शनिवार का हमला एक सीमित हमला था, और अगर ईरान बड़ा हमला करना चाहता तो इजराइल में कुछ भी नहीं बचता।

कैमरन और जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक दोनों बुधवार को शीर्ष अधिकारियों से मिलने के लिए इजराइल में हैं। इजराइल के सबसे करीबी सहयोगियों में शामिल ब्रिटेन और जर्मनी ने संयम बरतने का आग्रह किया है।

कैमरन ने कहा कि यह स्पष्ट है कि इजराइल ईरान के खिलाफ कार्वाई करने का निर्णय ले रहा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह इसे इस तरह अंजाम देगा जो सख्त भी हो और इससे ज्यादा संघर्ष भी न बढ़े।

सुनक ने नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। ऐसा माना जाता है कि नेतन्याहू ने शनिवार को इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व प्रत्यक्ष हमले की स्थिति में ब्रिटेन को उसके मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से मंगलवार शाम को फोन कॉल की जानकारी दी गई।

इसमें बताया गया, प्रधानमंत्री (सुनक) ने कहा कि ईरान ने बहुत खराब तरीके से गलत अनुमान लगाकर कदम उठाया है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ गया है।

अफगानिस्तान में तालिबान ने दो टीवी स्टेशनों पर रोक लगाई

एपी। इस्लामाबाद

तालिबान ने अफगानिस्तान में दो टीवी स्टेशनों का प्रसारण यह कहते हुए रोक दिया है कि वे राष्ट्रीय और इस्लामी मूल्यों को संजोने में विफल रहे हैं।

सूचना मंत्रालय के मीडिया उल्लंघन आयोग के अधिकारी हफीजुल्लाह बराकजई ने कहा कि एक अदालत काबुल स्थित इन दो स्टेशनों की फाइलों की पड़ताल करेगी। अदालत के फैसला सुनाने तक नूर टीवी और बरया टीवी काम नहीं कर सकते। अधिकारी ने कथित उल्लंघन पर कोई और विवरण नहीं दिया।

साल 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद कई पत्रकारों की नौकरी चली गई है और मीडिया प्रतिष्ठान धन की कमी के कारण बंद हो गए हैं या इनके कर्मचारियों ने देश छोड़ दिया है।

भारत और पाकिस्तान से बातचीत के जरिए समाधान निकालने को कहा: अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने आतंकवादियों को मारने के लिए सीमा पार करने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कथित बयानों पर कहा कि अमेरिका इस मसले में बीच में नहीं पड़ेगा लेकिन उसने भारत और पाकिस्तान को तनाव बढ़ाने से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का अनुरोध किया है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। उनसे आतंकवादियों के सफाए के लिए अन्य देशों में भारत के कथित अभियानों के बारे में प्रश्न पूछा गया था।

यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी और सिंह की टिप्पणियों को कनाडा में (खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह) निज्जर की कथित हत्या, (घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह) पन्नू की न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश और पाकिस्तान में हत्याओं के संदर्भ में इकबालिया बयान के रूप में देखा जा सकता है, इसपर मिलर ने कहा कि अमेरिका इस मसले में नहीं पड़ेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका इसमें नहीं पड़ेगा लेकिन हम भारत और पाकिस्तान दोनों को तनाव से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का आग्रह करते हैं।

अमेरिका ने इस मामले में भारत पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में विचार क्यों नहीं किया, इस प्रश्न के उत्तर में मिलर ने कहा, मैं प्रतिबंधों के बारे में कुछ नहीं कहूंगा। अगर आप प्रतिबंधों के बारे में मुझसे पूछते हैं तो मेरा जवाब है कि हम इस पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करते....।

दरअसल इस महीने की शुरुआत में रक्षा मंत्री सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के दृढ़ रुख का जिक्र करते हुए कहा था कि यदि आतंकवादी भारत में शांति भंग करने या आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा और अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं तो भारत पड़ोसी देश में घुस कर उन्हें मारेगा।

हाल ही में ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने अपनी एक खबर में कहा था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति कठोर रुख अपनाते हुए पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं हैं। रक्षा मंत्री से इसी संबंध में प्रश्न किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए कथित तौर पर इसी प्रकार की कार्वाई की बात कई बार दोहराई है।

ब्रिटेन में धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने को लेकर पहली संसदीय बाधा पार

एपी। लंदन

ब्रिटिश सरकार की धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने संबंधी योजना के संबंध में मंगलवार को संसद में पहली बाधा पार हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को 15 वर्ष और उससे कम उम्र के किसी भी व्यक्ति के लिए धूम्रपान पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने संबंधी योजना के खिलाफ अपनी ही कंजर्वेटिव पार्टी के मुखर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सुनक ने पिछले साल तंबाकू और वेप्स विधेयक का प्रस्ताव रखा था।

इस विधेयक के तहत एक जनवरी, 2009 के बाद जन्मे किसी भी व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचना अवैध हो जाएगा। विधेयक को संसद से मंजूरी मिलने पर यह नया कानून दुनिया के कुछ सबसे सख्त धूम्रपान विरोधी कानूनों में से एक होगा। तंबाकू और वेप्स विधेयक के तहत, इस साल 15 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों को कानूनी तौर पर कभी भी तम्बाकू नहीं बेचा जाएगा। इस कानून के लागू होने के बाद इंग्लैंड में सिगरेट की बिक्री की कानूनी उम्र हर साल उस वक्त तक एक साल बढ़ाई जाएगी, जब तक कि यह अंतत: पूरी आबादी के लिए अवैध न हो जाए।

वर्तमान में पूरे ब्रिटेन में 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को सिगरेट या तंबाकू उत्पाद और वेप्स बेचना गैरकानूनी है। मंगलवार देर रात विधेयक पर चर्चा के बाद 383 सांसदों ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि 67 ने इसका विरोध किया। इस तरह इस विधेयक को लेकर पहली संसदीय बाधा पार हो गई।

मुइज्जू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप की लीक हुई रिपोर्ट से मालदीव में विवाद

भाषा। माले

मालदीव में संसदीय चुनाव से ठीक पहले, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 2018 से किए गए कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने के बाद विपक्षी दलों ने मामले की जांच और उन पर महाभियोग की मांग शुरू कर दी है, वहीं राष्ट्रपति ने आरोप को खारिज कर दिया है।

मालदीव में मजलिस (संसद) के लिए रविवार को चुनाव होने हैं और मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है।

स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया है कि देश में राजनीतिक तूफान सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक गुमनाम हैंडल हसन कुरुसी द्वारा एक किए गए एक पोस्ट से शुरू हुआ। पोस्ट में मालदीव पुलिस सेवा और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण की वित्तीय खुफिया इकाई द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों सहित खुफिया रिपोर्ट लीक कर दी गई, जो कथित तौर पर राष्ट्रपति मुइज्जू से संबंधित है।

समाचार पोर्टल मालदीव रिपब्लिक के अनुसार 2018 की इन रिपोर्ट में राष्ट्रपति मुइज्जू के निजी बैंक खाते में धन अंतरण में अनियमितताओं का दावा किया गया है। रिपोर्ट में वित्तीय कदाचार के 10 महत्वपूर्ण संकेतकों को रेखांकित किया गया है। समाचार पोर्टल ने कहा कि इन संकेतकों से राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के साथ संलिप्तता, गबन, रकम के लेनदेन को छिपाने के लिए कॉर्पोरेट संस्थाओं के उपयोग आदि का पता लगता है।

इन आरोपों से देश में राजनीतिक तूफान पैदा हो गया और विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिक्रियाएं आने लगीं। मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी और पीपुल्स नेशनल फ्रंट ने पूरे मामले की जांच की मांग की। पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद जमील अहमद ने लीक हुई खुफिया रिपोर्ट के बाद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने की मांग की।

समाचार पोर्टल ने दावा किया कि पहली बार वित्तीय खुफिया इकाई की रिपोर्ट लीक हुई है। उसने कहा कि रिपोर्ट या आरोपों की वैधता के संबंध में सरकारी निकायों की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। मुइज्जू ने मंगलवार देर रात भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष उन्हें फंसाने की कितनी भी कोशिश करे, उसे कामयाबी नहीं मिलेगी क्योंकि उन्होंने कोई गलती नहीं की है।

खराब मौसम के कारण पाकिस्तान में मृतकों की संख्या 63 हुई

एपी। पेशावर

पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इसके साथ ही पिछले चार दिनों से जारी बेहद खराब मौसम के कारण कम से कम 63 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता खुर्शीद अनवर ने बताया कि ज्यादातर मौतें पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। प्रांत में इमारत के ढहने से 32 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 15 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल थीं। अनवर ने बताया कि उत्तर पश्चिम में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और 1370 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बिजली गिरने और मकान ढहने की घटनाओं में 21 लोगों की मौत गई जबकि बलूचिस्तान में 10 लोगों की मौत की खबर है। अधिकारियों ने अचानक आई बाढ़ के बाद आपात स्थिति की घोषणा कर दी है। बलूचिस्तान में बुधवार को भी बचाव और राहत कार्य जारी है हालांकि बारिश का खतरा अभी भी बना हुआ है।

पाकिस्तान मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी जहीर अहमद बाबर ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण अप्रैल के महीने में पाकिस्तान में भारी बारिश हो रही है।

इजराइल में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बैठक की

भाषा। यरूशलम

भारत में संसदीय चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले, इजराइल में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों ने पार्टी की चुनावी संभावनाओं को मजबूत बनाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की खातिर यहां बैठक की।

वंदे मातरम और अबकी बार 400 पार जैसे नारों के बीच इजराइल में ओएफबीजेपी के लगभग 80 सदस्यों ने मंगलवार शाम बैठक की। यह बैठक उत्तरी इज़राइल के तटीय शहर हर्जलिया में प्रवासी भारतीय पुरस्कार विजेता रीना पुष्करणा के रेस्तरां में हुई।

बैठक में, पिछले 10 साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया गया। इनमें संविधान की धारा 370 को निरस्त करना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) प्रमुख थे।

सभा के दौरान वंदे मातरम, अबकी बार 400 पार , फिर एक बार मोदी सरकार और जय श्री राम के नारे लगाए गए। बैठक में सदस्यों को भारत में अपने रिश्तेदारों और मित्रों के साथ संवाद करने के लिए कहा गया ताकि उन्हें भाजपा को मत देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और 400 संसदीय सीट पर जीत का लक्ष्य हासिल करने में उसे मदद दी जा सके।

पुष्करणा इजराइल में ओएफबीजेपी की अध्यक्ष हैं। उन्हें प्रवासी भारतीय पुरस्कार और भारत-इजराइल संबंधों को मजबूत करने में उनकी दशकों की सेवा के लिए बधाई दी गई। उन्होंने पीटीआई से कहा कि संगठन अगले सप्ताह इजराइल में एक रैली की योजना बना रहा है।

सभा में कई नई योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई जिन्हें मोदी सरकार शुरू करने की योजना बना रही है।

पाकिस्तान अदालत ने दो संसदीय सीटों पर निर्वाचन रद्द किया

भाषा। लाहौर

पाकिस्तान में लाहौर उच्च न्यायालय की अलग-अलग पीठों ने पंजाब प्रांत की दो संसदीय सीटों - गुजरांवाला और लोधरान से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) के दो उम्मीदवारों की नेशनल असेंबली में हुई जीत की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। इस तरह पार्टी ने दोनों सीटों को गंवा दिया है। डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शाहिद करीम ने नेशनल असेंबली-81 (गुजरांवाला) से जीते अजहर कय्यूम नाहरा के खिलाफ एक आदेश पारित किया।

न्यायाधीश ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पीटीआई द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चौधरी बिलाल इजाज की याचिका पर यह फैसला सुनाया। इजाज के वकील ने मंगलवार को दलील दी कि उनके मुवक्किल को शुरू में 7,791 वोटों से निर्वाचित घोषित किया गया था, लेकिन पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने प्रतिवादी नाहरा के अनुरोध पर दोबारा गिनती में उन्हें (नाहरा) 3,100 वोटों के अंतर से विजई घोषित कर दिया।

भीषण लू के कारण आंग सान सू ची को जेल से घर पर नजरबंदी में भेजा गया: म्यांमा

एपी। बैंकाक

म्यांमा की सैन्य सरकार ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को भीषण लू के बीच स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जेल से स्थानांतरित करके घर में नजरबंदी में रखा गया है।

सैन्य सरकार ने पारंपरिक नववर्ष के दौरान इस सप्ताह तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दी है।

सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल जनरल ज़ॉ मिन तुन ने मंगलवार देर रात विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों को बताया कि सू ची (78) और उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति रहे विन मिंट (72) उन बुजुर्ग कैदियों में शामिल हैं जिन्हें तेज गर्मी के कारण जेल से घर में नजरबंदी में रखा गया है। हालांकि इस कदम के बारे में म्यांमा में सार्वजनिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है।

सू ची को घर में नजरबंद रखने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया गया है जब सेना को लोकतंत्र समर्थकों और उनके जातीय अल्पसंख्यक गुरिल्ला बलों से लड़ाई में बड़ी हार का सामना करना पड़ रहा है।

म्यांमा में 2021 में सेना ने निर्वाचित सरकार को बेदखल कर सत्ता अपने हाथ में ले ली और सू ची को कैद कर लिया था। सेना के इस कदम के बाद देशभर में प्रदर्शन हुए थे जिसमें सेना ने लोकतंत्र व्यवस्था बहाल करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही जनता के खिलाफ बलपूर्वक कार्वाई की थी।

देश की नेता सू ची राजधानी नेपीताव में मुख्य जेल के विशेष रूप से निर्मित प्रकोष्ठ में विभिन्न मामलों में 27 साल की जेल की सजा काट रही हैं। म्यांमा के मौसम विभाग ने कहा कि राजधानी में मंगलवार दोपहर को तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पूर्व राष्ट्रपति विन मिंट म्यांमा के बागो क्षेत्र के ताउंगू में आठ साल की जेल की सजा काट रहे हैं।

ऐसी खबरें भी आई हैं कि जेल में सू ची की तबियत बिगड़ रही है। पिछले वर्ष सितंबर में भी खबरें मिलीं कि सू ची को निम्न रक्तचाप की शिकायत है, उन्हें भूख नहीं लग रही और चक्कर आते हैं लेकिन उन्हें कारागार प्रणाली से इतर, बाहर से किसी भी तरह की इलाज की सुविधा मुहैया कराने से मना कर दिया गया था। हालांकि इन खबरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी।

लंदन में रहने वाले सू ची के छोटे बेटे किम एरिस ने एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने सुना है कि उनकी मां बेहद बीमार हैं, उन्हें मसूड़ों में दिक्कत है और वह कुछ खा-पी नहीं पा रही हैं।

एरिस लंदन में रहते हैं। उन्होंने कहा था कि म्यांमा की सैन्य सरकार पर उनकी मां और अन्य राजनीतिक कैदियों को रिहा करने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए।

भारत में यकीनन यह मोदी युग है: अमेरिकी स्तंभकार सदानंद धूमे

भाषा। वाशिंगटन

दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है और वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट से जुड़े सदानंद धूमे ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही।

धूमे ने कहा कि भारत में यह मोदी युग है।

उन्होंने कहा, भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है...।

उन्होंने कहा, आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केन्द्र में हैं। अगर आप इंदिरा गांधी के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो राष्ट्रीय चर्चा में इस तरह से केन्द्र में रहा हो।

धूमे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा काम किया है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता काफी ऊंची बनी हुई है। यदि आप सर्वेक्षणों को देखें, तो यह 80ञ के आसपास है जो विश्व नेताओं के लिए यदि उच्चतम नहीं तो सबसे अधिक

में से एक है। एक बात यह भी है कि कई मायनों में विपक्ष वास्तव में ध्वस्त हो गया है। पहले 2014 में और फिर 2019 में कांग्रेस लगातार दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद फिर से संभल नहीं हो पाई है।

धूमे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल एक शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। यदि आप 60, 70, 80 के दशक को देखें, तो उस पर कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब उस पर भाजपा का प्रभुत्व है, उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था।

उनका कहना था, भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपना उत्तराधिकारी नेतृत्व तैयार करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बना पाई है, जैसा कि दुनिया भर में सफल राजनीतिक दलों ने किया है। अमेरिका में चाहे वह लेबर पार्टी हो या कंजर्वेटिव पार्टी या डेमोक्रेटिक पार्टी। जब आप चुनाव हारते हैं तो आम तौर पर आपको नया नेतृत्व मिल जाता है।

धूमे ने कहा, लेकिन कांग्रेस नहीं जानती कि यह कैसे करना है क्योंकि यह एक परिवार संचालित पार्टी बन गई है।

भारत के संसदीय चुनाव पिछले कुछ समय की तुलना में सबसे महत्वपूर्ण होंगे: अमेरिकी प्रोफेसर

भाषा। वाशिंगटन

भारतीय मूल के एक प्रतिष्ठित अमेरिकी प्रोफेसर ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में इस सप्ताह शुरू होने वाले संसदीय चुनाव पिछले कुछ समय की तुलना में सबसे महत्वपूर्ण चुनाव होंगे।

जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना थोड़ी ज्यादौ लगती है, लेकिन कर अधिकारियों का उपयोग करके नेताओं को निशाना बनाने के मामलों की अधिक पड़ताल की जरूरत है। प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति विषय के प्रोफेसर हमाद बिन खलीफा अल सानी नूरुद्दीन ने कहा, पिछले कुछ समय की तुलना में ए चुनाव हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। एक ओर, आपके पास एक बहुमत वाली सरकार है जो अपने बहुमत का विस्तार करना चाह रही है, लेकिन इससे भारत के साथ-साथ विदेश में भी इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि भारत को लोकतांत्रिक पतन, विरोध जताने को लेकर डर, धमकी, विशेष रूप से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसी चर्चित हस्ती की गिरफ्तारी और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर चिंता का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, लेकिन अंतत: यह चुनाव भारतीय लोगों के लिए है। और मुझे लगता है कि दुनिया की नजरें मतदान की दर और इस बात पर रहेंगी कि चुनाव कितने प्रतिस्पर्धी हैं ताकि परिणाम चाहे जो भी हो, भारत के लोकतंत्र में विश्वास एक बार फिर से बहाल हो सके।

नूरुद्दीन ने कहा, भारत में लोकतंत्र के बारे में चिंताएं कुछ ज्यादा ही बढ़ी हुई लगती हैं क्योंकि इस समय हमारे पास अब भी एक प्रतिस्पर्धी पार्टी परिदृश्य है, जिसमें कई पार्टियां काफी स्वतंत्र रूप से सरकार की आलोचना कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का हिस्सा है। प्रोफेसर ने कहा, दूसरी ओर, मुझे लगता है कि विशेष रूप से कुछ खास राजनेताओं और सार्वजनिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए कर अधिकारियों के उपयोग के बारे में चिंता एक ऐसी चीज है जिसकी अधिक पड़ताल की आवश्यकता है।

टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में नए चेहरों की संभावना नहीं

भाषा। नई दिल्ली

अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए इस महीने के अंत तक जब भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया जाएगा तो इसमें आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले किसी नए खिलाड़ी को चुने जाने की संभावना नहीं है लेकिन कुछ परखे हुए क्रिकेटरों को निराशा का सामना करना पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अस्थाई 15 सदस्ईय टीम घोषित करने के लिए एक मई की तारीख तय की है जिससे अजीत अगरकर और उनके साथियों को टीम के प्रत्एक सदस्य के फिट होने की स्थिति में कुछ स्पष्ट विकल्प चुनने होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, इसके लिए कोई प्रयोग या फिर मैदान के प्रदर्शन से चयन नहीं होगा। भारत के लिए जो खिलाड़ी खेलते हैं और जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय तथा आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें चुना जाएगा। इससे साफ लगता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से कोई एक टीम में जगह बनाने से चूक सकता है लेकिन अगर अंतिम एकादश में दोनों को चुना जाता है तो फिर दो फिनिशर रिंकू सिंह और शिवम दुबे में से किसी एक को ही जगह मिल सकती है। वहीं दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए भी फैसला करीबी हो सकता है जिसमें संजू सैमसन को जितेश शर्मा, केएल राहुल और ईशान किशन से प्रतिस्पर्धा मिलेगी। राहुल और किशन शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और इस आईपीएल में इन दोनों ने अभी तक मध्यक्रम में बल्लेबाजी का प्रयास नहीं किया है जिससे चयनकर्ताओं के लिए निचले क्रम में उनके प्रदर्शन का विश्लेषण करना मुश्किल होगा। हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी फिटनेस हालांकि चिंता का विषय बनी हुई लेकिन उनके चयन को लेकर कोई संदेह नहीं दिखता। उन्हीं की तरह विराट कोहली को शामिल करने पर भी कोई संदेह नहीं है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव का चयन निश्चित है। ए 10 खिलाड़ी अगर



फिट हैं तो निश्चित रूप अमेरिका की उड़ान भरेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सिराज को आराम दिया है क्योंकि वह लगातार खेल रहे हैं और उनके कार्यभार प्रबंधन की जरूरत है। गिल और जायसवाल के बीच में चयन की बात की जाए तो इनमें से गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने ज्यादा रन जुटाए हैं। लेकिन जायसवाल की बात की जाए तो चयन समिति आईपीएल में उनके कुछ कम स्कोर को देखते हुए उनकी अनदेखी नहीं कर सकती। साथ ही वह शीर्ष चार में केवल एकमात्र बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं जो अच्छी चीज है। लेकिन अगर गिल लगातार रन बनाते रहते हैं तो चीजें काफी मुश्किल हो जाएंगी। वर्ना चयनकर्ता दोनों को शामिल कर सकते हैं तथा शिवम और रिंकू में से किसी एक को बाहर कर सकते हैं। रिजर्व स्पिनर के स्थान के लिए तीन क्रिकेटरों में प्रतिद्वंद्विता होगी जिसमें अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई शामिल हैं। अक्षर जहां बाएं हाथ के स्पिनर हैं तो उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। चहल ने अपने नौ साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में अभी तक एक भी टी20 विश्व कप नहीं खेला है, लेकिन वह गेंदबाजी कौशल में अन्य दोनों से कहीं आगे हैं। लेकिन बार बार महत्वपूर्ण टीम से उन्हें बाहर किया जाना जून में होने वाले टूर्नामेंट में उनके चयन पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

एक पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और अब प्रसारक ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर दिलचस्प जानकारी देते हुए कहा कि यह नियम टीम चयन में नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा, एक शानदार 12 खिलाड़ियों की टीम के क्रिकेट मुकाबले का यह इम्पैक्ट प्लेयर नियम आईपीएल के दर्शकों के लिए बहुत ही अच्छा है लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए यह नुकसानदायक है। इसने आलराउंडर की भूमिका को खत्म कर दिया है इसलिए आधे फिट हार्दिक पंड्या भी काफी अहम है क्योंकि वह गेंदबाजी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर यह नियम नहीं होता तो चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी (रुतुराज गायकवाड़ नहीं) बतौर कप्तान दुबे को गेंदबाजी नहीं कराने का जोखिम उठा सकते थे? चयनकर्ताओं को दुबे की गेंदबाजी फॉर्म नहीं पता। उन्होंने कहा, इसी तरह राहुल तेवतिया जैसा खिलाड़ी अच्छा फिनिशर होने के बावजूद दौड़ में नहीं है जबकि वह अच्छा लेग ब्रेक गेंदबाज भी है। वह इस नियम के कारण अब गेंदबाजी नहीं करता। इससे किसका नुकसान है? राष्ट्रीय टीम का ही ना। रियान पराग, मयंक यादव, अभिषेक शर्मा और हर्षित राणा जैसे सभी नए खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन पता चला है कि चयन समिति उन्हें विश्व टी20 जैसे उच्च स्तर के टूर्नामेंट में परखने के बजाय द्विपक्षीय क्रिकेट से ही सहज बनाने की प्रक्रिया का अनुकरण करेगी। जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद की दो श्रृंखला होंगी जिसमें ए युवा खिलाड़ी भारत के लिए पदार्पण की कतार में होंगे। नीतिश रेड्डी गेंदबाजी आलराउंडर हैं, वह पिछले साल श्रीलंका का दौरा करने वाली इंडिया इमर्जिंग टीम का हिस्सा थे। वह भी इसी राह पर चल सकते हैं।यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बीसीसीआई मयंक यादव, हर्षित राणा और आकाश मधवाल जैसे खिलाड़ियों को नेट गेंदबाज के तौर पर ले जाती है या नहीं क्योंकि इससे उन्हें अच्छा मौका मिलेगा।

दौड़ में शामिल संभावित खिलाड़ी

विशेषज्ञ बल्लेबाज (6): रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह आलराउंडर (4): हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल। विशेषज्ञ स्पिनर (3): कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई। विकेटकीपर बल्लेबाज (3): ऋषभ पंत, केएल राहुल और संजू सैमसन।तेज गेंदबाज (4): जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और आवेश खान।

दिल्ली ने गुजरात को 6 विकेट से हराया

पंत और गेंदबाज चमके 8.5 ओवर में हासिल कर ली जीत, लीग में गुजरात का यह सबसे छोटा स्कोर

भाषा। अहमदाबाद

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था। पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने

अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किए।गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 24 गेंद में 31 रन बनाए जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया।दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलाई।यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गए। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया। चोटिल डेविड वार्नर की जगह खेल रहे सुमित कुमार ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर सीधे थ्रो से सुदर्शन को रन आउट कर दिया। तीन विकेट लेने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अच्छी लय में आ गए और कप्तान पंत ने भी दो कैच और दो स्टंप आउट कर उदाहरण पेश किया। पंत ने इशांत की गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर (02) का कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को चौथा झटका दिया। पांच ओवर के बाद घरेलू टीम का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। इशांत ने मिलर को बाईं ओर के कोण लेती गेंद फेंकी जिस पर पंत ने कैच लिया लेकिन जोरदार अपील के बावजूद अंपायरों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

पंत ने हालांकि रिव्यू करने का फैसला किया और अल्ट्राएज में पता चला कि मिलर ने बल्ला गेंद से छुआया था। इसके बाद गुजरात टाइटन्स की मुसीबत बढ़ती ही जा रही थी। पंत ने स्टब्स को गेंदबाजी के लिए लगाया जिन्होंने पहले अभिनव मनोहर को और फिर शाहरूख खान को आउट किया। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद राहुल तेवतिया के पैड पर लगी और इस गेंदबाज की अपील के बाद अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी।

टाइम पत्रिका में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल हैं पहलवान साक्षी मलिक

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को टाइम पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गई है। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं। साक्षी ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के साथ यहां जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी।

हमें अपनी गलतियों से सीखना होगा: श्रेयस

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 223 रन के स्कोर का बचाव करने में नाकाम रहने के बाद कहा कि उनकी टीम को गलतियों से सीखना होगा और मजबूत वापसी करनी होगी।नाइट राइडर्स के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम 13वें ओवर में छह विकेट पर 121 रन बनाकर संकट में थी लेकिन जोस बटलर (60 गेंद में नाबाद 107 रन, नौ चौके, छह छक्के) के नाबाद शतक से अंतिम गेंद पर आठ विकेट पर 224 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।सुनील नारायण ने इससे पहले ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंद में छह छक्कों और 13 चौकों से 109 रन की पारी खेली जिससे नाइट राइडर्स ने छह विकेट पर 223 रन बनाए। अय्यर ने मैच के बाद कहा, जो हुआ उसे समझाना मुश्किल है, इसका सामना करना होगा और आगे बढ़ना होगा।

रिंकू ने विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के रूप में नारायण की सफलता का श्रेय गंभीर को दिया

कोलकाता। रिंकू सिंह का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना मास्टरस्ट्रोक (चीजें बदलने वाला कदम) साबित हुआ है और वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी को ऊपरी क्रम में भेजने का श्रेय टीम के मार्गदर्शक गौतम गंभीर को जाना चाहिए।नारायण ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंद में 109 रन बनाकर अपना पहला टी20 शतक बनाया। मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर उनकी फॉर्म उल्लेखनीय रही है। उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पिछले तीन सत्र में केवल 154 रन बनाए थे जबकि इस सत्र में बतौर सलामी बल्लेबाज छह मैच में 276 रन बना चुके है।ईडन गार्डन्स में यादगार शतक बनाने के बाद नारायण ने 2017 के बाद पहली बार पारी का आगाज करने का मौका देने के लिए पूर्व कप्तान गंभीर को श्रेय दिया।

दर्शकों का बर्ताव हार्दिक पंड्या को प्रेरित ही करेगा: श्रेयस गोपाल

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दर्शकों से लगातार हूटिंग का सामना करना पड़ रहा है और बुधवार को उनके साथी श्रेयस गोपाल ने कहा कि इससे वह प्रेरित ही होंगे और मजबूती से वापसी कर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पंड्या को आईपीएल 2024 के लिए मुंबई इंडियंस का कप्तान घोषित किया गया जिससे उन्होंने खेल प्रेमियों के पसंदीदा रोहित शर्मा की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी को पांच ट्राफियां दिलाई। यह चीज खेल प्रेमियों को नागवार गुजरी और उन्होंने सभी स्टेडियमों में पंड्या की हूटिंग कर अपनी निराशा व्यक्त की।

गोपाल ने अपने मित्र पंड्या के बारे में कहा कि मुंबई इंडियंस का यह कप्तान मानसिक रूप से बहुत मजबूत है जिससे वह दर्शकों के व्यवहार से घबराता नहीं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में गोपाल ने कहा, मैं हार्दिक को एक दशक से जानता हूं और उसमें ज्यादा कुछ नहीं बदला है। वह मजबूत खिलाड़ी है और इस तरह की चीज उसे प्रेरित ही करेगी।

अपने आईपीएल अभियान को पटरी पर लाने के इरादे से उतरेंगे पंजाब और मुंबई

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे।छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक है। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है। पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है।पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए है। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण सात से 10 दिन के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ए दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है।प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है। वह छह मैच में 19.83 की औसत से 119 रन ही बना पाए हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के लिए भी यही कहा जा सकता है। विश्व कप टीम के लिए चयन निकट आने के साथ जितेश अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित होंगे जो अब तक छह मैच में 17.66 की औसत से मात्र 106 रन बना सके हैं।पंजाब को

सैम कुरेन (126 रन और आठ विकेट) और कागिसो रबादा (नौ विकेट) की अपनी विदेशी गेंदबाजी जोड़ी के लिए अधिक समर्थन ढूंढना होगा। अर्शदीप सिंह (नौ विकेट) और हर्षल पटेल (सात विकेट) की भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी बल्लेबाजों के लिए आसान शिकार रही है। मुंबई इंडियंस को पता है कि उनके पास स्थिति को पलटने के लिए पर्याप्त क्षमता है लेकिन उन्हें लगातार एकजुट होकर प्रदर्शन करने की जरूरत है।

पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स के लिए 10 मी एयर पिस्टल निशानेबाजों की सूची में

नई दिल्ली। रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी। पलक ने रियो में कांस्य पदक के साथ देश के लिए 20वां ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

मनिका, श्रीजा आईटीटीएफ विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर

नई दिल्ली। भारत की अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला बुधवार को मकाऊ के गैलेक्सी एरेना में आईटीटीएफ विश्व कप में क्रमशः चीन की वांग मन्यु और गत चैंपियन चेन मेंग के खिलाफ दूसरे दौर के ग्रुप चरण में हारकर बाहर हो गईं। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज श्रीजा मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज खिलाड़ी से 1-3 (4-11 4-11 15-13 2-11) से हार गईं। वह ग्रुप चार में मेंग के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। मनिका भी दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी के खिलाफ 0-4 (6-11 4-11 9-11 4-11) से हारकर दूसरे स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इससे पहले मंगलवार को अपने-अपने पहले दौर के ग्रुप चरण के मैच जीते थे।पुरुष और महिला एकल वर्ग में 16-16 ग्रुप है। ग्रुप चरण में चार मैच होते है। इसमें जीत और हार का अनुपात अंतिम रैंकिंग निर्धारित करता है। इसी रैंकिंग के आधार पर खिलाड़ी नॉकआउट दौर में जगह बनाते है।

अब से हर अभ्यास सत्र अहम

ओलंपिक के 100 दिनों की उलटी गिनती पर हरमनप्रीत ने कहा

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे है और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जाएगा। तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने तोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते है। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे है। एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक में केवल 100 दिन बचे है और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। भारतीय कप्तान ने कहा, स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता लगातार बढ़ रही है।

एटलेटिको को हराकर डोर्टमंड चैंपियन्स लीग के सेमीफाइनल में

डोर्टमंड (जर्मनी)> मार्सेल सेबिटजर ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे बोरुसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां एटलेटिको मैड्रिड को दूसरे चरण के मुकाबले में हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड में पहले चरण का मुकाबला 1-2 से गंवाने के बाद डोर्टमंड ने दूसरे चरण का मुकाबला 4-2 से जीता और कुल 5-4 से स्कोर से दो चरण का मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहा। जूलियन ब्रेंट ने डोर्टमंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद सेबिटजर के पास पर मियान मैटसन ने गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया।एटलेटिको के कोच डिएगो सिमियोन ने मध्यांतर के समय तीन बदलाव किए।

कैंडिडेट्स शतरंज: करूआना से भिड़ेंगे गुकेश प्रज्ञानानंदा का सामना होगा नाकमुरा से

टोरंटो। रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे जबकि आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों गुकेश और प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है। विदित गुजराती ने भी मुकाबले में खुद को बनाए रखा है और उन्हें बस थोड़ा बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे के ध्वज तले खेल रहे नेपामनियाची टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अगले दो दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से निपटना है। अगले दौर में विदित और नेपामनियाची आमने-सामने होंगे जबकि इसके बाद रूस के खिलाड़ी को प्रज्ञानानंदा से भिड़ना है। ए दो मैच संभवत: टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। गुकेश के लिए करूआना के खिलाफ मुकाबला महत्वपूर्ण होगा क्योंकि भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेलेगा। इतालवी अमेरिकी करूआना लगातार छठी बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन उन्होंने इसे केवल एक बार जीता है।

दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

बार्सीलोना (स्पेन)। एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे के क्लब के साथ आखिरी सत्र में टीम की पहले यूरोपीय खिताब की उम्मीद बरकरार है।बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बार्सीलोना को 12वें मिनट में रफिन्हा ने बढ़त दिलाई जिसके बाद 40वें मिनट में ओसमाने डेम्बेले ने स्कोर 1-1 कर दिया। विटिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके पीएसजी को 2-1 से आगे किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5 बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।